गौरवशाली परम्परा का 107वां वर्ष

आज

आज मात्र 4.00 रुपया

website :- www.ajhindidaily.com | यहां भी पढ़ें :-निःशुल्क ई पेपर सब्सक्राइब | For e-Paper :- www.ajhindidaily.com

बरेली, शनिवार 14 नवम्बर 2026 | उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड तथा उत्तराखण्ड से प्रकाशित | महानगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य 4 रुपया

मुख्यमंत्री को पहले कैसे पता चला कि 1.27 करोड़ हिंदू वोटर कटे

लखनऊ (आससे)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यूपी के सीएम को पहले से ही पता चल जाता है कि वोट कैसे कट जाता है। अखिलेश यादव ने कहा मैं इसलिए ऐसे



अखिलेश का योगी पर कसा तंज

बोल रहा हूं कि उनको कैसे जानकारी हो गयी कि एक करोड़ 27 लाख वोटर कट गये। उन्होंने कहा कि अगर वास्तव में 1.27 करोड़ हिंदू मतदाताओं के नाम गायब हैं तो भाजपा की यह बैठक इसी वजह से हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उन वोटों को लेकर रणनीति बना रही है, जो लोगों के दूसरे स्थानों पर चले जाने या फर्जी नाम दर्ज होने के कारण मतदाता सूची से हटाये गये हैं। अखिलेश ने दावा किया कि भाजपा मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत दूसरे राज्यों से लोगों को लाकर मतदाता बनवाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके लिए ऐसे लोगों को शामिल करने की योजना बनायी जा रही है, जिनका नाम पहले से पंजीकृत नहीं है। सपा अध्यक्ष ने भाजपा की बैठक और मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर पार्टी की रणनीति पर सवाल उठाये। सपा अध्यक्ष ने एक्स पर पोस्ट कर चंद्रशेखर-आवैसी गठबंधन पर कहा था कि पीडीए समाज की आवाज उठाने वाले हर दल का करेंगे ।

असम : बस-ट्रक भिड़ंत में 24 की मौत

तेज रफ्तार बनी काल, मृतकों में ज्यादातर छात्र शामिल

कांजीरंगा । असम के काजीरंगा में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार मिनी बस और कंटेनर ट्रक में आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में 24 लोगों की मौत हो गई। असम के मंत्री और बोकाखाट से विधायक अतुल बोरा ने इसकी जानकारी दी है। टक्कर के बाद मिनी बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए। रेस्क्यू टीम ने बस काटकर शवों को बाहर निकाला। बस में कुल कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है। लोकल मीडिया के



मिनी बसके कट चुके थे बारहसे अधिक चालान

मुताबिक, हादसे का शिकार हुई गाड़ी के 12 चालान कट चुके थे। इनमें से 38,500 रुपए का जुर्माना भरा जा चुका था, जबकि 4,000 रुपए का एक चालान अब भी बकाया था। कमर्शियल गाड़ी की ओवरस्पीडिंग पर यह जुर्माना लगता है। गोलाघाट के एसएसपी स्वप्निल डेका ने बताया कि मिनी बस बोकाखाट से नगांव जा रही थी। बस तेज रफ्तार में थी। शुरुआती जांच के मुताबिक, ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया, जिसके बाद बस सामने से आ रहे कंटेनर ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद घायलों को कोहोरा मॉडल अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जोरहाट मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। असम में 5 साल में सड़क हादसों में 15 हजार से ज्यादा मौतें केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, 2020 से 2024 के बीच राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में 15,306 लोगों की मौत हुई। इनमें 2024 में सबसे ज्यादा 3,351 लोगों की जान गई। वहीं, 2023 में 3,296 और 2022 में 2,994 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, इसके बाद की जानकारी नहीं आई है। शुरुआती रिपोर्ट

राहत-बचाव कार्य जारी, बस काटकर निकाले गये शव

के मुताबिक बस में 35 से ज्यादा यात्री सवार थे। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों को कोहोरा माडल अस्पताल ले जाया गया। गंभीर रूप से घायल ज्यादातर लोगों को बोकोखात और गोलाघाट के अस्पतालों में भेजा गया। कुछ घायलों को जोरहाट मेडिकल कालेज और अस्पताल भी रेफर किया गया। अधिकारी ने बताया कि मरने वालों में दो महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई कालेज के छात्र थे। असम के पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री अतुल बोरा तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

बंगाल में 12 हजार फर्जी लाभार्थियों पर होगी कारवाई

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि पिछली टीएमसी सरकार के दौरान आवास सहायता का कथित तौर पर धोखाधड़ी से लाभ उठाने वाले 12,000 फर्जी लाभार्थियों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ कानूनी कारवाई की जायेगी। मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल के अनुसार, पिछली सरकार की 'बंग्लार बारी' परियोजना के तहत 57,000 फर्जी लाभार्थियों ने अवैध रूप से आवेदन किया था, जिन्हें अब सूची से हटा दिया



लौटाने होंगे आवास योजना के पैसे

गया है। इनमें से 12,000 लोगों की पहचान की गयी है, जिन्हें पैसे मिल गये थे। उनसे यह राशि वापस करने को कहा गया है। उन्होंने एक प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि 1,000 लोगों ने पैसे लौटा दिये हैं। बाकी लोगों से भी ऐसा ही करने को कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि पिछली सरकार के दौरान हुए कथित संस्थागत भ्रष्टाचार की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। हम सीआईडी जांच भी शुरू करेंगे। टीएमसी सरकार पर गरीबों के लिए बनी ग्रामीण आवास योजना का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाते हुए अधिकारी ने कहा कि उन्होंने झूठा दावा किया था कि अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो उनकी बंग्लार बारी परियोजना के तहत आने वाले 18-19 लाख लोगों को पैसे नहीं मिलेंगे।

भारत को जानना है तो योग को समझें-प्रधानमंत्री

एच.वी. शेषाद्रि की जन्मशताब्दी समारोह को पीएम मोदीने किया सम्बोधित

नयी दिल्ली (आससे) । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर्नाटक दौरे के दौरान बंगलूरू स्थित स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान (एस-व्यासा) के आवासीय मुख्यालय परिसर 'प्रशांति कुटीरम' के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुए। इस



अवसर पर उन्होंने डिजिटल माध्यम से 'गोल्डन जुबली एडमिन ब्लॉक' की आधारशिला रखी और तिरुवनंतपुरम में 'एस-व्यासा ऑफ-कैंपस' की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगलूरू पहुंचने पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने एचएएल एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल डॉ. सुधा यादव भी मौजूद रहीं। अपने कर्नाटक दौरे के दौरान प्रधानमंत्री बेंगलुरु में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा, वह तवारेकेरे से आईआईएम बेंगलुरु मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाएंगे और खुद भी मेट्रो में सफर करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने कर्नाटक दौरे के दौरान कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इनमें पिंक लाइन मेट्रो और वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत के साथ-साथ अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किए गए चार रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन भी शामिल है। आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नई मेट्रो लाइन पर सेवाओं को हरी झंडी दिखाएंगे और तवारेकेरे से आईआईएम (आईआईएम) बंगलूरू मेट्रो स्टेशन तक सफर करेंगे। इसके अलावा, वे बंगलूरू में 15,600 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और उनका उद्घाटन करेंगे। साथ ही, एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एस-व्यासा यूनिवर्सिटी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रशांति कुटीरम के स्वर्ण जयंती समारोह और आरएसएस के पूर्व महासचिव एच.वी. शेषाद्रि की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कर्नाटक की राज्यपाल सुधा यादव और आरएसएस के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले भी मौजूद रहें।

मणिपुर में उग्रवादियों ने फायरिंग कर 4 की हत्या

इंफाल। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने दो वाहनों पर गोलीबारी की। इस गोलीबारी में दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने ये जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह घटना इंफाल-उखरुल रोड पर 'न्यू हेवन' इलाके में हुई, जब हथियारबंद उग्रवादियों ने दो चार-पहिया वाहनों पर गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि दोनों कारों में सवार दो पुरुष और दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों वाहनों की विंडशील्ड पर गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। इससे पहले कांगपोकपी के तापहोउ कुकी गांव और पड़ोसी सेनापति जिले के कैलेजंग के पास के इलाके में दो विरोधी गुटों के बीच गोलीबारी हुई थी। इस दौरान 42 वर्षीय एक कुकी महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जबकि दो पुरुष घायल हो गए। मणिपुर में, मई 2023 में घाटी में रहने वाले मैतेई और पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदायों के बीच शुरू हुए जातीय संघर्ष में अब तक कम से कम 306 लोगों की जान जा चुकी है।

टीबी से मौतों में भारत का वैश्विक औसत से बेहतर प्रदर्शन

नयी दिल्ली (आससे) । भारत ने क्षय रोग (टीबी) के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की विश्व क्षय रोग रिपोर्ट-2026 के अनुसार, भारत में वर्ष 2015 के मुकाबले टीबी से होने वाली मृत्यु दर में 38 प्रतिशत की कमी आई है, जबकि वैश्विक स्तर पर यह गिरावट 35 प्रतिशत रही। वहीं, टीबी के मरीजों के उपचार की सफलता दर 94 प्रतिशत तक पहुंच गई है। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में टीबी के खिलाफ लड़ाई प्रौद्योगिकी, सामुदायिक भागीदारी और मरीजों की देखभाल पर आधारित राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन बन गई है। उन्होंने

2015 के मुकाबले मृत्यु दर में 38 प्रतिशत की गिरावट

दोहराया कि सरकार का लक्ष्य टीबी के किसी भी मरीज को उपचार और देखभाल से वंचित नहीं रहने देना है। जेपी नड्डा ने बताया कि क्षय रोग मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 25 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई है। इस दौरान 11 करोड़ से अधिक छाती के एक्स-रे और तीन करोड़ आणविक जांच की गईं। गहन जांच अभियान में कुल 48.64 लाख टीबी मरीजों की पहचान हुई, जिनमें करीब 15 लाख ऐसे मरीज शामिल हैं, जिनमें बीमारी के लक्षण नहीं थे। इससे समय रहते बीमारी की पहचान और उपचार शुरू करने में मदद मिली। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्रीय कार्यालय ने भी क्षेत्र में टीबी से होने वाली मौतों में कमी लाने में भारत के योगदान की सराहना की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में टीबी से होने वाली मौतों की दर वर्ष 2015 में प्रति एक लाख आबादी पर 28 थी, जो 2025 में घटकर 18 रह गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित जांच, आधुनिक निदान तकनीक, नि-क्षय पोषण योजना और नि-क्षय मित्र पहल ने टीबी उन्मूलन अभियान को मजबूती दी है। वर्ष 2025 में 67,933 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार शीघ्र जांच, प्रभावी उपचार, पोषण सहायता और जनभागीदारी के माध्यम से टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।





मेरा फोन टैप किया जा रहा है : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि उनका फोन टैप कराया जा रहा है. उन्होंने कहा कि मेरे सभी आरोपों के सबूत मेरे फोन में हैं, जिसे प्रधानमंत्री टैप करा रहे हैं। वन-ऑन-वन बहस से यह साबित हो जाएगा कि विदेशी ताकतों के इशारे पर कौन काम कर रहा है, देश विरोधी कौन है और कब से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल है। ऐसी कई दूसरी जानकारियां भी हैं, जो मुझे पता हैं और मेरे फोन में मौजूद हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार फिर आमने-सामने सार्वजनिक बहस की चुनौती भी दी। उन्होंने दावा किया कि अगर दोनों के बीच वन-ऑन-वन बहस हुई तो नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। इंस्टाग्राम पर एक सेशन के दौरान राहुल से पूछा गया था कि जब बीजेपी संसद में बहस के लिए तैयार है तो वह सार्वजनिक बहस पर जोर क्यों दे रहे हैं। इस पर उन्होंने कहा कि लोकसभा में उन्हें बोलने नहीं दिया जाता और उनका माइक बंद कर दिया जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें कृषि कानूनों, वोट चोरी, एसआईआर, चीन,



जनरल नरवणे की किताब और एपस्टीन जैसे मुद्दों पर बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि वह लंबे भाषणों वाली बहस नहीं चाहते, बल्कि सीधी बातचीत चाहते हैं, जिसमें दोनों नेता एक-दूसरे से सवाल-जवाब कर सकें। राहुल ने कहा कि वह चाहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी एक तरफ बैठें और वह दूसरी तरफ, दोनों के बीच सीधे सवाल-जवाब हों। उन्होंने यह भी कहा कि बहस के लिए गौतम अडानी या आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को जज बनाया जाए तो भी उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। राहुल गांधी ने कहा कि मैं गारंटी देता हूं कि मेरे साथ आमने-सामने की बहस के बाद प्रधानमंत्री पद पर नहीं रहेंगे। बता दें कि इससे पहले भी राहुल कई बार मोदी को खुली बहस की चुनौती दे चुके हैं। राहुल की चुनौती के बीच बीजेपी नेताओं ने इसे खारिज करते हुए उन पर संसद में बहस से बचने का आरोप लगाया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि संसद बहस के लिए पहले से उपलब्ध मंच है और राहुल को नेता प्रतिपक्ष के तौर पर गंभीरता और जिम्मेदारी दिखानी चाहिए।

परिसीमनपर संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी

विपक्ष को विश्वास में नहीं ले रही सरकार-प्रियंका

वायनाड। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित परिसीमन विधेयक को पारित करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की केंद्र सरकार की किसी भी योजना के बारे में विपक्षी दलों को कोई जानकारी नहीं दी गयी है। प्रियंका गांधी बुधवार से शुरू हुए अपने चार दिवसीय दौरे के तहत अपने निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही थीं। इस दौरान वह पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रही थीं। पत्रकारों ने उनसे पूछा था कि क्या सरकार परिसीमन विधेयक पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की योजना बना रही है इस सवाल पर प्रियंका



गांधी ने कहा उन्होंने हमें इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। इसलिए, अगर वे ऐसी कोई योजना बना रहे हैं, तो मुझे नहीं पता। फिलहाल, मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। विभिन्न मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ विपक्ष के विरोध प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए प्रियंका ने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ असहमति जताने वाले लोगों की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने कहा जो कोई भी अपनी बात रखना चाहता है या खुद को व्यक्त करना चाहता है, उसे दबा दिया जाता है और चुप करा दिया जाता है। हमने पिछले कुछ महीनों में ऐसा होते देखा है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को सुनियोजित तरीकेसे कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा हम संविधान और उसके मूल्यों के लिए लड़ रहे हैं। हम इसलिए लड़ रहे हैं क्योंकि हमारे देश की वे सभी संस्थाएं, जो संविधान और उसके मूल्यों को बनाए रखती हैं, उन्हें बीजेपी द्वारा सुनियोजित तरीके से नष्ट किया जा रहा है। महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए केंद्र सरकार संसद का विशेष सत्र बुलाने की तैयारी कर रही है। सरकार का दावा है कि बिल को पारित कराने के लिए उसके पास पर्याप्त संख्या बल से डेढ़ दर्जन अधिक सदस्यों का समर्थन है। 91 दिन बाद भी मानसून सत्र के सत्रावसान न होने पर विशेष सत्र को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। सरकार के सूत्र ने कहा कि जरूरी संख्या बल जुटाने के लिए सरकार की ओर से करीब-करीब सभी दलों से संपर्क साधा गया है।



राष्ट्रपति ने तेजस्विन शंकर और दिव्या देशमुख सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से किया सम्मानित

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 प्रदान किए। डेकाथलॉन एथलीट तेजस्विन शंकर और शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख सहित 17 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तेजस्विन शंकर ने राष्ट्रमंडल खेलों

राष्ट्रपति प्रदान किया खेल एवं साहस पुरस्कार-25

की डेकाथलॉन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। वह इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने। वहीं, दिव्या देशमुख ने फिडे महिला विश्व कप 2025 का खिताब जीतकर यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बनने का गौरव प्राप्त किया। अर्जुन पुरस्कार पाने वालों में मुहम्मद अजमल वरियाथोडी, प्रियंका गोस्वामी, मुक्केबाज नरेंद्र, शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती, पैरा शूटर धनुष श्रीकांत और रुद्रांश खंडेलवाल,



हॉकी खिलाड़ी लालरेमसियामी और राजकुमार पाल, कबड्डी खिलाड़ी सुरजीत और पूजा, पैरा एथलीट एकता भ्यान, रोवर अरविंद सिंह तथा निशानेबाज अखिल श्योराण शामिल हैं। बैडमिंटन खिलाड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद जापान मास्टर्स में भाग लेने के कारण समारोह में शामिल नहीं हो सकीं। अनुभवी फुटबॉलर इसायाह अरुमाइनयागम को अर्जुन पुरस्कार (लाइफ्टाइम) दिया गया। वहीं, एथलेटिक्स कोच परवीर सिंह, बॉक्सिंग कोच छोटे लाल यादव और धर्मेंद्र सिंह यादव, शूटिंग कोच नेहा नंदकुमार चव्हाण तथा कुश्ती कोच वीरेंद्र कुमार को द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साहसिक खेलों में उपलब्धियों के लिए बलजीत कौर और स्कलजांग रिग्जिन को लैंड एडवेंचर, रिमो साहा को वॉटर एडवेंचर तथा शिव प्रसाद चमोली को लाइफ्टाइम अचीवमेंट श्रेणी में तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार 2024 प्रदान किया गया। इसके अलावा, पुणे स्थित आर्मी पैरालंपिक नोड को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल दलजीत सिंह ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों की घोषणा खेल मंत्रालय ने 18 अगस्त को की थी। चयन समिति की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस (सेवानिवृत्त) अरुण कुमार मिश्रा ने की थी। आमतौर पर ये पुरस्कार 29 अगस्त को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर दिए जाते हैं, लेकिन इस बार समारोह में एक साल से अधिक की देरी हुई।

नहाय खाय के साथ शुरू हुई पूर्वांचल की प्रमुख छठ पूजा

खरना आज:बेदीं पर दीपदान की रस्म पूरी करेंगी व्रती महिलाएं

बरेली (आज समाचार सेवा)। पूर्वांचल का प्रमुख महापर्व छठ पूजा शुक्रवार को प्रारम्भ हो गयी। व्रती महिलाओं ने आज सादा व सात्विक भोजन किया तथा छठ पूजा से सम्बंधित समस्त खरीददारी आदि कर ली। कल वेदी आदि बनाकर दीपदान के साथ खरना मनाया जायेगा। नाथ नगरी में विभिन्न स्थानों पर छठ पूजा की व्यापक तैयारी की गयी है। घाट आदि की साफ सफाई कर उन्हें विद्युत झालरों से जगमग किया गया है। छठ पूजा के प्रथम दिवस आज व्रतियों ने बाजारों से फल गन्ने टोकरी आदि पूजन सामग्री की खरीददारी की। इन सामानों की बिक्री वाले बाजारों में पूरे दिन महिलाओं का तांता लगा रहा। कल शनिवार को महिलाएं बेदी की पूजा करेंगी तथा खरना के साथ बेदों पर दीपदान की रस्म पूरी की जायेगी। कल शाम को सूर्य को अर्ध्य देने के लिए व्रत रखने वाली महिलाएं घाटों पर जायेगी। कल खरना वाले दिन रविवार को व्रत रखकर व्रती महिलाएं सूर्य देवता की पूजन अर्चन कर छठ मईया की पूजा करेगी। महापर्व छठ पूजा के लिये यहां पर न्यू रेलवे मॉडल कॉलोनी सुभाष नगर कैंट आदि इलाकों में बड़े पैमाने पर छठ पूजा की तैयारी की गयी है। आज महिलाओं ने छठ पूजा से सम्बंधित गीत भी गाये। गौरतलब है कि छठ पूजा पूर्वांचल का प्रमुख त्यौहार है। पूर्वांचल मे यह त्यौहार बहुत ही धूमधाम से पूरी श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया जाता है। चार दिनों तक चलने वाली इस पूजा में महिलायें व्रत रखकर छठ माता की पूजा अर्चना करती हैं। रूहेलखण्ड में पूर्वांचल से आकर बसे सैकड़ों परिवार भी यहां पर भी छठ मईया की पूजा अर्चना करते हैं। यहां पर पूर्वांचल समाज के तमाम लोग इज्जतनगर, राजेन्द्रनगर, धोपेश्वरनाथ व सुभाषनगर आदि इलाकों में रहते है। जिसमे अधिकतर परिवार पूर्वांचल की प्रमुख पूजा छठ पूजा यही मनाते है। एयर फोर्स गेट पर स्थापित मंदिर में अस्थायी पोखर बनाकर महिलाओं ने छठ पूजा की। सुभाषनगर इलाके में तथा


फाइल फोटो

धोपेश्वरनाथ मंदिर में भी छठ मय्या की पूजा अर्चना की जाति है। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल एवं बिहार राज्य में छठ पूजा काफी श्रद्धा भक्ति और धूम धाम से मनाई जाती है। यह पर्व विहार और पूर्वांचल के बड़े पर्वो में से एक है। चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व आज शुक्रवार को नहाय खाय के साथ प्रारम्भ हो गया है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, षष्ठी माता संतानों की रक्षा करती हैं और उन्हें स्वस्थ और दीर्घायु बनाती हैं। इसीलिए यह पर्व काफी महत्वपूर्ण है। व्रती महिलाएं काफी नियम धर्म से यह पर्व मनाती हैं। पूर्वांचल के लोगों को पूरे वर्ष भर इस पर्व का इंतज़ार रहता है इस पर्व में सूर्य पूजन का महत्व इस लिए भी खास है कि वह प्रत्यक्ष दिखते हैं और सभी प्राणियों के जीवन के मूल आधार हैं। सूर्य के साथ ही छठ मैया की पूजा भी की जाती है। मान्यता के अनुसार, षष्ठी माता संतानों की रक्षा करती हैं और उन्हें स्वस्थ और दीर्घायु बनाती हैं।नवंबर माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से लेकर सप्तमी तिथि तक छठ पूजा मनाई जाती है। इस पर्व के दौरान भगवान सूर्य देव की पूजा-अर्चना और अर्घ्य देने का विधान है। इस व्रत को विवाहित महिलाएं विधिपूर्वक करती हैं। साथ ही पुरुष भी जीवन में आने वाले संकटों को दूर करने के लिए भगवान सूर्य देव की उपासना करते हैं। धार्मिक मान्यता है कि इस व्रत को करने से जातक को सूर्य देव की कृपा प्राप्त होती है और जीवन खुशहाल होता है।

गुणवत्ताविहीन निर्माण पर ठेकेदार फर्म पर जुर्माना, नाला पुनः बनानें के निर्देश

नगर आयुक्त के निर्देश पर मॉडल टाउन समेत कई स्थानों का अवर अभियन्ता ने किया निरीक्षण, पकड़ी खामियां

बरेली (आज समाचार सेवा)। नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य के निर्देश पर आज अवर अभियन्ता द्वारा विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया इस दौरान सम्बन्धित फर्म द्वारा गुणविहीन व मानक के विरूद्ध कार्य होना पाया गया। वार्ड-08 मॉडल टाउन मे गेट नं0-03 से गुरूद्वारे तक आर्य मन्दिर से पार्क की ओर गेट नं0-02 मॉडल टाउन चौकी से हरी मन्दिर पार्क होते हुये कुष्ठ आश्रम रोड तक एक साइड आरसीसी नाला निर्माण कार्य मै विकास कन्सट्रक्शन ठेकेदार के पक्ष मे स्वीकृत किया गया था, जिसका आज क्षेत्रीय अवर अभियन्ता द्वारा स्थलीय निरीक्षण के दौरान की गयी जॉच मे गुणवत्ता विहीन कार्य की पुष्टि हुई, जिसके लिए सम्बन्धित फर्म को नोटिस के माध्यम से मानक विपरीत नाले को तोड़कर पुनः नाला निर्माण कराये जाने हेतु पत्र जारी किया गया है, एवं मानक के विपरीत



एवं गुणवत्ता विहीन किये गये कार्य हेतु रू0 2.00 लाख का अर्थदण्ड आरोपित किया। वार्ड-48 गोपाल नगर मुख्य मार्ग पर रामकुमार वर्मा वाली गली तथा रवि शर्मा से श्रवण कुमार मिश्रा होते हुये सोमपाल के मकान तक एवं लिंक गलियों मे नाली तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य मै. एमबी कन्सट्रक्शन एण्ड सप्लायर्स ठेकेदार के पक्ष मे स्वीकृत किया गया था, जिसका आज स्थलीय निरीक्षण के दौरान पाया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा स्थल पर नाली निर्माण का कार्य मानको के अनुरूप न करने नाली को टेड़ा-मेड़ा व लेवल के अनुसार नही बनाये जाने के कारण सम्बन्धित फर्म को नोटिस जारी किया गया है कि स्थल से टेड़ी-मेड़ी बनायी गयी नाली को तत्काल उखाड़कर मानक एवं स्वीकृत मानचित्र के अनुरूप कार्य कराया जाना सुनिश्चित करेगें, एवं मानक के विपरीत एवं गुणवत्ता विहीन किये गये कार्य हेतु अंकन 50,000 /- रू0 अर्थदण्ड आरोपित किया गया है।

सासद जितिन प्रसाद ने बहेडी क्षेत्र के चार स्थानो पर किया जनसंवाद

बहेडी (आज ब्यूरों)। केन्द्रीय मंत्री और पीलीभीत - बहेडी सांसद जितिन प्रसाद ने शुक्रवार को तहसील क्षेत्र के चार स्थानो पर जनसंवाद किया और उन्होने लोगों की समस्याएं सुनी, और मौजूद अधिकारियो को मौके पर ही समाधान किये जाने के निर्देश दिए। नगर के समाज सेवी नासिर लतीफ ने किच्छा से बहेडी अन्दर आने वाले अवड पावड पडे रोड को ठीक कराकर हाइवे से नगर भे प्रवेश कराया जाए ।पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री और सांसद जितिन प्रसाद ने नगर पंचायत रिछा, जाम सावन्त, बाजपुर और सीकरी में लोगों से बातचीतकी। रिछामे उन्होने नए भवन का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। जनसंवाद मे लोगो ने सडक, विकास और स्थानीय समस्याओं से जुड़े मुद्दे उठाए । केन्द्रीय मंत्री 'जितिन ने अधिकारियो से कहा कि समाधान मे लापरवाही न करे और प्राथमिकता से कार्यवाही करे। लोगों ने जनता के वीच पहुँचकर समस्याए सुनने के लिए उनकी सरहाना की ।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि रवि मल्होत्रा, ब्लाक प्रमुख शेरगढ़ भूपेन्द्र कुर्मी, सुरेश गंगवार, आसेराम गंगावर, रिछा नगर पंचायत अध्यक्ष कैसर जहाँ, तनवीर अहमद, सभासद महेश शर्मा, नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ब्रिजेश कुर्मी हरीश कश्यप, गंगाराम मौर्य, ओमवीर सिंह मेजर सिंह, सोनू सिंह भदोरियों अतेन्द्र पाठक, सतीश राठौर दीपक राठौर, दीपक शर्मा,शान्तिपाल गंगवार महेन्द्र पाल गंगवार, घनेश चौधरी, खजान सिंह गुजर समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

मांगों को लेकर फार्मासिस्टों ने सीएमओ कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

बरेली (आज समाचार सेवा)। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर शुक्रवार, 13 मार्च को जिला शाखा बरेली के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय धरना कर विरोध जारी करने, पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने तथा वित्तीय और गैर वित्तीय विसंगतियों को दूर करने की मांग उठाई।एसोसिएशन अखिलेश सक्सेना ने मांग की कि फार्मासिस्टों के रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चीफ



प्रदर्शन किया। इसमें जिले के विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में तैनात फार्मासिस्ट, चीफ फार्मासिस्ट एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने लंबे समय से लंबित मांगों पर शासन और महानिदेशालय की उदासीनता को लेकर नाराजगी जताई। संगठन ने फार्मासिस्ट संवर्ग का पदनाम परिवर्तन, वरिष्ठता सूची फार्मासिस्ट के पद सृजित हों तथा ट्रामा सेंटरों में निर्धारित मानकों के अनुसार फार्मासिस्ट और चीफ फार्मासिस्ट की नियुक्ति की जाए। इसके अलावा ग्रेड पे, वेतनमान और विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में दवाओं के वितरण एवं रखरखाव की जिम्मेदारी फार्मासिस्ट संवर्ग को दिए जाने की मांग भी की गई।सदस्यों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 20 मार्च को प्रदेशभर के फार्मासिस्ट महानिदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। धरने में जिला अध्यक्ष जनार्दन सिंह गंगवार, संरक्षक बीसी यादव, सह संरक्षक संजीव कुमार सक्सेना, अंकित यादव , राजीव कुमार पाण्डेय , हरीश चंद्र सिंह और वरिष्ठ उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह समेत अन्य फार्मेसिस्ट मौजूद रहे।

सूचना

शपथकर्ती की कक्षा 8 के अंक पत्र व टी सी में मेरी माता जी का नाम प्रियंका यादव दर्ज हो गया है जो गलत है, सही नाम सुनीता है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाये। कुमकुम यादव पुत्री यदुवीर सिंह निवासी ग्राम रामपुर मक्का थाना व तहसील मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी उ.प.। पीसीएम-8801

बरेली सिनेमा
जगत में
ता 13 से रोजाना 3 शो
रेट 30 50 एक और
हिम्मतवाला
पात्र-चिरंजीवी की ऐक्शन फिल्म

स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के लिए डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को दिए निर्देश

बरेली (आज समाचार सेवा)। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 16 नवम्बर से 30 नवम्बर 2026 तक संचालित होने वाले स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद में कार्यरत जनसेवा केंद्र योजना से जुड़ी कार्यदायी संस्थाओं एवं उनके जिला प्रबंधकों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि जनगणना के इस महत्वपूर्ण अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक नागरिकों को ऑनलाइन स्व-गणना के लिए प्रोत्साहित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश के क्रम में जिला प्रबंधक, केएनडीओ, कार्यदायी संस्था, जनसेवा केंद्र योजना, जनपद बरेली; श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यदायी संस्था, जनसेवा केंद्र योजना, जनपद बरेली तथा सीएससी जिला प्रबंधक, जनपद बरेली को निर्देशित किया गया है कि वे स्वयं एवं अपने अधीनस्थ संचालित जनसेवा केंद्रों के माध्यम से स्व-गणना अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनगणना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों के अनुरूप ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करें तथा जनसेवा केंद्रों पर आने वाले नागरिकों को भी इस प्रक्रिया के संबंध में जानकारी देते हुए उन्हें स्व-गणना के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित करें।जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को शासन से प्राप्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया है कि इस महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

पशु अवशेष मिलने से हड़कंप, सैंपल जांच को भेजा

मीरगंज (आज ब्यूरों)। स्थानीय थाना की हाईवे स्थित लभारी पुलिस चौकी से मात्र पांच सौ मीटर दूरी पर एक खेत में पशु अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। हिंदू संगठन मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी से अवशेष का परीक्षण कराया मगर अवशेष किस पशु के हैं इसका उत्तर नहीं मिल सका, अवशेष के सैंपल जांच को भेजे गए हैं।मली जानकारी के अनुसार स्थानीय राष्ट्रीय राजमार्ग हाईवे किनारे स्थित बोर्डर की पुलिस चौकी लभारी के पांच सौ मीटर दूरी पर एक किसान ने अपने खेत में आज शुक्रवार की सुबह पशु के अवशेष देखे उसने तुरंत हिन्दू संगठनों और पुलिस को सूचित किया। सूचना पर सीओ अजय कुमार और थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह मौके पहुंचे पुलिस ने जांच के लिए पशु चिकित्सक को बुलाया अवशेष में खाल मांस नहीं होने से चिकित्सक ने यह बताने से इंकार कर दिया कि अवशेष किस पशु के हैं। और कहा कि अवशेषों को जांच के लिए भेजा जाएगा जांच में ही स्पष्ट हो पाएगा कि यह किस पशु के है और अवशेष का सैंपल लेकर जांच को भेज दिया गया है।

पार्षद राजेश अग्रवाल ने ओटीएस योजना की तिथि बढ़ाने को शासन को भेजा मांग पत्र

बरेली (आज समाचार सेवा)। नगर निगम की एक मुश्त समाधान योजना की अंतिम तिथि 14 नवंबर 2026 थी, जो 15 अगस्त 2026 से प्रारंभ हुई थी, इसकी तिथि 31 दिसंबर 2026 या 31 मार्च 2027 तक बड़वाने के लिए पार्षद राजेश अग्रवाल ने प्रमुख सचिव विकास गुरु प्रसाद काले को मेल किया है जिसमें ओटीएस के तिथि बढ़ाये जाने की मांग करते हुए शासन में मुख्यमंत्री के विशेष सचिव को भी मेल किया है। राजेश अग्रवाल ने अवगत कराया कि बरेली में योजना 3 माह हो चुके हैं परन्तु अभी भी जनता को लाभ मिलना शेष है, यदि योजना ३१ दिसम्बर तक बढ़ायी जायेगी तो इसका फायदा नगर निगम को भी होगा व जनता को भी इसका फायदा मिल सकेगा, साथ ही कहा कि छुट्टियां आदि पड़ने के कारण कर दाता लाभान्वित होने से रह गये हैं, जबकि आरोप लगाये कि विभिन्न स्थानीय स्तर पर विषमताओं के चलते जनता लाभान्वित होने से बंचित रह गयी है ऐसे में बरेली नगर निगम में ब्याज माफी शासन की मंशा के अनुरूप हो इसके लिए जरूरी है कि ब्याज माफी की योजना को बढ़ाकर 31 दिसम्बर तक कर दिया जाये, राजेश अग्रवाल ने कहा कि समय-समय पर करदाताओं की समस्याओं को निरंतर उठाते आ रहे है जो आगे भी जारी रहेगा उन्होंने करदाताओं से 15 दिसम्बर तक योजना का लाभ उठाने के लिए टैक्स जमा करने की अपील की है।



श्री बिहारी जी मंदिर में भजनों की अमृत वर्षा से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

बरेली (आज समाचार सेवा)। श्री राधा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संकीर्तन श्रृंखला 'सात शाम श्याम श्याम के नाम' का प्रथम दिवस श्री बिहारी जी मंदिर, बिहारीपुर में बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। भजन संध्या में भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित श्रद्धालु राधा-कृष्ण की भक्ति में भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राधा संकीर्तन मंडल के महामंत्री अनुज अग्रवाल ने 'स्वागतम कृष्णा सुस्वागतम कृष्णा' एवं 'मन चल बरसाना चलिए, राधे-राधे जाएंगे' जैसे मधुर भजनों से किया। इसके उपरांत विवेक अग्रवाल ने 'मुझे रास आ गया है तेरे दर पर सर झुकाना' एवं 'कर दो बेड़ा पार राधे अलबेली सरकार' भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। शिव चावला ने 'करुणा भरी नजर से निहारो लाडली' भजन सुनाकर श्री राधा रानी के चरणों में अपनी भावपूर्ण भक्ति अर्पित की। राजू गुलाटी ने 'मेरी रसना से राधा-राधा नाम निकले, सुबह-शाम निकले, आठों याम निकले' एवं 'जो राधे-राधे गाते हैं, उन्हें हरि मिल जाते हैं' जैसे भजनों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं दिनेश शर्मा ने 'मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, करते हो तुम कन्हैया मेरा नाम हो रहा है' भजन की शानदार प्रस्तुति दी। पंकज अग्रवाल ने 'बांके बिहारी मुझे देना सहारा' भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को श्री बांके बिहारी की भक्ति में भाव-विभोर कर दिया। सभी भजन गायकों की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और मंदिर परिसर राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठा।

पीडीए पंचायत, संविधान सम्मान व सामाजिक एकता सम्मेलन में सामाजिक न्याय व संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

बरेली (आज समाचार सेवा)। जवाहरलाल नेहरू युवा केंद्र, सिविल लाइंस, बरेली में पूर्व महापौर श्रीमती सुप्रिया ऐरन एवं पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन के द्वारा पीडीए पंचायत, संविधान सम्मान एवं सामाजिक एकता सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री शुभलेश यादव एवं आंवला के पूर्व सांसद श्री धर्मेंद्र कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनीतिक एवं विभिन्न वर्गों के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीडीए (पिछड़ा, दलित एवं अल्पसंख्यक) समाज को एकजुट करना, भारतीय संविधान में निहित समानता, सामाजिक न्याय एवं भाईचारे के मूल्यों को मजबूत करना तथा समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर उनके अधिकारों एवं समस्याओं पर चर्चा करना रहा। इस अवसर पर पूर्व महापौर श्रीमती सुप्रिया ऐरन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक प्रगति महिलाओं की भागीदारी, सम्मान और आत्मनिर्भरता के बिना संभव नहीं है॥ धर्मेंद्र कश्यप पूर्व सांसद, राजकुमार पाल जिला महासचिव, राजेश अग्रवाल पूर्व प्रत्याशी सिटी विधानसभा, अशोक यादव, रविंद्र यादव, अरविन्द यादव, दिनेश यादव, सुरेन्द्र यादव, सिंपल कनौजिया, रामसेवक प्रजापति, जितेंद्र मुंडे, रणवीर सिंह, शिव प्रताप सिंह, संजीव यादव, भद्रसेन गंगवार, शेर सिंह गंगवार, अमित सक्सेना, हरिओम प्रजापति, राजेश मौर्य, अनिल पटेल, रोहित राजपूत, जैनब फातिमा, सरताज ग़ज़ल अंसारी, ज्ञान यादव, ऋषि यादव, सुरेन्द्र भाटिया, आरिफ कुरेशी, सुरेंद्र सिंह, इश्तियाक सकलेनी, अमरदीप गुर्जर, नीरज गुप्ता अमित गिहार, एड. श्याम वीर सिंह नरेश प्रसाद विश्वकर्मा, अमर सिंह कातिब, महेंद्र सिंह, कमलेश ठाकुर, रेहान खान, हुकम सिंह, संजय वर्मा, संगीता कौशल, सुचित्रा सिंह, अभिषेक, राशिद, दीपा जैम्स, हेमा बत्रा, अनुज मौर्य, सुरेंद्र पांडे, महेंद्र विक्रम सिंह, प्रवेश पाराशर, लक्ष्मण सिंह राणा, योगेश गुप्ता, रामवीर श्रीवास्तव कुमकुम शर्मा, धर्मवीर यादव, अजय गोस्वामी रविन्द्र टंडन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति एवं समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सम्मेलन के दौरान सभी वक्ताओं ने सामाजिक एकता, महिला सशक्तिकरण, संविधान के सम्मान और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सभी आगंतुकों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

न्यूज अपडेट

अधेड़ का शव मिला, पैरों में पुलिस के जूते-मोजे मिले, नहीं हो सकी पहचान

आंवला (आज ब्यूरों)। आंवला तहसील के भमोरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बरेली-कासगंज रेल ट्रैक के पास एक अज्ञात अधेड़ का शव मिला। पुलिस को उसके पैरों में पुलिस के जूते और मोजे मिले। शव की पहचान नहीं हो सकी है।थाना अध्यक्ष कुशल पाल सिंह ने बताया कि मकरंदपुर रेलवे स्टेशन के स्टेशन अधीक्षक ने थाने को मेमो भेजकर शव मिलने की सूचना दी। शव ग्राम खुली के पास जंगल में रेलवे लाइन के पूर्वी किनारे पर पड़ा था।सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष ने उपनिरीक्षक अख्तर खान को पुलिस टीम के साथ मौके पर भेजा। टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया और शव की तलाशी ली। मृतक की उम्र करीब 50 साल बताई गई है। वह सादे कपड़े पहने था। उसकी जेब से कोई दस्तावेज या पहचान पत्र नहीं मिला।थाना अध्यक्ष के मुताबिक, शुरुआती जांच में आशंका है कि वह चलती ट्रेन से गिरकर घायल हुआ होगा। जंगल में पड़े रहने और ज्यादा खून बहने से उसकी मौके पर मौत हो गई होगी। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

साइवर ठगों ने फोन हैक कर ग्रामीण के खाते से उड़ाए लाखों

शीशगढ (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण के फोन पर लिंक भेजकर साइबर ठगों ने फोन हैक कर दो लाख अस्सी हजार रुपए निकाल लिए । पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम सहोड़ा निवासी रंजन सरकार पुत्र निरंजन सरकार ने पुलिस को बताया कि उनके फोन पर अज्ञात नंबर से 25 अक्टूबर को एक लिंक आया था। लिंक खोलने पर उनका फोन हैक हो गया। आरोप है कि किसी ने फोन हैक होने बाद उनके बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा सहोड़ा के खाते से दो लाख अस्सी हजार रुपए निकाल लिए। पीड़ित ग्रामीण की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्री सनातन धर्म मंदिर में कार्तिक महोत्सव का शुभारम्भ,भजन संध्या आयोजित

बरेली (आज समाचार सेवा)। श्री सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी मॉडल टाउन बरेली में वार्षिक कार्तिक महोत्सव के प्रथम दिन एक भजन संध्या आयोजन किया गया जिसमें पुरुष सत्संग मंडल एवं महिला सत्संग मंडल द्वारा संकीर्तन हुआ जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम विघ्न हरण सिध्दीविनायक श्री गणेश जी भगवान का आह्वान आओ पधारो गजानन महाराज, बैठो हमारे हृदय के पास। विघ्नहर्ता मंगलकर्ता,चरणों में तेरे है अरदास।। से संकीर्तन आरंभ किया गया उसके पश्चात तेरी मुरली की धुन सुनने में बरसाने से



आयी हूँ । मैं वृषभानु की जाई हूँ मेरी लगी श्याम संग प्रीत ये दुनिया क्या जाने 2- मुझे मिल गया मन का मीत ये दुनिया क्या जाने राम नाम के हीरे मोती, मैं बिखराऊं गली गली । ले लो रे कोई राम का प्यारा, शोर मचाऊं गली गली जय जय गिरिबरराज किसोरी। जय महेस मुख चंद चकोरी। भजनों के द्वारा वातावरण कौन थे वृंदावन में हो गया आज की भजन संध्या में सीमा पुरुषार्थी चंचल अरोड़ा ममता खन्ना ,ममता बांगा चंचल अरोड़ा और पुरुष मंडल की ओर से अजय अरोड़ा उमेश धमीजा राकेश नरूला अमित पाल आदि ने भजन प्रस्तुत किये। दिनांक 14 नवंबर को द्वितीय दिवस पर भैया यशु बजाज भैया लवी बहल (श्री बांके बिहारी क्लब जगराओं पंजाब) के द्वारा 'एक शाम ठाकुर ठकरानी के नाम भजन संध्या की जाएगी।

युवक को दो लोगों ने लाठी-डंडों से पीटा, ईंट मारकर सिर फोड़ा

बहेड़ी (आज ब्यूरों)। कोतवाली क्षेत्र के गांव ढकिया में रात के समय गांव में ही जा रहे युवक को दो लोगों द्वारा लाठी-डंडों से पीटकर सिर फोड़ देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने पहले गालियां दीं, विरोध करने पर लात-घूंसों और डंडों से हमला किया और ईंट मार कर सिर घायल कर दिया। पीड़ित ने यूपी 112 को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित वीरेन्द्र सिंह पुत्र राम सहाय, निवासी ग्राम ढकियाया का रहने वाला है। उसने बताया कि रात्रि करीब 8.00 बजे वह घर से गांव में ही जा रहा था। रास्ते में गांव के ही सोम पाल पुत्र लोचन प्रसाद व जमुना प्रसाद पुत्र जीवन राम मिल गए और उसे गालियां देने लगे। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने गालियां देने से मना किया, तो दोनों आरोपियों ने उसे डंडों, लातों-घूंसों से मारना-पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने ईंट मार कर उसे सिर से घायल कर दिया। सिर से खून निकलने लगा और वह बुरी तरह घायल हो गया।पीड़ित किसी तरह जान बचाकर भागा और यूपी-112 डायल को सूचना देकर पुलिस को बुलाया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही उपरोक्त लोग मौके से भाग गए। जाते-जाते आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने अपने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उसका इलाज कराया गया। परिजनों का कहना है कि हमले में वीरेन्द्र को सिर में गंभीर चोट आई है। गांव में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है।

कम्प्यूटर टीचर ने छात्राओं को बुरी नियत से छुआ पॉस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज, आरोपी हिरासत में

बहेड़ी (आज ब्यूरों)। नगर के एक इग्लिश मीडियम स्कूल मे कम्प्यूटर क्लास केदौरान शिक्षक पर कई छात्राओं को बुरी नीयत से छुने का आरोप लगा है। पुलिस ने अभिभावको की शिकायत पर छेडछाड और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिक्षक को हिरासत मे ले लिया है। छात्राओं ने छुट्टी के बाद घर पहुँचकर परिजनो को घटना के बारे मे बताया। इसके बाद अभिभावक स्कूल पहुँचे और इसकी शिकायत प्रधानाचार्य की । स्कूल प्रबन्धन ने कम्पयूटर टीचर को दोषी पाये जाने पर तत्काल नौकरी सेहटा दिया। इसके बाद चार पाँच अभिभावक थाने पहुंचे और लिखित शिकायत देकर कार्यवाही की माँग की। शिकायत पर पुलिस ने जाँच शुरू की और सम्बन्धित कक्षा के सीसीटीवी कैमरो की फुटेश देखी । पुलिस ने आरोपी कम्प्यूटर शिक्षक आयुष शर्मा निवासी मोहल्ला महादेवपुरम को पूछताछ के लिए हिरासत मे लिया। शिकायत के आधार पर उसके विरुद्ध छेडछाड का केस दर्ज किया गया है। उसपर पाँस्को एक्ट की धाराए भी लगाई गई है एफआईआर मे आरोपी के विरुद्ध पहले एक अन्य स्कूल मे भी इसी तरह की शिकायत मिलने की बात सामने आई है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी शिक्षक के विरुद्ध पाँस्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। छात्राओं केबयान और अन्य सबूतो के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

एनसीसी कैडेट द्वारा सिक्किम के कामरांग में ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रेकिंग कैंप में प्रतिभाग

बरेली (आज समाचार सेवा)। खंडेलवाल कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट साइंस एंड टेक्नोलॉजी बरेली, 8 वीं बालिका वाहिनी के एनसीसी कैडेट्स ने सिक्किम के कामरांग, नामची में आयोजित ऑल इंडिया गर्ल्स ट्रैकिंग शिविर में प्रतिभाग किया।यह शिविर 23 से 30 अक्टूबर 2026 तक 4 सिक्किम बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन 4 सिक्किम बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल प्रज्ञा वर्मा द्वारा किया गया । इस राष्ट्रीय स्तर के शिविर में उत्तर प्रदेश, बिहार एंड झारखंड तथा पश्चिम बंगाल के वर्धमान ग्रुप के एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

दुकान के सामने खड़े युवक को तीन भाइयों ने जमीन पर गिराकर पीटा

बहेड़ी (आज ब्यूरों)। कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया में दुकान के सामने खड़े युवक को तीन भाइयों द्वारा जमीन पर गिराकर मारने-पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने युवक को गंदी-गंदी गालियां दीं । उसने बताया कि यह घटना 9 नम्बर समय लगभग 1.00 बजे दिन में वह मरगूब लाला की दुकान के सामने खड़ा था। तभी विपक्षी मोहम्मद इमरान, मोहम्मद रिजवान मोहम्मद इरफान पुत्रगण शेर मोहम्मद निवासी खमरिया के लोगों किर्रवाई करने की मांग की है।

नशेड़ी पति ने पत्नी व भाभी को लाठी-डंडों से पीटा, हंसिया लेकर दौड़ा

बचाव करने आये साले व उसकी पत्नी से भी की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

क्योलड़िया (आज ब्यूरों)। थाना क्षेत्र के ग्राम चंदपुर ख्यालीराम में शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति



द्वारा अपनी पत्नी और बीच-बचाव करने आए साले व उसकी पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने जान से मारने की नीयत से हंसिया लेकर हमला करने का भी प्रयास किया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम चंदपुर ख्यालीराम निवासी गीता देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पति हरिओम शराब पीने का आदी है और आए दिन उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट करता है। शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे जब पति ने विवाद शुरू किया, तो पीड़िता ने फोन कर अपने भाई कांति स्वरूप को घर बुलाया। आरोप है कि कुछ देर बाद जब पीड़िता का भाई कांति स्वरूप और भाभी लज्जा देवी घर पहुंचे और उन्होंने हरिओम को समझाने का प्रयास किया, तो वह आगबबूला हो गया। आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से गीता देवी की पिटाई शुरू कर दी, जिससे उसे काफी गुम चोटें आई हैं। शोर-शराबा होने पर जब पीड़िता ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही, तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी और भाभी लज्जा देवी के साथ भी मारपीट की। पीड़िता के मुताबिक, आरोपी गुस्से में घर में रखा हंसिया लेकर उन पर झपट पड़ा। भाई ने किसी तरह बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई और तत्काल डायल-112 पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने मौके का मुआयना किया। इसके बाद पीड़िता ने अपने भाई के साथ थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी पति हरिओम के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जिम से घर लौट रहे युवक पर दबंगों ने बोला हमला, धमकी देकर फरार

बरेली (आज समाचार सेवा)। जिम से घर लौट रहे युवक को दबंगों ने रास्ते में घेर लिया। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता हमलावरों ने लाठी-डंडों से उस पर हमला बोल दिया। सिर पर ताबड़तोड़ वार कर युवक को लहूलुहान कर दिया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाने दौड़े तो हमलावर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मामले में घायल युवक की मां ने दो नामजद युवकों समेत उनके अज्ञात साथियों के खिलाफ सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना सुभाषनगर के प्रगति नगर बदायूं रोड निवासी सोनिका सक्सेना पत्नी रवि सक्सेना ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर की सुबह करीब सात बजे उनका बेटा आयुष जिम से घर लौट रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के यश जाट पुत्र उदल सिंह और आरव पुत्र कुलदीप सिंह ने अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि रास्ते में रोकते ही सभी ने आयुष पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर कई वार किए। अचानक हुए हमले में आयुष के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया। युवक पर हमला होते देख आसपास के लोग उसे बचाने के लिए दौड़े और हमलावरों को ललकारा। इस पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। जाते-जाते आयुष को जान से मारने की धमकी भी दे गए। घटना के बाद घायल युवक की मां सोनिका सक्सेना ने सुभाषनगर थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने उनकी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की हुई मौत

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवक की जहरीला पदार्श खाने से हुई मौत, मिली जानकारी के अनुसार आर्यन उर्फ मोनू पंडित ने बृहस्पतिवार शाम अपने घर पर रखे जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर पड़ोसी ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। युवक की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी प्रवीन कुमार ने बताया कि युवक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया हैं ताकि मौत का कारण पता लग सके।

निर्माणाधीन नगर वन का प्रभागीय वनाधिकारी ने किया निरीक्षण

बरेली (आज समाचार सेवा)। सीबीगंज में बन रहे नगर वन का काम समय पर पूरा कराने के लिए वन विभाग ने निगरानी तेज की है। शुक्रवार को प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) प्रखर गुप्ता ने निर्माणाधीन नगर वन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन और प्रस्तावित कामों की प्रगति देखी और अधिकारियों-कर्मचारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएफओ ने अब तक हुए



काम और आगे की योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सीबीगंज का नगर वन वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ अरुण कुमार की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में शामिल है। इसे तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि काम में बेवजह देरी न हो और शासन के तय मानकों का पालन किया जाए। डीएफओ ने अधिकारियों को आपसी तालमेल से काम करने और परियोजना के हर चरण पर नजर रखने के निर्देश दिए।

संगठन संवाद संकल्प कार्यशाला में शामिल हुए कांग्रेसी

जिला व महानगर अध्यक्षों को दोबारा जिम्मेदारी देने का निर्णय

बरेली (आज समाचार सेवा)। आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशफाक सकलानी एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश दद्दा के नेतृत्व में बरेली जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता लखनऊ में आयोजित संगठन संवाद संकल्प कार्यशाला में शामिल होने पहुंचे। कांग्रेस प्रवक्ता पंडित राज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम एवं प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' की मौजूदगी में संगठन को मजबूत करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों का मजबूती से सामना करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में जिला कांग्रेस अध्यक्षों एवं महानगर अध्यक्षों को दोबारा जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस निर्णय से संगठन में निरंतरता बनी रहेगी और आगामी कार्यक्रमों को गति मिलेगी। डॉ मेहंदी हसन ने कहा की बरेली आने पर जिला अध्यक्ष असफाक सक्लेनी और महानगर अध्यक्ष दिनेश दद्दा का भारी भरकम स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. मेहंदी हसन, रमेश श्रीवास्तव, जीशान अफरीदी तीरथ मधुकर सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कायस्थ महासभा के नव नियुक्त पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

बरेली (आज समाचार सेवा)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बरेली के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री संजीव कुमार सक्सेना द्वारा किंग्स हेरिटेज



होटल में भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के सबसे निचले तबके को ऊपर लाना कायस्थ महासभा का उद्देश्य है और सब लोगों के सहयोग से हम उसमें सफल भी होंगे। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष मुकेश सक्सेना,जिला महासचिव अनूप सक्सेना,उपाध्यक्ष रवि सक्सेना, संगठन मंत्री शांतनु सक्सेना को माल्यार्पण कर और पटका पहना कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अश्विनी कमठान, डॉ सुबोध अस्थाना, रवि सक्सेना अवधपुरी, मनोज सक्सेना गोपाल धूप, प्रशांत सक्सेना कातिब, आशीष सक्सेना, आशीष सिन्हा, अभिषेक सक्सेना,राजीव सक्सेना, अमित सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

सात साल बाद डीआईजी बनकर बरेली लौटे मुनिराज, संभालेंगे चार जिलों की कमान

फतेहगंज पश्चिमी (आज ब्यूरों)। शासन ने पुलिस महकमे में प्रशासनिक फेरबदल करते हुए मुरादाबाद रेंज के डीआईजी मुनिराज जी को बरेली रेंज का नया डीआईजी नियुक्त किया है। वहीं, बरेली रेंज के मौजूदा डीआईजी अजय कुमार साहनी का तबादला मुरादाबाद रेंज कर दिया गया है। इस फेरबदल के बाद करीब सात वर्ष पूर्व बरेली के एसएसपी रह चुके आईपीएस मुनिराज जी की एक बार फिर शहर में वापसी हो रही है, लेकिन इस बार उनका ओहदा बड़ा है और जिम्मेदारी पूरे परिक्षेत्र की होगी। **सख्त कार्यशैली के लिए चर्चित रहा था पिछला कार्यकाल** वर्ष 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी मुनिराज जी ने जुलाई 2018 से अगस्त 2019 तक बरेली के एसएसपी के रूप में कार्यभार संभाला था। अपने एक साल से अधिक के कार्यकाल में कानून-व्यवस्था के कड़ाई से अनुपालन, पुलिस अनुशासन और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर वे काफी चर्चा में रहे थे। उनकी इसी कार्यप्रणाली के चलते स्थानीय स्तर पर उन्हें 'सिंघम' की पहचान मिली थी। अब सात साल बाद डीआईजी के रूप में उनकी वापसी से पुलिस महकमे और आमजन में उनके पुराने कार्यकाल की चर्चाएं तेज हो गई हैं। **चार जिलों की कानून-व्यवस्था की होगी निगरानी** मुरादाबाद रेंज से स्थानांतरित होकर आ रहे मुनिराज जी के अधिकार क्षेत्र में अब बरेली के साथ-साथ बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर जिले भी शामिल होंगे। परिक्षेत्र के चारों जिलों में अपराध नियंत्रण, थानों की कार्यप्रणाली में सुधार, पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और जनता की शिकायतों के प्रभावी निस्तारण की अहम जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। **कृषि विज्ञान से आईपीएस तक का सफर** मूल रूप से तमिलनाडु के धर्मपुरी निवासी मुनिराज जी का जन्म 29 मई 1979 को हुआ था। उन्होंने कृषि विज्ञान कीट विज्ञान एंटोमोलॉजी में एमएससी की डिग्री हासिल की है। इसके बाद सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर वे 2009 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस अधिकारी बने और प्रदेश के विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दीं।



अधिवक्ता जयपाल सिंह कश्यप को भाजपा ओबीसी मोर्चा के ब्रज क्षेत्रीय महासचिव की जिम्मेदारी

बरेली (आज समाचार सेवा)। पूर्व भाजपा सांसद धर्मेंद्र कश्यप के समाजवादी पार्टी छोड़ने के बाद, भाजपा ने उनके बहनोई, अधिवक्ता जयपाल सिंह कश्यप को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा ने उनके बहनोई, अधिवक्ता जयपाल सिंह कश्यप को भाजपा ओबीसी मोर्चा का ब्रज क्षेत्रीय महासचिव नियुक्त करके उन्हें एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व भाजपा सांसद धर्मेंद्र कश्यप के बहनोई जयपाल सिंह कश्यप (अधिवक्ता) पिछले छह वर्षों से पार्टी के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। वे 2012 से पार्टी के सक्रिय सदस्य हैं और हिंदुत्व संगठन जय परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उन्होंने भाजपा के टिकट पर जिला पंचायत चुनाव भी लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। वे वर्तमान में बरेली बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। वे इससे पहले दो बार कोषाध्यक्ष और एक बार संयुक्त सचिव के पद पर रह चुके हैं। उन्होंने हमेशा अधिवक्ताओं के हितों की वकालत की है और कश्यप समुदाय में उनका काफी प्रभाव है। वे बुद्धिजीवी वर्ग से समाज में एक प्रमुख व्यक्ति हैं। समीकरणों को संतुलित करने के लिए, भारतीय जनता पार्टी धर्मेंद्र कश्यप के विकल्प के रूप में जयपाल सिंह कश्यप (वकील) को पार्टी में अधिक जिम्मेदारी देकर उन्हें एक विकल्प प्रदान कर सकती है।

महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में स्वगणना जागरूकता अभियान अन्तर्गत गोष्ठी आयोजित

बरेली (आज समाचार सेवा)। महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में आज जनगणना 2027 के अवसर पर स्वगणना विषय पर छात्र-छात्राओं को जागरूक करने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देष्य जनगणना की प्रक्रिया उसका महत्व तथा स्वगणना के प्रति जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यक्रम में प्रो. आर. के. गोस्वामी, (उच्च षिक्षा अधिकारी), प्रो. सुशील कुमार, नोडल अधिकारी, प्रो. कामरान खान, सह नोडल अधिकारी, पर्यवेक्षक राकेश कुमार सिंह एवं सौरभ मिश्रा ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुये जनगणना को देष के सामाजिक, आर्थिक तथा जनसांख्यिकीय विकास की महत्वपूर्ण षिला बताते हुए कहा कि



सटीक जनगणना से प्राप्त आंकड़े सरकार को विभिन्न विकास योजनाओं के निर्माण एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता प्रदान करते है। इस अवसर पर स्वगणना के द्वितीय चरण की प्रक्रिया सहभागिता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को अपने परिवार तथा समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का सन्देष दिया गया। इस अवसर पर चीफ प्राक्टर उपयोगिता तथा इसमें नागरिकों की प्राक्टर, अजीत सिंह, डॉ. ए. के. शर्मा, डॉ. सुमित अग्रवाल, शोभित अग्रवाल, प्रथमेश कुमार, मंयक षर्मा, संचित कक्कड़, डॉ. रेशू जौहरी, डॉ. के. के. मेहरोत्रा, शैलेश कुमार, दुष्यन्त कुमार, आदि उपस्थित रहे। डॉ. विपुल मेहरोत्रा, डिप्टी चीफ

एमजेपीआरयू में 'इंडस्ट्री-यूनिवर्सिटी कोलैबोरेशन सेल' का गठन

बरेली (आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य डॉ. अनिल कुमार राय के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और शिक्षा के प्रति अटूट समर्पण के फलस्वरूप विश्वविद्यालय में 'उद्योग-विश्वविद्यालय सहयोग प्रकोष्ठ' के गठन का आधिकारिक आदेश जारी हो गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप यह एक ऐतिहासिक कदम है, जो छात्रों के उज्ज्वल भविष्य और उद्योग जगत की आवश्यकताओं के बीच सेतु का काम करेगा। कुलपति डॉ. राय का मानना है कि शिक्षा तभी सार्थक होती है जब वह रोजगारपरक हो और छात्र केवल नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनें। इसी सोच के साथ, विश्वविद्यालय में पूर्व से स्थापित इनक्यूबेशन सेंटर की सार्थकता को बढ़ाने के लिए इस सेल का गठन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, प्रकोष्ठ के सुचारू संचालन और प्रभावी समन्वय के लिए निम्नलिखित समिति का गठन तत्काल प्रभाव से किया गया है। कप्रो. एस.के. पांडेय-संयोजक, कप्रो. संजय गर्ग-सदस्य, क प्रो. मनीष राय सदस्य, क प्रो. एस.एस. बेदी सदस्य, कप्रो. भोला खान सदस्य, कप्रो. तुलिका सक्सेना सदस्य सचिव **प्रकोष्ठ के प्रमुख कार्य एवं दायित्व** यह समिति कुलपति महोदय के मार्गदर्शन में कार्य करेगी। इसका मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय एवं विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के बीच संस्थागत सहयोग स्थापित करना है। सेल उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल आधारित पाठ्यक्रम विकसित करेगा, जिससे छात्रों को इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और औद्योगिक प्रशिक्षण के बेहतरीन अवसर मिल सकें। इसके अलावा, यह प्रकोष्ठ उद्योगों के सहयोग से संयुक्त अनुसंधान, नवाचार और परामर्श परियोजनाओं को प्रोत्साहित करेगा। उद्योग जगत के विशेषज्ञों को 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' और अतिथि व्याख्याता के रूप में जोड़कर छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। उद्योग जगत के दिग्गजों के साथ महत्वपूर्ण बैठक प्रकोष्ठ के गठन के तत्काल बाद, कुलपति आचार्य डॉ. अनिल कुमार राय के निर्देशन में एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स एवं प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. एस.के. पांडेय द्वारा देश के प्रतिष्ठित उद्योगपतियों और शिक्षाविदों को आधिकारिक निमंत्रण भेजा गया है। इस बैठक में कृषि एवं कौशल विकास (खेतिवालाह, हैदराबाद), विमानन प्रशिक्षण (फ्लाई ओला, गुड़गांव), सिविल एविएशन ट्रेनिंग (नई दिल्ली), इलेक्ट्रिकल एवं महिला सशक्तिकरण (बजाज ऑटो इलेक्ट्रिकल, दिल्ली), स्टार्टअप्स एवं आईटी ट्रेनिंग (नेविटेक डेटा सॉल्यूशंस, नोएडा), एआई पाठ्यक्रम (एनएसयूटी, नई दिल्ली) तथा तकनीकी सेवाओं (दत्तगामती टेक्नोलॉजी सर्विसेज, मुंबई) से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ और प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम को संशोधित करने, नए पाठ्यक्रम शुरू करने और सीएसआर फंड के माध्यम से छात्रों के कौशल विकास पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कुलपति आचार्य डॉ. अनिल कुमार राय के इस ठोस और क्रांतिकारी कदम से न केवल छात्रों को उत्तम नौकरियों के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि उद्योग जगत को भी उच्च श्रेणी के कार्मिक एवं इंजीनियर उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे प्रदेश एवं देश की उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। विश्व विद्यालय परिवार कुलपति डॉ. राय के इस सराहनीय निर्णय के साथ अडिगता से खड़ा है।

स्वामी ज्ञानमंडल प्राईवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक ओम प्रकाश शुक्ला एवं मुद्रक संजीव कृष्ण त्रिपाठी द्वारा **आज** हिन्दी दैनिक प्लाट संख्या ई.12, ई.13, रोड नं. 3, परसाखेड़ा इन्डस्ट्रियल एरिया बरेली से मुद्रित एवं प्रकाशित
वाराणसी-संत कबीर मार्ग,**गोरखपुर**-बैंक रोड,**प्रयागराज**-3 लोडर रोड,**कानपुर**-बांस मण्डी,**झांसी**-झोंकन बाग, **लखनऊ**-1 जापलिंग रोड, **आगरा**-महात्मा गांधी रोड, **पटना**-प्रेजर रोड, **रांची**-नामकुम इण्डस्ट्रियल एरिया, **जमशेदपुर**- न्यू काली माटी रोड साकची।

सम्पादक: शार्दूल विक्रम गुप्त
स्थानीय प्रबन्धक संजीव कृष्ण त्रिपाठी
वर्ष-37 पूर्ण संख्या-*13289*
आर.एन.आई.पंजीयन संख्या-51068/90
पंजीकृत संख्या-बी.आर.189
दूरभाष 9412293665
ajbareilly@yahoo.com
aajbareilly@gmail.com
रजिस्ट्रेशन संख्या 205/99
पी.आर.वी.अधिनियम के अन्तर्गत समाचार चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेदार होंगे तथा समस्त विवाद बरेली न्यायालय के अधीन होंगे।

मानव को महामानव बनाती है बाल रामायण :डॉ दीपंकर गुप्त

बरेली (आज समाचार सेवा)। बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त अनवरत रूप से कर रहे हैं। कारण श्री राम का आदर्श तप, त्याग ,प्रेम, सर्वोत्तम आदर्श है। मानव जीवन को श्रेष्ठ बनाने वाली राम कथा निर्मल पावन प्रवाहित मंगलमय धारा है जिसके दर्शन मात्र से मानव जीवन धन्य हो जाता है। अखिल विश्व में राम कथा ही एकमात्र ऐसी कथा है जोकि मानव को महामानव बनाने की सामर्थ्य रखती है ।वह हमें सदमार्ग पर आदर्श के साथ चलने को प्रेरित करती है तथा भारतीय नव पीढ़ी को शिक्षा के साथ संस्कार प्रदान करती है ।सनातन धर्म की अखंडता, समरसता तथा एकता की पुनीत भावना भी बाल रामायण में ही निहित है जिसका अनुसरण कर भावी भारत के कर्णधार निश्चित रूप से सनातन संस्कृति के प्रति अपना पावन कर्तव्य निभा सकते हैं। सनातन संस्कृति का संरक्षण कर भारत को जीवंत बना सकते हैं। उपर्युक्त विचार बाल रामायण के रचयिता डॉ दीपंकर गुप्त ने आज बी के इंटरनेशनल स्कूल की बाल सभा में व्यक्त किये। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गजराम जी सहित समस्त अध्यापिकाओं को भी सम्मानित किया तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को सनातन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता के प्रमाण पत्र भी प्रदान किये।



प्रभु श्री राम की आदर्शमयी जीवन गाथा का गुणगान विभिन्न विद्यालयों में बाल सभाओं के आयोजन कर सेवा, आदि उदात्त गुणों से युक्त उनका जीवन मानवता के लिए वरदान है तथा जन-जन के लिए

रुहेलखंड विश्वविद्यालय में 16 को उद्योग-शिक्षा जगत के दिग्गजों का होगा महासंगम

बरेली (आज समाचार सेवा)। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में आगामी 16 नवंबर 2026 (सोमवार) को अपराह्न 2:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक कुलपति कार्यालय में 'Corporate Round Table Discussion on Industry-Academia Collaborations' विषय पर एक महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में हैदराबाद, गुरुग्राम, नई दिल्ली, नोएडा एवं मुंबई सहित देश के विभिन्न औद्योगिक एवं शैक्षणिक केंद्रों से प्रतिष्ठित उद्योग प्रतिनिधि, उद्यमी, विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ भाग लेंगे। बैठक का प्रमुख उद्देश्य विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के बीच प्रभावी साझेदारी स्थापित कर विद्यार्थियों के लिए आधुनिक, रोजगारपरक एवं उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप शैक्षणिक तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करना है। **देश के प्रतिष्ठित उद्योग एवं तकनीकी विशेषज्ञ करेंगे सहभागिता** इस महत्वपूर्ण बैठक में श्री के. लक्ष्मण, अध्यक्ष, खेतिवाला, हैदराबाद कृषि क्षेत्र में नवाचार, कौशल विकास तथा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं ग्रामीण विकास की संभावनाओं पर विचार प्रस्तुत करेंगे। श्री राम ओला, अध्यक्ष, फ्लाई ओला, गुरुग्राम विमानन क्षेत्र में नए शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसरों पर चर्चा करेंगे। उनके साथ श्री बहादुर चंद गुप्ता, निदेशक, सेंटर फॉर सिविल एविएशन ट्रेनिंग, नई दिल्ली विमानन प्रशिक्षण, प्रमाणन एवं उद्योग आधारित कौशल विकास कार्यक्रमों की संभावनाओं पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। सुश्री विनीता बजाजा, बजाज ऑटो इलेक्ट्रिकल, दिल्ली तकनीकी एवं विद्युत क्षेत्र में कौशल प्रशिक्षण, महिला सशक्तीकरण तथा ष्टस्क आधारित कार्यक्रमों में सहयोग की संभावनाओं पर विचार रखेंगी। सूचना प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में श्री निशिकांत गुप्ता, नेविटेक डेटा सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा स्टार्टअप, आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण तथा रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। विशेष रूप से प्रो. बिजयंत अग्रवाल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ, नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय नई दिल्ली विश्वविद्यालय में एआई आधारित पाठ्यक्रमों के विकास, उभरती प्रौद्योगिकियों, नवाचार एवं स्टार्टअप इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के संबंध में विशेषज्ञ सुझाव प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त श्री धवल शाह, डेटागमटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई तकनीकी सेवाओं, आईटी आधारित प्रशिक्षण, उद्योग सहयोग एवं के माध्यम से शैक्षणिक विकास की संभावनाओं पर विचार साझा करेंगे। शिक्षा, उद्योग और रोजगार के बीच स्थापित होगा प्रभावी समन्वय विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. एस. के. पाण्डेय के अनुसार, इस बैठक का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं स्किल भारत की भावना के अनुरूप विश्वविद्यालय में ऐसे शैक्षणिक एवं कौशल विकास कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करना है, जो विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करने तक सीमित न रहकर उन्हें रोजगार, उद्यमिता और स्वरोजगार के लिए भी सक्षम बना सकें। बैठक में उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार पाठ्यक्रमों के आधुनिकीकरण, नए सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कार्यक्रमों, व्यावहारिक प्रशिक्षण, तकनीकी सहयोग, स्टार्टअप संवर्धन तथा ष्टस्क आधारित शैक्षणिक एवं सामाजिक विकास परियोजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। संयुक्त सत्र में तैयार होगी भावी सहयोग की रूपरेखा बैठक के अंतिम चरण में सभी आमंत्रित गणमान्य अतिथियों के साथ संयुक्त विचार-विमर्श आयोजित किया जाएगा, जिसमें विश्वविद्यालय तथा उद्योग जगत के बीच संभावित सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान तथा भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। यह आयोजन विश्वविद्यालय को उद्योगोन्मुखी शिक्षा, तकनीकी नवाचार, कौशल विकास और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बैठक का आयोजन कुलपति कार्यालय, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली में हाइब्रिड माध्यम से किया जाएगा, जिसमें आमंत्रित अतिथि प्रत्यक्ष अथवा ऑनलाइन सहभागिता कर सकेंगे।

कार्यालय नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली)

पत्रांक:-638/न.पा.परि.फ./2026-27 दिनांक 13-11-2026

जैम बिड सूचना

जैम पोर्टल पर पंजीकृत सेलर को सूचित करना है कि नगर पालिका परिषद फरीदपुर (बरेली) द्वारा नगर की फॉगिंग मशीन, सफाई व्यवस्था आदि को सुदृढ बनाये जाने के उद्देश्य से जैम पोर्टल पर बिड का प्रकाशन कराया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है।

Bid Number	:	GEM/2026/B/8268670,GEM/2026/B/8268548, GEM/2026/B/8267555,GEM/2026/B/8267375, GEM/2026/B/8268217,GEM/2026/B/8272653, GEM/2026/B/8268173,GEM/2026/B/8272754,
BID Published Date	:	13-11-2026
Bid End Date	:	24-11-2026
Bid Opening Date	:	25-11-2026

अत: जैम सेलर उक्त अवधि में प्रकाशित बिड में प्रतिभाग कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
फरीदपुर (बरेली)

कार्यालय उपनिदेशक (वि0/यॉ0) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0 नवीन मण्डी स्थल ,डेलापीर, बरेली।

पत्रांकः वि0/यॉ0/(निविदा)/2026–1286 दिनांक–12.11.2026

कार्यालय पत्रॉक वि0/याँ0/निविदा/बरेली/2026– 1255 दिनांक 15.10.2026 द्वारा दिनांक 06.11.2026 को आमंत्रित ई–निविदा पुनः दिनांक 28.11.2026 को आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरांह 12:30 बजे ई–टेन्डर के माध्यम से आनलाईन कार्यालय उपनिदेशक (वि0/यॉ0), राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, नवीन मण्डी स्थल, डेलापीर, बरेली में खोली जायेगी। निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 27.11.2026 को अपराहन 5:00 बजे तक आनलाइन भरकर लोड की जा सकती है। Tender ID क्रमशः 2026_RKUMP_ 1207759_1, 2026_RKUMP_ 1207762_1, 2026_RKUMP_1207764_1 एवं 2026 _RKUMP_ 1207765 _1,हैं। नियम व शर्ते आनॅलाईन पढ़ी जा सकती हैं।

भवदीय,
उपनिदेशक (वि0/यॉ0)
मण्डी परिषद, बरेली।

जिला कृषि अधिकारी को पीसीएफ के मंडी प्रथम धान क्रय केंद्र पर तौल और स्टॉक में मिला अंतर

यूपी को ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक को मोबाइल पर सूचना देकर तीनों क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने की बात कही

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। सरकारी धान क्रय केन्द्रों पर किसानों से



खरीद की स्थिति कितनी पारदर्शी है, इससे कोई अंजान नही है। सर्व विदित है कि प्रत्येक वर्ष किसानों की गैर मौजूदगी के बावजूद क्रय केन्द्रों का स्टॉक कागज़ो में बढ़ता जाता है और इसी तरह लक्ष्य की पूर्ति हो जाती है। बरसों से चली आ रही इस परंपरा को आज भी बखूबी निभाया जा रहा है। जिसका ज्वलंत उदाहरण बीते दिन तब देखने को मिला जब जिला कृषि अधिकारी ने मंडी समिति परिसर स्थित यूपी को ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित शिवनगर सहकारी संघ लिमिटेड एट पूरनपुर मंडी प्रथम क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। जिसमें उन्हें ऑनलाइन खरीद और स्टॉक में भारी अंतर देखने को मिला। इसके बाद जिला कृषि अधिकारी ने यूपी को ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक कपिल देव से मोबाईल पर वार्ता कर ऑनलाइन दर्शायी जा रही खरीद और मौजूद स्टॉक में भारी अंतर होने की जानकारी देते हुए उन्हें कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में संचालित उनकी संस्था के तीनों धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण करने की बात कही। जानकारी लेने पर ज्ञात हुआ कि शिवनगर सहकारी संघ लिमिटेड एट पूरनपुर मंडी प्रथम पर 12 नवंबर 2026 तक 1960 कुंतल (4900 कट्टा) धान खरीद ऑनलाइन प्रदर्शित हो रही है। जबकि निरीक्षण के दौरान मौके पर जिला कृषि अधिकारी को गिनती में 3600 कट्टे मौजूद मिले। यदि प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो गिनती करने में यदि 100 कट्टो की भूल-चूक रही हो तब भी करीब 1200 धान भरे कट्टो का अंतर किसी घपलेबाजी की शुरुआत की तरफ इशारा कर रहा है। जिला कृषि अधिकारी ने पूरे मामले से क्रय केंद्र संचालित करने वाली संस्था के जिला प्रबंधक को अवगत करवा कर जांच करने की बात कही जाती स्पष्ट रूप से कहा कि इस मामले को बैठक में जिलाधिकारी के समझ भी रखा जाएगा। हमारे संवाददाता ने जब इस मामले की विस्तृत और अधिक जानकारी लेने के लिए जिला कृषि अधिकारी के मोबाइल नंबर 7599008910 पर संपर्क किया तो कई बार घंटी जाने के बावजूद उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। यही नहीं इस संबंध में यूपी को ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के जिला प्रबंधक कपिल देव के धान क्रय केंद्र पर लटक रहे फ्लेक्सी पर अंकित मोबाइल नंबर 8765984757 पर संपर्क किया गया तो उन्होंने भी ने भी किसी सवाल का जवाब देने से बचने के लिए कॉल रिसीव करने की ज़हमत नहीं उठाई। फिलहाल यदि शिवनगर सहकारी संघ लिमिटेड एट पूरनपुर मंडी प्रथम पर आँनलाइन खरीद और स्टॉक में इतना बड़ा अंतर है तो यह गंभीर और गहन जांच का विषय है। यदि मामला जांच में सत्य पाया जाता है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही ही इस प्रकार की धांधली (लापरवाही) पर अंकुश लगाने का काम कर सकती है।

दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहा पति गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को उसके गांव पडरिया स्थित



घर से शुक्रवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही थी।

पुलिस के मुताबिक थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव गोपालपुर निवासी विनोद कुमार ने अपनी छोटी बहन मालती देवी की शादी 04 जनवरी 2025 को पूरनपुर क्षेत्र के गांव पडरिया निवासी विजय कुमार पुत्र रामचंद्र के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मालती को प्रताड़ित करते थे। उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट भी की जाती थी।आरोप है कि दो अगस्त 2026 को पति विजय कुमार समेत ससुराल पक्ष के छः लोगों ने मालती को जहर देकर उसकी हत्या कर दी। मामले में विनोद कुमार की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित छः लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस इस मामले में रामचंद्र और लौंगश्री को छः अक्टूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब पुलिस ने तीसरे आरोपी पति विजय कुमार को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों की तलाश और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अध्यक्ष ने गुरुद्वारे की 18 एकड़ जमीन पर कब्जे के प्रयास का लगाया आरोप

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। पूरनपुर ब्लॉक रोड स्थित गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा की हरसिंहपुर में स्थित करीब 18 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जे के प्रयास का आरोप लगा है। शुक्रवार को गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष रंजीत सिंह का एक वीडियो बयान सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें उन्होंने जमीन पर कब्जे की कोशिश किए जाने का मुद्दा उठाते हुए मामले की जानकारी दी है।

गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष रंजीत सिंह के मुताबिक गुरुद्वारे की यह जमीन लंबे समय से कमेटी के अधीन है। आरोप है कि कुछ लोगों द्वारा इस पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी जमीन पर कब्जे की कोशिश की जा चुकी है। वीडियो वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है। गुरुद्वारा कमेटी की जमीन की सुरक्षा और कथित कब्जे के प्रयास को लेकर लोगों के बीच चर्चा हो रही है।

दवा लेने निकले युवक पर लाठी-डंडों से हमला

पूरनपुर (पीलीभीत)। दवा लेने के लिए घर से निकले युवक को रास्ते में घेर कर लाठी डंडों से पीट दिया गया। आरोप है कि युवक को घसीटते हुए घर में ले जाकर बंधक बनाकर मारपीट की गई। इस मामले में शिकायत के बावजूद पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते पीड़ित ने सांसद से कार्रवाई करने की गुहार लगाई। सांसद के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के ग्राम गढ़ा कलां निवासी विशाल पुत्र अजयपाल ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि 09 नवंबर 2026 की शाम करीब सात बजे गांव के ही निवासी प्रवीण, सुरेंद्र, सुनील, अनिल, सुरेश, गुलशन, रामसनेही, प्रकाश, प्यारेलाल, सूरज, माया प्रकाश, चंद्रशेखर, जगदंबा, मोहन स्वरूप, संजू और सुरेंद्र की बीवी ने एक राय होकर उसे रास्ते में घेर लिया और लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। युवक का आरोप है कि उसके गले में गमछा डालकर आरोपी उसे घसीटते हुए घर में ले गए और बंधक बनाकर पीटा। पुलिस के अनुसार सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे आरोपियों के चंगुल से मुक्त कराया और थाने ले आई। इस मामले में दी गई तहरीर के बावजूद आरोपियों के विरुद्ध जब कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो उसने सांसद से हस्तक्षेप करने की गुहार लगाई। बताया जा रहा है कि सांसद के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने आखिरकार 16 नामजद आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (ङ्घह्रस्) की चार धाराओं 191(2), 115(2), 351(2) और 352 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर निकाली गई प्रभात फेरी

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। ब्लॉक रोड स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा की ओर से प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी प्रभात फेरियों का आयोजन किया जा रहा है। 10 नवंबर से शुरू हुआ प्रभात फेरियों का सिलसिला 24 नवंबर तक जारी रहेगा।

शुक्रवार को गुरुद्वारा साहिब से गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। यह ब्लॉक चौराहा और सिरसा चौराहा होते हुए पंकज कॉलोनी में बलवीर सिंह के आवास पर पहुंची। यहां भाई गुरमेज सिंह के जत्थे ने गुरुवाणी के शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। हेड ग्रंथी भाई जसपाल सिंह ने अरदास की। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। प्रभात फेरी में लाभ सिंह, हरविंदर सिंह, बलजीत सिंह, अमरजीत सिंह, सुरजीत सिंह और सुखदेव सिंह सहित तमाम श्रद्धालु शामिल रहे। वहीं भाई देविंदर सिंह ढिल्लों का जत्था प्रतिदिन प्रभात फेरी के आगे झाड़ू लगाकर सेवा कर रहा है। सेवा और समर्पण की यह परंपरा संगत को गुरु की शिक्षाओं से जोड़ रही है। हेड ग्रंथी भाई जसपाल सिंह ने बताया कि 24 नवंबर तक प्रभात फेरियां जारी रहेंगी। इसके बाद दोपहर में गुरुद्वारा साहिब में गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में भव्य दीवान सजाया जाएगा।

खुद को कलीनगर का बदमाश बताने वाला युवक गिरफ्तार

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। खुद को कलीनगर का बदमाश बताकर किसी से भी टक्कर लेने की चुनौती देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किया गया युवक मुनीष भारती कलीनगर चेयरमैन माया भारती के रिश्ते में देवर हैं। बताया जा रहा है कि वह लोगों के बीच अपनी दबंगई का रौब दिखाते हुए कहता था कि उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं और उससे कोई टक्कर नहीं ले सकता। मुखबिर की सूचना पर कलीनगर पुलिस चौकी इंचार्ज सैफ खान ने पुलिस टीम के साथ ईदगाह पुलिया के पास घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से 315 बोर का तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक मुनीष भारती के खिलाफ पहले से ही कई मुकदमे दर्ज हैं और वह पूर्व में जेल भी जा चुका है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

एलटी पोल से सीधे तार डालकर बिजली चोरी करते पकड़ा, मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विद्युत कर्मियों ने एक व्यक्ति को एलटी पोल से सीधे तार डालकर बिजली चोरी करते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति के विरुद्ध विद्युत अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

विद्युत विभाग के अवर अभियंता राजीव कुमार के नेतृत्व में टीम ने पांच नवंबर को शाम करीब 04 बजकर 27 मिनट से 04 बजकर 42 मिनट के बीच नगर के मोहल्ला गणेशगंज में भारत पैथोलॉजी के पास छापा मारा। जांच के दौरान आनंद रस्तोगी पुत्र राजाराम रस्तोगी को एलटी पोल से सीधे तार जोड़कर बिजली का इस्तेमाल करते पाया गया। टीम ने मौके पर वीडियोग्राफी कर जांच रिपोर्ट तैयार की। छापेमारी करने वाली टीम में संविदाकर्मी प्रमोद सैनी, हरिओम वर्मा, झब्बू लाल और विकास त्रिवेदी शामिल रहे। विभाग की ओर से बिजली चोरी से संबंधित साक्ष्य और वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ एंटी पावर थेफ्ट थाने में तहरीर दी गई। अवर अभियंता राजीव कुमार ने जानकारी दी कि पुलिस ने आरोपी आनंद रस्तोगी के खिलाफ शुक्रवार को संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामूली कहासुनी के बाद दोस्तों को बुलाकर की मारपीट, तीन घायल

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। आरोप है कि एक युवक ने पूरनपुर से अपने आधा दर्जन दोस्तों को बुलाकर दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों पक्षों के तीन युवक घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव कढ़ैर चौरा निवासी बबलू और अर्जुन के बीच किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसके बाद अर्जुन ने पूरनपुर निवासी अपने करीब आधा दर्जन दोस्तों को बुला लिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में बबलू और उसका भाई सोनू घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से शामिल साहूकारा लाइनपार निवासी सचिन भी घायल हो गया। घटना के बाद तीनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों पक्षों ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत करने वाले आरोपी पर मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। देर रात गांव का ही एक युवक महिला के घर में घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष से प्राप्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव बलरामपुर में देर रात घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। गांव निवासी युवक के मुताबिक 11 और 12 नवंबर की मध्यरात्रि करीब दो बजे उसकी मां और भाभी घर में सो रही थीं। परिवार के अन्य सदस्य रुद्रपुर में काम करते हैं। आरोप है कि इसी दौरान ओमप्रकाश पुत्र स्वर्गीय किशनाई गलत नीयत से घर में घुस आया और उसकी मां के साथ अश्लील हरकतें करने लगा। मां और भाभी ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। देर रात घर लौटे दोनों भाइयों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बोलेरो की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत, चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। पूरनपुर-खुटार मार्ग पर कढैर चौरा के पास तेज रफ्तार बोलेरो कैंपर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना खुटार क्षेत्र के गांव पहाड़पुर निवासी विनोद कुमार चार नवंबर को रिश्तेदारी से बाइक से घर लौट रहे थे। पूरनपुर-खुटार मार्ग पर कढैर चौरा के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो कैंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विनोद गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने उन्हें सीएचसी पूरनपुर पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल और फिर केजीएमयू लखनऊ रेफर कर दिया गया। 05 नवंबर को उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के भाई राजकुमार ने 11 नवंबर को पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने बोलेरो कैंपर के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घर में घुसकर हमलावर होकर तीन को पीटा, युवक के सिर पर मारा बांका, मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। घर में घुसकर परिवार के लोगों पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। यही नहीं युवक के सिर पर बांका से भी प्रहान किया गया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रामपुर ताल्लुका महाराजपुर निवासी चंद्रा देवी के अनुसार 10 नवंबर की रात करीब आठ बजे सुनील, चरनजीत, सुरजीत और जयदेव उनके घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उनके भतीजे रंजीत को जान से मारने की नीयत से सुनील ने उसके सिर पर बांका से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया। आरोपियों ने विमला देवी पर भी बांके से वार किया, जबकि बहू रीना देवी को डंडों और लात-घूंसों से पीटकर बेहोश कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुनील, चरनजीत, सुरजीत और जयदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पारिवारिक विवाद में महिला से मारपीट करने वालों पर चार मुकदमा दर्ज

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। पारिवारिक विवाद के दौरान महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव घुंघचाई निवासी विवेक कुमार के अनुसार 10 नवंबर की देर शाम उनके चचेरे भाई योगेश का उनके भाई रवि से विवाद हो रहा था। विवाद शांत कराने के लिए उनकी पत्नी पूनम मौके पर पहुंचीं। आरोप है कि इस दौरान योगेश, विपिन और उनके भाई अनुज व दुर्गेश ने पूनम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से उनकी पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान पूनम के कान के कुंडल और नाक-कान की बालियां भी कहीं गिर गईं। पीड़ित ने परिवार की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उद्घाटन के बाद कलीनगर में शरू हुआ रामलीला महोत्सव

पूरनपुर (पीलीभीत)। नगर पंचायत कलीनगर में गुरुवार को श्रीरामलीला महोत्सव का शुभारंभ धार्मिक उल्लास के साथ हुआ। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने फीता काटकर इसका विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान वंदन योजना के तहत वार्ड-6 स्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार और नए कक्ष का लोकार्पण भी किया गया। उद्घाटन समारोह में विधायक बाबूराम पासवान ने कहा कि रामलीला भगवान श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है, जिससे नई पीढ़ी को संस्कार मिलते हैं। मेला अध्यक्ष व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश भारती ने सभी का स्वागत करते हुए मेले में झूले, मौत का कुआं और सर्कस जैसी मनोरंजन की विशेष व्यवस्थाओं की जानकारी दी और लोगों से परिवार सहित शामिल होने की अपील की। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

महज 4 हजार किलोमीटर चलने से ही खराब हुई ठाकुर निरंजन सिंह की टाटा सफारी की क्लच प्लेटें

कार स्वामी ने कंपनी पर लगाया लापरवाही का आरोप, 90 हज़ार रुपये मांगने और क्लेम देने से इनकार का मामला

-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। माह मई 2026 में खरीदी गई टाटा सफारी की क्लच प्लेटें 4 महीने बाद ही खराब होने और क्लेम पर कंपनी द्वारा इनकार करते हुए एक बड़ी रकम की मांग करने पर नगर के प्रमुख समाज सेवी ठाकुर निरंजन सिंह ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कंपनी के बड़े-बड़े दावों पर तीखा प्रहार किया है।



नगर के मोहल्ला बमनपुरी निवासी प्रमुख समाजसेवी एवं आर्य पाठशाला इंटर कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर निरंजन सिंह ने बताया कि उन्होंने 2026 के मई माह में टाटा सफारी कार खरीदी थी। कार बिक्री के समय टाटा कंपनी के सेल्स मैन ने बड़े-बड़े दावे किये थे, लेकिन वह सब दावे तब फुस्स हो गये जब मात्र चार हजार किलोमीटर चलने के बाद कार की क्लिच प्लेटें धुआं दे गईऔर फ्लाईव्हील भी खराब निकल गया। समाजसेवी श्री सिंह का अनुमान है कि फ्लाईव्हील में पहले से ही कट हो सकते हैं। इसी वजह से क्लिच प्लेटें जल गईं। ठाकुर निरंजन सिंह ने बताया कि उन्होंने जब इसकी शिकायत कंपनी में की तो कंपनी ने कार उठवा ली और आठ दिन में गाड़ी ठीक करने का आश्वासन दिया। लेकिन उन्हें समय पर कार नहीं मिली। यही नही कंपनी की ओर से करीब 90 हजार रुपये की मांग की गई। इतना ही नहीं ठाकुर निरंजन सिंह का दावा है कि कंपनी ने क्लेम देने से भी इनकार कर दिया। इस पूरे मामले को लेकर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कंपनी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। सवाल यह है कि महज 4 हजार किलोमीटर चली नई गाड़ी में क्लच प्लेटें खराब होने पर ग्राहक को राहत क्यों नहीं मिली ? जबकि माना यह जाता है कि यदि कार महज 4,000 किलोमीटर में ही खराब हो जाए, तो यह क्लच के हाइड्रोलिक सिस्टम, मास्टर, स्लेव सिलेंडर या किसी निर्माण दोष की कमी है। फिलहाल इस मामले में कोई राहत ना मिलने पर ठाकुर निरंजन सिंह ने उपभोक्ता फोरम अथवा न्यायालय की शरण लेने की बात कही है।

राज्य सूचना आयुक्त ने वाईफरकेशन निरीक्षण भवन में जन सूचना अधिकारियों से किया संवाद



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। राज्य सूचना आयुक्त डॉ0 दिलीप अग्निहोत्री ने वाईफरकेशन निरीक्षण भवन में जन सूचना अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार पीलीभीत के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। जन सूचना अधिकारियों को भी इसमें अपने स्तर से योगदान करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस वर्ष जून में पीलीभीत यात्रा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने करीब 570 करोड़ रुपये की लागत वाली 66 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। इनके माध्यम से पीलीभीत की विकास यात्रा आगे बढ़ेगी। आवेदकों को समय पर जन सूचना प्रदान से भी उनकी समस्या का समाधान होता है। यहां ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी योजना का क्रियान्वयन हो रहा है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे है। पीलीभीत में औद्योगिक विकास भी प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि अमरिया में एशिया का सबसे बड़ा खमीर प्लांट लग रहा है और औद्योगिक हब का विकास हो रहा है। इस मौके पर कई जन सूचना अधिकारी मौजूद रहे।

प्लॉटों पर कब्जे के प्रयास का आरोप, विरोध पर सांप्रदायिक टिप्पणी करने की शिकायत



-आज समाचार सेवा-

पूरनपुर (पीलीभीत)। खाली पड़े प्लॉटों पर कब्जे के प्रयास और विरोध करने पर सांप्रदायिक टिप्पणी कर माहौल बिगाड़ने का आरोप लगा है। स्थानीय लोगों ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र दिया और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अहमद नगर निवासी जीशान, कामरान, सरताज, साजिद, तहसीन रजा, फारुक, सद्दाम, रियासत और रिजवान सहित अन्य ने कोतवाली पुलिस से की शिकायत में कहा कि 12 नवंबर को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे दीपक कुमार खंडेलवाल अपने साथ हिंदू संगठन के नेता अंकुर गुप्ता सहित अन्य लोगों को लेकर मोहल्ला अहमद नगर पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने गाटा संख्या 417 में खाली पड़े कुछ प्लॉटों पर कब्जे का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो कथित तौर पर सांप्रदायिक टिप्पणी कर विवाद बढ़ाने की कोशिश की गई। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उक्त जमीन पर कई दशक से आबादी बसी हुई है। लोगों ने जमीन खरीदकर रजिस्ट्री और बैनामे के आधार पर अपने मकान बना रखे हैं। आरोप है कि दीपक कुमार खुद को कुंजी लाल का पोता बताकर आए दिन लोगों को परेशान कर रहा हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इससे पहले 21 सितंबर को भी इस मामले की शिकायत की गई थी। जिसमें गाटा संख्या 421 को अपनी बताकर शिकायत की थी। उस समय तहसील प्रशासन ने जांच की थी। जिस पर राजस्व टीम ने मौके पर आबादी क्षेत्र बताते हुए जांच समाप्त कर दी थी और मामले में न्यायालय जाने की सलाह दी थी। इसके बावजूद आरोप है कि संबंधित लोग दूसरे गाटा संख्या में पहुंचकर लोगों के निर्माण कार्य रुकवा रहे हैं। इससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनने और किसी अप्रिय घटना की आशंका जताई गई है। इस सम्बंध में स्थानीय लोगों ने कोतवाली पुलिस से जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

जल सारथी एप पर सूचना देने से पुनः बनाई जायेगी पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क

पूरनपुर (पीलीभीत)। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए तोड़ी गई सड़कों की पुनर्स्थापना नहीं की गई। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर लंबे समय मिल रहीं शिकायतों का संज्ञान लेकर जल निगम के अधिशासी अभियंता ने जल सारथी एप पर सूचना देने से खोदी गई सड़क की पुनर्स्थापना किए जाने की जानकारी दी है।

जल निगम के अधिशासी अभियन्ता योगेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान यदि कहीं सड़क क्षतिग्रस्त हुई है और उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है तो ग्रामीण इसकी सूचना जल सारथी ऐप के माध्यम से दे सकते हैं। ऐप पर सड़क की मौके से फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सड़क की पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता ने जानकारी दी कि जिले में पेयजलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के दौरान करीब 1897.36 किलोमीटर सड़क खोदी गई, जिसमें से अब तक 1737.04 किलोमीटर सड़कों की पुनर्स्थापना कराई जा चुकी है। शेष सड़कों को भी निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को पूर्व की स्थिति में बहाल करना संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। पुनर्स्थापना कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा न हो। सड़क पुनर्स्थापना कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के साथ जिम्मेदार अभियंता की जवाबदेही भी तय की जाएगी। कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जल सारथी ऐप पर ऐसे दर्ज करें शिकायत- यदि आपके गांव में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़क खोदी गई है और अब तक उसकी मरम्मत नहीं हुई है तो जल सारथी ऐप पर मौके की फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अधिशासी अभियंता योगेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन स्थानों पर अभी तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है, वहां लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की पुनर्स्थापना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जनगणना-2027 के तहत 16 नवंबर से शुरू होगी स्व-गणना, 30 नवंबर तक ऑनलाइन भर सकेंगे परिवार का विवरण



पीलीभीत। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या गणना की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को गांधी सभागार में जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्व-गणना प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों, चार्ज अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और अन्य संबंधित अधिकारियों को स्व-गणना शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनसामान्य को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के तहत जिले के सभी 15 ग्रामीण एवं नगरीय चार्जों में जनसंख्या गणना कराई जाएगी। इसके लिए 78 चयनित फील्ड ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। ये ट्रेनर प्रथम चरण में नामित प्रगणकों और सुपरवाइजरों को दूसरे चरण का प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आमजन को स्व-गणना की सुविधा मिलेगी। इसके तहत परिवार का कोई भी सदस्य आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार और सदस्यों का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेगा। ऑनलाइन जानकारी भरने के बाद एक विशिष्ट पहचान संख्या प्राप्त होगी, जिसे घर आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा। प्रगणक इसी संख्या के आधार पर दर्ज जानकारी का सत्यापन करेंगे। इसके बाद एक दिसंबर 2026 से चार जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य करेंगे। जो परिवार ऑनलाइन स्व-गणना नहीं कर पाएंगे, उनका विवरण प्रगणकों द्वारा घर पहुंचकर दर्ज किया जाएगा। इसके लिए प्रगणकों को डिजिटल माध्यम से जानकारी एकत्र करने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र ने बताया कि जनगणना के दूसरे चरण में प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। स्व-गणना को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी सरकारी विभागों के विभागाध्यक्षों को अपने-अपने विभाग से दो-दो प्रशिक्षित ट्रेनर नामित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन ट्रेनरों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। वे निर्धारित अवधि में अपने विभागों के कर्मचारियों की स्व-गणना पूरी कराने में सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि जनगणना निदेशालय के निर्देश पर जिले में 15 दिवसीय दिवसवार स्व-गणना जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है। जनगणना-2027 में पहली बार आमजन को स्वयं ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने की सुविधा दी जा रही है। हालांकि, स्व-गणना पूरी तरह वैकल्पिक होगी। ऑनलाइन विवरण दर्ज न कराने वाले परिवारों की गणना प्रगणक निर्धारित अवधि में घर जाकर करेंगे। बैठक में जिला जनगणना अधिकारी प्रसून द्विवेदी, जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एवं अपर जिला जनगणना अधिकारी मेराज सहित जनगणना सेल के सदस्य सौरभ कान्त, जितेंद्र सेठ, हीरालाल, शंकर लाल और अनिकेत समेत संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनपद में धारा 163 लागू- जिला मजिस्ट्रेट

पीलीभीत। आगामी माह में गुरूनानक जयन्ती, कार्तिक पूर्णिमा, गुरूतेग बहादुर शहीद दिवस, क्रिसमस डे, नववर्ष एवं धरना प्रर्दशन तथा अनेकों प्रतियोगी परीक्षायें सम्पन्न होना है। विभिन्न माध्यमों से सूचनाएं प्राप्त हो रही हैं कि कतिपय संगठन अपने निहित स्वार्थो की पूर्ति के लिये अराजक, असमाजिक तत्वों के सहयोग से समाज में विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों तथा जन सामान्य के मध्य वैमनस्य द्वेष व दुर्भावना का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर सकते हैं और लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध करने हेतु प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संलिप्त हो सकते है। उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये आलोक कुमार, जिला मजिस्ट्रेट, पीलीभीत ने जनपद में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू कर दी गई है। जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगी तथा यदि इन्हें संशोधित नहीं किया जाता है या वापस न लिया जाये तो दिनांक 08 जनवरी 2027 तक यथावत लागू रहेंगी। कोई भी व्यक्ति उक्त अवधि में लाठी, डंडा बन्दूक, रिवाल्वरध्पिस्टल अन्य आग्नेयास्त्र तलवार, 04 इंच से अधिक फलवाला चाकू आदि लेकर नही चलेगा और नही ऐसा प्रदर्शन करेगा। राज्य कर्मचारी जिनको अपने शासकीय कर्तव्य हेतु हथियार की आवश्यकता हो, को छोड़कर अन्य व्यक्ति उक्त हथियार सार्वजनिक स्थान या मार्ग पर लेकर नहीं चलेंगे। अन्धे और कमजोर व्यक्ति के सहारे के लिए डन्डा व सिक्खों को कृपाण लेकर चलने की अनुमति होगी। किसी सार्वजनिक स्थानों पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नही होगें। यह प्रतिबन्ध सरकारी कार्य के सम्बन्ध में एकत्रित कर्मचारियोंध्व्यक्तियों पर लागू नहीं होगा। किसी भी सार्वजनिक स्थान पर सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना जलसा, जूलुस, जनसभा आदि का आयोजन नहीं किया जायेगा। किसी भी जुलूसध्समारोह एवं किसी भी धार्मिक स्थल पर किसी प्रकार की कोई नई परम्परा नहीं डाली जायेगी। कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेन्स तेजाब या अन्य विस्फोटक सामग्री एवं बोतल अथवा शीशे के टुकडे, ईंट, पत्थर आदि अपने घरों के सामने सार्वजनिक स्थानों या छतों पर हिंसा के उद्देश्य से संग्रहित नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति लाउडस्पीकर अथवा ध्वनि विस्तारक यंत्र का का प्रयोग बिना समक्ष अधिकारी की अनुमति के नही करेगा और न ही कोई व्यक्ति तेज आवाज वाले पटाखें आदि का इस्तेमाल करेगा। कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई लेख, पोस्टर आदि नही छपवायेगा और न ही ऐसा भाषण जिससे सामाजिक विद्वेष उत्पन्न हों अथवा किसी भी समुदाय की भावना को ठेस पहुंचे। किसी भी धार्मिक एवं ऐतिहासिक महापुरूष के विरूद्ध कोई ऐसी बात नहीं कहेगा या करेगा जिससे दूसरे वर्ग के व्यक्तियों को ठेस पहुंचे। कोई भी व्यक्ति न तो किसी प्रकार की अफवाह फैलायेगा न हीं दूसरों को अफवाहें फैलाने हेतु प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में सार्वजनिक स्थान पर नही घूमेगा। कोई भी व्यक्ति सरकारी सम्पत्ति को न तो किसी प्रकार की क्षति पहुचायेंगा और नही क्षति पहुंचाने का प्रयास करेगा। कोई भी व्यक्ति भवन स्वामी की अनुमति के बिना उसके भवन दीवार अथवा अन्य स्थान पर पोस्टर, हैण्डबिल नहीं चिपकायेगा और न हीं होर्डिग व कटआउट लगायेगा और न हीं बिना भवन स्वामी की अनुमति के दीवारों पर प्रचार लेख करायेगा। सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्थानीय निकायों के भवनों एवं सड़कों तथा अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों के विषय में भी यही आदेश लागू होगें। किसी भी व्यक्तिध्नव युवक द्वारा मोटर साइकिल आदि पर सवार होकर हुड़दंग करते हुये मार्गध्यातायात वाधित नही करेगा। कोई भी व्यक्ति उत्तेजक नारे या बयानबाजी नहीं करेगा, जिससे दूसरे सम्प्रदाय या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचे। लाउडस्पीकर या पब्लिक एड्रेस सिस्टम का प्रयोग बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के नही होगा। इसका प्रयोग रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे के मध्य नही होगा। किसी भी चिकित्सालय, शैक्षिक संस्था तथा मा० न्यायलय का 100 मीटर का क्षेत्र शान्त रहेगा। बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के ड्रेन का उड़ान प्रतिबन्धित रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इस आदेश के अन्तर्गत छूट चाहता है तो वह जिला मजिस्ट्रेट, नगर मजिस्ट्रेट या सम्बन्धित परगना मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकता है, जिस पर सम्यक विचारोपरान्त यथोचित आदेश पारित किये जायेंगे। यह आदेश दिनांक 13 जनवरी 2026 से 08 जनवरी 2027 तक पूरे जनपद पीलीभीत में प्रभावी रहेगा। इस आदेश अथवा इसके किसी अंश का उल्लंघन भारतीय न्यायिक संहिता की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति ने विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन, निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग



पीलीभीत। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की जिला इकाई ने राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्योराज सिंह के राष्ट्रीय आह्वान पर विभिन्न मांगों और समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पीलीभीत को सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप ने किया, जबकि जिला अध्यक्ष पाती राम कश्यप ने अध्यक्षता की। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई की मांग उठाई। ज्ञापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप ने मुरादाबाद जनपद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र में लोक शक्ति संगठन के छह वरिष्ठ पदाधिकारियों के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि पदाधिकारियों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की। मंडलीय प्रभारी सरदार गुरबेंद्र सिंह ने पीलीभीत जिला चिकित्सालय की नई बिल्डिंग में मरीजों की सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग उठाई। उन्होंने अस्पताल में पूछताछ कक्ष स्थापित करने और मरीजों को पर्चे पर संबंधित डॉक्टर के कक्ष का नंबर अंकित करके देने की व्यवस्था लागू करने की बात कही। साथ ही डॉक्टरों के कक्षों के बाहर सहायता कर्मचारियों की तैनाती करने की मांग की, ताकि 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और दिव्यांग मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर उपचार मिल सके। उन्होंने बुजुर्ग पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग पर्चा काउंटर तथा दवा वितरण काउंटर की व्यवस्था करने की मांग की। अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जांच में भी बुजुर्ग मरीजों को प्राथमिकता देने की बात कही। इसके अलावा महिला चिकित्सालय की नई बिल्डिंग में प्रसव संबंधी सेवाओं के दौरान आशा कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से सुविधा शुल्क लेने की शिकायत उठाई। उन्होंने प्रसव काउंटर पर मरीजों के परिजनों से जबरन कोरे कागज पर यह लिखवाने की व्यवस्था तत्काल बंद कराने की मांग की कि उनसे कोई सुविधा शुल्क नहीं लिया गया है। जिला अध्यक्ष पाती राम कश्यप ने मोहल्ला पकड़िया निवासी चंद्रसेन पुत्र नन्हे लाल के मामले को उठाते हुए आरोप लगाया कि मनोज कुमार पुत्र कृष्ण स्वरूप सक्सेना ने उन्हें जाल में फंसाकर और शराब पिलाकर करोड़ों रुपये की संपत्ति औने-पौने दामों में खरीद ली। उन्होंने इस मामले में संबंधित डीलर के खिलाफ थाना कोतवाली पीलीभीत में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। उन्होंने ग्राम दियोराजपुर निवासी बेचेलाल के भाई वेदप्रकाश से जुड़े मामले में भी कार्रवाई की मांग उठाई। आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान जगपाल वर्मा ने लखैया निवासी संदीप पांडेय के सहयोग से वेदप्रकाश को अगवा किया तथा परिवार के एक सदस्य की मृत्यु के बाद शासन से मिली एक लाख रुपये की सहायता राशि में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों ने बंदरबांट की। संगठन ने इस मामले में संबंधित लोगों के खिलाफ दियोरिया कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। जिला प्रभारी रामचंद्र लाल फौजी ने ग्राम पंचायत कौचू टांडा के मजरा लक्ष्मीपुर और बिलासपुर में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना से जुड़े मामलों में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि लक्ष्मीपुर में लाभार्थी सुधा देवी के आवास का निर्माण गलत गाटा संख्या और ग्राम समाज की भूमि पर कराया गया। वहीं ग्राम पंचायत बिलासपुर में गाटा संख्या 61 की ग्राम समाज की भूमि पर कथित रूप से अनियमित तरीके से प्रधानमंत्री आवास बनवाया गया। उन्होंने दोनों मामलों की जांच के लिए जनपदीय कमेटी गठित करने की मांग की। साथ ही जांच में दोषी पाए जाने वाले लोगों से सरकारी धन की वसूली कराने और जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान मंडलीय सचिव मुरलीधर कश्यप, बरेली मंडल प्रभारी सरदार गुरबेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष पाती राम कश्यप, जिला महासचिव सोहन लाल वर्मा, जिला संयोजक ओमप्रकाश, जिला सलाहकार मंत्री सुरेंद्र कुमार वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रामकृष्ण, ब्लॉक अध्यक्ष बेचेलाल, ब्लॉक उपाध्यक्ष बनवारी लाल, अमरिया ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, अनीता देवी सहित तिलकराम, भगवानदास, होरीलाल, रामरतन, मैकूलाल, वेदपाल, हरिओम, गुड्डी देवी, रामबेटी, विमला देवी और नन्ही देवी समेत संगठन के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आगामी विधानसभा निर्वाचन-2027 की तैयारियों को लेकर सेक्टर अधिकारियों के साथ बैठक हुई संपन्न

पीलीभीत। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2027 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज गांधी सभागार में जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में समस्त सेक्टर अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुमार कश्यप ने बताया कि निर्वाचन व्यवस्था हेतु जनपद को कुल 102 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। जिलाधिकारी ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संवेदनशील (वल्नरेबल) बूथों का गहन चिन्हांकन करने तथा इसकी विस्तृत रिपोर्ट संबंधित उपजिलाधिकारी को सौंपने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण एवं अन्य निर्वाचन कार्यों हेतु विशेष अभियान के लिए 21, 22, 28 तथा 29 नवंबर, 2026 की तिथियां निर्धारित की गई हैं। विधानसभा क्षेत्र-127 में हुई त्रुटियों के संबंध में अवगत कराया गया कि आलेख्य प्रकाशन के दौरान जो मतदाता सूची प्रदर्शित होगी, उसमें माह जून से सितंबर के मध्य हुई त्रुटियाँ अभी प्रकाशित हो सकती हैं। इनके शुद्धिकरण का कार्य इसी विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान किया जाएगा जिसके लिए वर्तमान में ईआरओ के पर्यवेक्षण में बीएलओ द्वारा त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों वाले मतदाताओं से फॉर्म 8 भौतिक रूप से इकट्ठा किये जा रहे हैं। आगामी विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान ऐसे मतदाताओं की प्रविष्टियों का शत प्रतिशत शुद्धिकरण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सेक्टर अधिकारी विशेष अभियान दिवसों के दौरान अपने आवंटित बूथों का अनिवार्य रूप से भ्रमण करें। इस दौरान मतदेय स्थलों पर उपलब्ध विभिन्न बुनियादी सुविधाओं (जैसे- पेयजल, विद्युत, रैंप, शौचालय आदि) का भौतिक सत्यापन कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए और सभी अधिकारी समयबद्ध रूप से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.), नगर मजिस्ट्रेट, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गई सड़क की जल सारथी ऐप पर दें सूचना, होगी पुनर्स्थापना

पीलीभीत। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने अवगत कराया कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल योजनाओं के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान यदि कहीं सड़क क्षतिग्रस्त हुई है और उसकी मरम्मत नहीं कराई गई है तो ग्रामीण इसकी सूचना जल सारथी ऐप के माध्यम से दे सकते हैं। ऐप पर सड़क की मौके से फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों द्वारा सड़क की पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिले में पेयजलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के दौरान करीब 1897.36 किलोमीटर सड़क खोदी गई, जिसमें से अब तक 1737.04 किलोमीटर सड़कों की पुनर्स्थापना कराई जा चुकी है। शेष सड़कों को भी निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने की कार्रवाई की जा रही है। पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़क को पूर्व की स्थिति में बहाल करना संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। पुनर्स्थापना कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में असुविधा न हो। सड़क पुनर्स्थापना कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित एजेंसी के साथ जिम्मेदार अभियंता की जवाबदेही भी तय की जाएगी। कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जल सारथी ऐप पर ऐसे दर्ज करें शिकायत-यदि आपके गांव में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़क खोदी गई है और अब तक उसकी मरम्मत नहीं हुई है तो जल सारथी ऐप पर मौके की फोटो और वीडियो अपलोड कर शिकायत दर्ज कराएं। शिकायत मिलने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। पेयजल योजनाओं के कार्यों में गुणवत्ता पर जोरः-अधिशासी अभियंता योगेश कुमार ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन स्थानों पर अभी तक पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित नहीं हो सकी है, वहां लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की पुनर्स्थापना पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

पीलीभीत का समग्र विकास जरूरतमंदों की समस्याओं का समाधान करें- जन सूचना अधिकारी

पीलीभीत। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री ने वाईफरकेशन निरीक्षण भवन में जन सूचना अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सरकार पीलीभीत के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। जन सूचना अधिकारियों को भी इसमें अपने स्तर से योगदान करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस वर्ष जून में पीलीभीत यात्रा का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने करीब रू. 570 करोड़ की लागत वाली 66 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। इनके माध्यम से पीलीभीत की विकास यात्रा आगे बढ़ेगी। आवेदकों को समय पर जन सूचना प्रदान से भी उनकी समस्या का समाधान होता है। यहां ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी योजना का क्रियान्वयन हो रहा है। स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा रहे है। पीलीभीत में औद्योगिक विकास भी प्रगति पर है। अमरिया में एशिया का सबसे बड़ा खमीर प्लांट लग रहा है। औद्योगिक हब का विकास हो रहा है।



बर्कलीगंज में हुए स्वास्थ्य शिविर में 26 मरीजों का हुआ परीक्षण, डेंगू-मलेरिया का कोई मरीज नहीं मिला

पीलीभीत। जिले में डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 12 नवंबर को ग्राम बर्कलीगंज में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 26 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और जरूरत के अनुसार निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं। इस दौरान चार मरीजों की मलेरिया और डेंगू की जांच की गई, जिसमें सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भुवन चंद्र पंत ने बताया कि शिविर के दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर ग्रामीणों को डेंगू और मलेरिया से बचाव के प्रति जागरूक किया। लोगों को घरों और आसपास पानी जमा न होने देने, मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने तथा साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी गई। ग्रामीणों को मच्छरदानी का प्रयोग करने, पूरे आस्तीन के कपड़े पहनने और घरों के दरवाजों व खिड़कियों पर जाली लगवाने के लिए भी प्रेरित किया गया। बर्कलीगंज में बरेली मंडल की टीम ने पूर्व में डेंगू और मलेरिया से पीड़ित रहे मरीजों का फॉलोअप भी किया। टीम की जांच में सभी पूर्व मरीज स्वस्थ पाए गए। इस दौरान मंडलीय सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह, पाथ प्रतिनिधि डॉ. विजुल धामा, मंडलीय कीट विशेषज्ञ अभिषेक कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी पंकज द्विवेदी और एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. महविश सिद्दीकी मौजूद रहे। वहीं, 10 नवंबर को मरौरी ब्लॉक के ग्राम गौहनिया में स्वास्थ्य शिविर के दौरान डेंगू का एक संदिग्ध मरीज मिलने और नई बस्ती में एक डेंगू मरीज की पुष्टि होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में फॉगिंग कराई गई। इसके साथ ही 12 नवंबर को गौहनिया में मलेरिया विभाग की टीम ने सोर्स रिडक्शन अभियान चलाया। इस दौरान 220 घरों की जांच की गई, जिनमें 46 घरों में मच्छरों का लार्वा पाया गया। टीम ने मौके पर ही लार्वा नष्ट कराया और लोगों को मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए जागरूक किया। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें तथा बुखार आने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच कराएं।

भैया दूज पर समाजसेवी नीरज गुप्ता ने बुजुर्गों को कराया भोजन, वितरित की फल और मिठाई

बीसलपुर (पीलीभीत)। दीपावली के पावन पर्व के बाद भैया दूज के शुभ अवसर पर बीसलपुर स्थित भूतनाथ मंदिर परिसर में समाजसेवी नीरज गुप्ता ने सराहनीय पहल करते हुए बुजुर्ग महिला एवं पुरुषों को भोजन कराया। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंद बुजुर्गों को फल एवं मिठाई भी वितरित की। नीरज गुप्ता ने कहा कि त्योहारों की असली खुशी जरूरतमंदों और बुजुर्गों के चेहरों पर मुस्कान लाने में है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंदों की सेवा और सहयोग के लिए आगे आना चाहिए। उनकी इस पहल की लोगों ने सराहना की।



छात्रवृत्ति आवेदन के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी, 12 से 17 नवंबर तक नए आवेदन का मौका

पीलीभीत। पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ दिलाने के लिए संशोधित समय-सारिणी जारी कर दी गई है। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों को आवेदन करने का अवसर दिया गया है। निदेशालय समाज कल्याण उत्तर प्रदेश की ओर से 10 नवंबर 2026 को जारी निर्देशों के अनुसार विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटा तैयार करने की प्रक्रिया 12 से 19 नवंबर तक पूरी की जाएगी। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा इसका सत्यापन 13 से 20 नवंबर तक किया जाएगा। कक्षा 10 और 12 के नवीनीकरण श्रेणी के छात्र-छात्राएं 12 से 20 नवंबर तक अपना आवेदन नवीनीकृत कर उसकी हार्डकॉपी विद्यालय में जमा कर सकेंगे। विद्यालयों द्वारा 13 से 23 नवंबर तक विद्यार्थियों का बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, प्राप्तांक, पूर्णांक और उपस्थिति दर्ज करने के साथ पात्र विद्यार्थियों के आवेदन ऑनलाइन सत्यापित कर अग्रसारित किए जाएंगे। अपात्र विद्यार्थियों का डाटा निरस्त किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक विद्यार्थियों का सत्यापन 13 से 24 नवंबर तक किया जाएगा। कक्षा 9 और 11 में नए प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन की प्रक्रिया 12 से 17 नवंबर तक निर्धारित की गई है। विद्यार्थियों को 19 नवंबर तक आवेदन का फाइनल प्रिंट निकालना होगा। इसके बाद 13 से 22 नवंबर तक आवश्यक अभिलेखों सहित आवेदन की हार्डकॉपी संबंधित विद्यालय में जमा करनी होगी। विद्यालयों द्वारा 13 से 23 नवंबर तक आवेदन पत्रों का ऑनलाइन सत्यापन कर उन्हें अग्रसारित किया जाएगा। वहीं, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक विद्यार्थियों का सत्यापन 14 से 24 नवंबर तक पूरा किया जाएगा। जिला स्तर से जारी निर्देशों में सभी विद्यालयों को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार आवेदन प्राप्त करने और उनका समय से सत्यापन कर अग्रसारित करने के निर्देश दिए गए हैं। छात्र-छात्राओं से भी अपील की गई है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना अपना आवेदन पूरा कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय में जमा कर दें। छात्रवृत्ति योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

पत्रांक 182/न0पा0परि0पी0/2026 दिनांक 13/11/26

निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है पालिका द्वारा राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फंड के अन्तर्गत निम्न कार्य की सीलबंद निविदा दिनांक 21/11/2026 को समय 3:00 PM तक आमंत्रित की जाती हैं जो अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदादाताओं/उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 21/11/2026 समय 4.00 PM खोली जायेंगी इच्छुक फर्म/ठेकेदार दिनांक 20/11/2026 समय 4.00 PM तक कार्यालय नगर पालिका परिषद पीलीभीत से निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते हैं।

क्रम सं०	कार्य का विवरण	आगणन धनराशि लाख में		ठेकेदार की श्रेणी	धरोहर धनराशि	निविदा मूल्य जीएसटी सहित	कार्य पूर्ण करने की अवधि
		आगणन जीएसटी रहित	जीएसटी				
1	बृहम्मचारी घाट पर शंख स्टैच्यू आपूर्ति एवं अधिष्ठापन, सौन्दर्याकरण कार्य	4.20	0.75	A,B, C, D	2%	495/-	5 दिन

1-निविदा के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पीलीभीत के नाम बन्धक कराकर निविदा के साथ लगाना अनिवार्य होगा शेष 8 प्रतिशत निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबंध गठन के समय जमा करना अनिवार्य होगा।

2-निविदा खुलने की तिथि में यदि अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी। नियम एवं शर्तें पालिका के निर्माण विभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पीलीभीत

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पीलीभीत

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर में बदली तस्वीर, प्रभारी अधीक्षक डॉ. आलमगीर खुद वार्डों में जाकर ले रहे मरीजों का हाल-चाल

पीलीभीत, बीसलपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर में अब मरीजों को सिर्फ इलाज ही नहीं, बल्कि अपनापन भी मिल रहा है। प्रभारी अधीक्षक डॉ. आलमगीर की कार्यशैली ने अस्पताल के माहौल को पूरी तरह बदल दिया है। वे रोजाना सुबह से ही वार्डों में जाकर खुद मरीजों से मिलते हैं, उनका हाल-चाल पूछते हैं और इलाज में आ रही हर दिक्कत को मौके पर ही दूर कराते हैं। अस्पताल में भर्ती मरीजों का कहना है कि पहले उन्हें डॉक्टर से मिलने के लिए इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब डॉ. आलमगीर खुद चलकर उनके बेड तक आते हैं। दवा मिली या नहीं, जांच हुई या नहीं, खाना-पीना ठीक से मिल रहा है या नहीं, हर बात की जानकारी वे स्वयं लेते हैं। मरीजों के तीमारदार भी उनकी इस संवेदनशीलता की खुलकर सराहना कर रहे हैं। डॉ. आलमगीर के कार्यभार संभालने के बाद से अस्पताल में साफ-सफाई, समय पर ओपीडी, दवाओं की उपलब्धता और स्टाफ की उपस्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। वे नियमित रूप से वार्ड, ओपीडी, पैथोलॉजी और इमरजेंसी का निरीक्षण करते हैं। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को मौके पर ही समझाया जाता है, तो अच्छा काम करने वालों की पीठ भी थपथपाई जाती है। शहर के लोगों का कहना है कि डॉ. आलमगीर जैसे अधिकारी ही सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की असली पहचान हैं। उनकी विनम्रता, सरल स्वभाव और मरीजों के प्रति समर्पण ने उन्हें लोगों के दिलों में खास जगह दिला दी है। स्थानीय लोगों ने कहा, ष्डॉ. साहब कुर्सी पर बैठकर आदेश देने वाले अफसर नहीं हैं। वे जमीन पर उतरकर काम करने वाले डॉक्टर हैं। मरीजों से ऐसे मिलते हैं जैसे अपने परिवार के सदस्य हों। बीसलपुर को ऐसे ही प्रभारी अधीक्षक की जरूरत थी। स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले गरीब और ग्रामीण मरीजों के लिए डॉ. आलमगीर की यह पहल किसी वरदान से कम नहीं है। लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में बीसलपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आगे भी इसी तरह सेवा, संवेदना और विश्वास की मिसाल बना रहेगा।

यू. पी. प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि.
(सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम)
CIN : U15209UP1976SGC004285
कार्यालय महाप्रबन्धक जोन-2, बरेली
14-चन्द्रशेखर नगर कालोनी, तुलाशेरपुर, संजयनगर बाईपास, बरेली - 243122
E-mail ID : gm2@upprojects.in
ISO 9001:2015

पत्रांक- 497/पीसीएल/जी.एम./जोन-2/प्रकाशन दिनांक- 13.11.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

इस कार्यालय द्वारा CONSTRUCTION OF STP PLANT AT PILIBHIT MEDICAL COLLEGE DISTRICT - PILIBHIT (U.P.) निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन ई-निविदा सूचना सं० 13/PCL/GM/ZONE-2/BLY/2026-27 दिनांक 13.11.2026 आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा **http://etender.up.nic.in** की वेबसाइट पर दिनांक 14.11.2026 से दिनांक 27.11.2026 के अपराह्न 01:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। ई-निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण, नियम एवं शर्तें कारपोरेशन की वेबसाइट **https://upprojects.upsdc.gov.in** पर दिनांक 14.11.2026 से देखी जा सकती है।

महाप्रबन्धक
जोन-2, बरेली

सुभाषित *बिना पढ़े ही गर्व करनेवाले, दरिद्र होकर भी बड़े-बड़े मनसूबे बांधनेवाले और बिना काम किये ही धन पानेकी इच्छा रखनेवाले मनुष्यको मूर्ख कहा गया है।* ❒ *विदुर नीति*

भारत की घेराबंदी की कोशिश में तुर्किये

मक्का पैक्टमें यदि बंगलादेश शामिल होता है तो भारत और पाकिस्तानके बीच युद्धकी स्थितिमें ढाकाको इस्लामाबादका पक्ष लेना होगा। हालांकि बंगलादेशका इसमें शामिल होनेका कोई भी कदम भारतीय सहयोगको मुश्किल बना सकता है। यह भारतके लिए खतरेकी घंटी है।

❒ पुष्परंजन

बंगलादेशके प्रधानमंत्री तारिक रहमान तुर्कियेके अंताल्यामें हैं। कॉन्फ्रेंस आफ द पार्टीज (सीओपी३१) के शिखर सम्मेलनमें उनका आना एक औपचारिकता और रस्मों-उल्फत निभाने जैसा नहीं है। यह संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (यूएनएफसीसीसी) का ३१वां वार्षिक सत्र है। इस सम्मेलनकी मेजबानी तुर्किये कर रहा है। सम्मेलनका मुख्य मकसद वैश्विक तापमान वृद्धिको १.५ डिग्री सेल्सियसतक सीमित रखनेके प्रयासोंकी समीक्षा करना है। केन्द्रीयमंत्री भूपेन्द्र यादव जलवायु वार्तामें भारतके प्रतिनिधिमंडलका नेतृत्व कर रहे हैं। एर्दोआनसे रिश्ते बेहतर होते तो संभवतः प्रधान मंत्री मोदी वहां जाते। तुर्कियेके राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआनने १० नवम्बरको तुर्कियेके अंताल्यामें बंगलादेशसे संबंधोंको मजबूत करनेके लिए एक द्विपक्षीय बैठक की। लगभग तीस मिनटकी बैठकमें विदेशमंत्री डा. खलीलुर रहमान और विदेश मामलोंके राज्य मंत्री हुमायूं कोबीर भी मौजूद थे। विदेश सचिव सलाहुद्दीन नोमान चौधरीने बताया कि बंगलादेशकी मुख्य प्राथमिकताओं में अनुकूलनके लिए वित्त जुटाना, नुकसान और क्षतिके मुद्दोंको संबोधित करना और विकसित देशों द्वारा जलवायु वित्तके लिए किये गये वादोंको प्रभावी ढंगसे लागू कराना शामिल है। विदेश सचिवने बताया कि सम्मेलनके दौरान जूट उत्पादोंके उपयोग और प्रचार-प्रसारको लेकर बंगलादेश और तुर्कियेके बीच एक संयुक्त घोषणापत्रपर हस्ताक्षर होनेकी भी उम्मीद है। लेकिन असली कार्ड अभी खोला नहीं गया है। क्या बंगलादेश, 'मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट' का हिस्सा बनना चाहता है। मक्का संयुक्त रक्षा समझौता सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्कियेके बीच ७ अगस्त, २०२६ को मक्कामें हुआ एक त्रिपक्षीय रक्षा समझौता है। नाटोके अनुच्छेद-५ की तर्जपर किये गये समझौतेपर गौर कीजिए, जिसके अनुसार, तीनों देशों (सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये) मेंसे किसी एकपर भी किया गया सशस्त्र हमला तीनोंपर हमला माना जायगा। मक्का समझौतेके तहत तीनों देश आपसमें खुफिया जानकारी साझा करेंगे, रक्षा उत्पादन और हथियारोंके निर्माणमें एक-दूसरेकी मदद करेंगे और आतंकवादके खिलाफ संयुक्त रूपसे काम करेंगे। मक्का पैक्टमें यदि बंगलादेश शामिल होता है तो भारत और पाकिस्तानके बीच युद्धकी स्थितिमें ढाकाको इस्लामाबादका पक्ष लेना होगा। यह भारतके लिए खतरेकी घंटी है। बंगलादेशके विदेशमंत्री खलीलुर रहमानने पिछले दिनों संसदमें एक सवालके जवाबमें कहा था, 'हम इस पैक्टको पॉजिटिव नजरियेसे देखते हैं।' जब बंगलादेशी नेताओं और राजनयिकोंके कमेंट्सके हवालेसे पूछा गया तो भारतने कहा कि इस पैक्टका उसकी राष्ट्रीय सुरक्षापर असर पड़ेगा और वह हालातपर करीबसे नजर रख रहा है। हालांकि बंगलादेशका इसमें शामिल होनेका कोई भी कदम भारतीय सहयोगको मुश्किल बना सकता है। दोनों देशों के बीच ४,०९६ किलोमीटरकी जमीनी सीमा है और उनके बीच मजबूत सांस्कृतिक-आर्थिक रिश्ते हैं। इन रिश्तोंमें कैसे दरार आये, इसका प्रयास एर्दोआन पाकिस्तानके सहयोगसे करने लगे हैं। ढाकामें नॉर्थ साउथ यूनिवर्सिटीके राजनीति विज्ञानके प्रोफेसर नवीन मुर्शिदकी धारणा है कि मक्का एग्रीमेंटके जरिये बंगलादेशको अपने साथ जोड़नेमें पाकिस्तानकी दिलचस्पी भौगोलिक और राजनीतिक वजहोंसे है। उन्होंने कहा, भारतके लिए, सिलीगुड़ी कारिडोर और उसकी पूर्वी सीमाकी सुरक्षा जरूरी बातें हैं। उन्होंने भारतके अपने उत्तर-पूर्वी राज्योंसे पतले जमीनी संपर्कका जिक्र करते हुए कहा कि उत्तरमें बंगलादेश उसे घेरे हुए है। उन्होंने समझाया कि ऐसे हालातमें बंगलादेशको साफ तौरपर यह तय करना होगा कि वह इस अलायंसमें शामिल होकर क्या करेगा और क्या नहीं करेगा। लेकिन ढाकामें रहने वाले पूर्व राजनयिक एम. हुमायूं कबीरको बंगलादेशके इस समझौतेमें शामिल होनेका कोई कारण नहीं दिखता। उनकी टिप्पणी थी, बंगलादेश पिछले ५० से ५५ वर्षोंमें किसी भी सैन्य गठबंधनमें शामिल नहीं हुआ है। जहांतक मेरा सवाल है, मेरा मानना है कि आज भी यह रुख बदला नहीं है।क्या वास्तवमें पूर्व राजनयिक एम. हुमायूं कबीर जो सोच रहे हैं, वह सही है। ऐसा लगता नहीं। बंगलादेशमें राजनीतिक बदलावोंके बाद, एर्दोआन प्रशासनने ढाकाके साथ अपने संबंधोंको काफी मजबूत किया है। बंगलादेशने तुर्कियेसे सैन्य उपकरण खरीदे हैं, जिनमें बायराक्तार टीबी-२ ड्रोन, टीआरजी-३०० मिसाइल सिस्टम, कोबरा बख्तरबंद वाहन और बोरान होवित्जर तोपें शामिल हैं। इसके साथ ही दोनों देश रक्षा उपकरणोंके संयुक्त उत्पादन और औद्योगिक सहयोगपर भी काम कर रहे हैं। तुर्कियेके राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोआन और बंगलादेशके प्रधान मंत्री तारिक रहमानकी अंताल्यामें हुई मुलाकातको औपचारिक मत मानिये। इस दौरान उन्होंने रक्षा, व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रोंमें आपसी सहयोग बढ़ानेपर चर्चा की। प्रधान मंत्री रहमानने एर्दोआनको बंगलादेशकी आधिकारिक यात्राके लिए भी आमंत्रित किया है। तुर्कियेका लक्ष्य २०३० तक दुनियाके शीर्ष रक्षा निर्यातकोंमें शामिल होना है। इसके लिए वह दक्षिण एशियाई साझेदारियोंका उपयोग प्रमुख बाजारों और उत्पादन केन्द्रोंके रूपमें कर रहा है।एक बात तो सुनिश्चित है एर्दोआन हिन्द महासागर क्षेत्रमें अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए 'इस्लामिक एकजुटता', 'ग्लोबल साउथ' (विकासशील देशों) के पक्ष वाले विमर्श और सुरक्षा सहायताका सहारा ले रहे हैं। इसके जरिये वे मुस्लिम जगतमें मौजूद प्रतिद्वंद्वी शक्ति संरचनाओंको चुनौती भी देना चाहते हैं। तुर्कियेने रोहिंग्या शरणार्थी मुद्देपर लगातारबंगलादेशका समर्थनकिया है। एर्दोआनने कॉक्स बाजारमें मानवीय सहायता पहुंचायी और अंतरराष्ट्रीय न्यायालय तथा इस्लामिक सहयोग संघटन (ओआईसी)में भी ढाकाके रुखका समर्थन किया है। विशेषज्ञोंका मानना है कि एर्दोआन खुदको वैश्विक मुस्लिम समुदाय (उम्माह) के एक प्रमुख संरक्षक और नेताके रूपमें स्थापित करना चाहते हैं। इसके लिए वे कश्मीर, रोहिंग्या संकट और फिलस्तीन जैसे मुद्दोंको संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचोंपर प्रमुखतासे उठाते हैं, ताकि पारम्परिक खाड़ी देशों (जैसे सऊदी अरब) के समानांतर अपना प्रभाव बना सकें। दक्षिण एशियाके छोटे-छोटे देशोंमें राजनीतिक बदलावोंके बीच तुर्कियेने बंगलादेश और मालदीवके साथ अपने कूटनीतिक, मानवीय और रक्षा संबंधोंको तेज किया है। ये छोटे देश भारत और चीनके बीच संतुलन बनानेके लिए तुर्कियेको एक नये विकल्पके रूपमें देख रहे हैं, जिसका लाभ अंकारा अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए उठा रहा है। एर्दोआनकी पहली प्राथमिकता दक्षेसके मुस्लिम सदस्य देशोंको साधनेकी रही है, जिनमें पाकिस्तान, बंगलादेश, मालदीव और अफगानिस्तान उसके लक्ष्यमें हैं।

दक्षिण एशियाके छोटे-छोटे देशोंमें राजनीतिक बदलावोंके बीच तुर्कियेने बंगलादेश और मालदीवके साथ अपने कूटनीतिक, मानवीय और रक्षा संबंधोंको तेज किया है। ये छोटे देश भारत और चीनके बीच संतुलन बनानेके लिए तुर्कियेको एक नये विकल्पके रूपमें देख रहे हैं, जिसका लाभ अंकारा अपना प्रभाव बढ़ानेके लिए उठा रहा है। एर्दोआनकी पहली प्राथमिकता दक्षेसके मुस्लिम सदस्य देशोंको साधनेकी रही है, जिनमें पाकिस्तान, बंगलादेश, मालदीव और अफगानिस्तान उसके लक्ष्यमें हैं।

बेकाबू महंगी

खुदरा महंगीका दो वर्षोंके उच्चतम स्तर ६.०९ प्रतिशतपर पहुंचना गम्भीर चिन्ताका विषय है और इससे आम आदमीपर आर्थिक बोझ बढ़ेगा तथा अर्थव्यवस्थापर भी दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के तय अनुमानसे भी ऊपर पहुंच गया है। इसके पूर्व २०२४ में खुदरा मुद्रास्फीति ६.२५ प्रतिशत थी। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालयकी ओरसे गुरुवारको जारी आंकड़ोंके अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति सितम्बरमें ५.५४ प्रतिशत थी जो अक्तूबरमें बढ़कर ८.९४ प्रतिशत हो गयी। यह भी चिन्ताका विषय है कि शहरी क्षेत्रोंकी तुलनामें ग्रामीण क्षेत्रों खाद्य वस्तुओंकी महंगी अधिक हो गयी है। वस्तुतः महंगीका बढ़ना केवल बाजारमें वस्तुओंकी कीमतमें वृद्धिका मामला नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव आम आदमीकी क्रय शक्ति, घरेलू बजट, बचत, जीवन स्तर और आर्थिक सुरक्षासे है। विशेष रूपसे खाद्य पदार्थोंकी कीमतोंमें तेजीने मध्यम वर्ग, निम्न आय वर्ग और ग्रामीण परिवारोंकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। इसलिए ग्रामीण परिवारोंकी आर्थिक स्थितिपर विशेष ध्यान देनेकी आवश्यकता है। भोजन, सब्जी, फल और रोजमर्राकी आवश्यक वस्तुएं हर परिवारके बजटका अनिवार्य हिस्सा हैं। इसलिए इनके महंगे होनेका प्रभाव भी तत्काल दिखायी देता है। घरेलू खर्चके लिए अब लोगोंको अपेक्षाकृत अधिक धन खर्च करना पड़ेगा। मध्यम वर्गपर दोहरा आर्थिक दबाव बढ़ेगा। बच्चोंकी शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, मकानका किराया और परिवहन खर्च भी बढ़ जायगा। गरीब परिवारोंकी स्थिति और जटिल हो जायगी। आम जनताके जीवन स्तरपर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अक्तूबरमें महंगी बढ़नेके पीछे कई आर्थिक और मौसमी कारण हैं। खाद्य तेलकी कीमतोंमें उछाल, अनियमित मानसून, वर्षाका असमान होना, जलाशयोंमें पानीका स्तर और फसलोंकी उत्पादकतामें उतार-चढ़ाव खाद्य आपूर्तिको प्रभावित करते हैं। ऊर्जा और परिवहन लागत भी बढ़ी है। वैश्विक परिस्थितियां महंगी बढ़ानेमें काफी सहायक रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंकके सामने भी नयी चुनौतियां उत्पन्न हो गयी हैं। आरबीआई दिसम्बरमें पुनः रेपो रेट बढ़ा सकती है। इससे ब्याज महंगा हो जायगा। महंगीपर नियंत्रणके साथ विकासकी गति बनाये रखनेकी भी चुनौती है। आने वाले दिनोंमें निवेशपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है और रुपयेपर भी दबाव बढ़ेगा। महंगीपर नियंत्रण अब प्राथमिक आवश्यकता बन गयी है। सरकार और आरबीआई दोनोंको समन्वित ढंगसे प्रभावी कदम उठाने होंगे अन्यथा स्थिति और विषम हो जायगी।

मुंहतोड़ जवाब जरूरी

जम्मू-कश्मीरके कुलगाम जिलेमें बुधवारको सीआरपीएफ जवानोंपर घात लगाकर किये गये हमलेके बाद जम्मू संभागके किश्तवाड़ जिलामें गुरुवार सुबह एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्थाको चुनौती देते हुए आतंकियोंने दो विशेष पुलिस अधिकारियों (एसपीओ) की हत्या कर दी। ये दोनों अधिकारी बुधवारको दच्छन क्षेत्रसे लापता थे, जिनका गोलियोंसे छलनी शव गुरुवार तड़के सुरक्षाबलने बरामद किये। दोनोंकी सर्विस राइफलें भी गायब हैं जिससे घटनामें आतंकी हमलेका सन्देह है। दोनों एसपीओ दच्छनके कियार गांवमें स्थानीय पुलिसकी एसओजीमें तैनात थे और घटनाके दिन अपने शिविरसे धारणामारवाह स्थित सेनाकी एक चौकीकी ओर जाते समय लापता हो गये थे। इन दोनों शहीद जवानों (एसपीओ) की कई आतंकरोधी अभियानोंमें सक्रिय भूमिका रही है। स्थानीय होनेके कारण क्षेत्रकी भौगोलिक स्थितिसे अच्छी तरह परिचित थे और सेनाके साथ आतंकवाद अभियानों और गश्तमें सहयोग करते थे। घटनास्थलसे पाकिस्तान निर्मित कारतूसका मिलना इस बातका प्रमाण है कि यह आतंकी हमला है और इसमें पाकिस्तानका हाथ है। अभी इसी हफ्तेमें एक खुफिया इनपुट मिला था जिसमें कहा गया था कि गुलाम कश्मीरके सात-आठ लांच पैड पूरी तरह सक्रिय कर दिये गये हैं, तभी इस बातकी आशंका प्रबल हो गयी थी कि सीमापारसे आतंकियोंकी घुसपैठका प्रयास किया जा सकता है। हालांकि भारतीय सुरक्षा सर्तक और घुसपैठके संवेदनशील इलाकोंकी घेराबंदी भी कर ली गयी है लेकिन लगता है कुछ आतंकी पहलेसे ही घाटीमें प्रवेश कर चुके हैं और स्थानीय स्लीपर सेलकी मददसे सुरक्षित छिपे हुए हैं। आपरेशन सिन्दूर खत्म नहीं हुआ है। इस बातको कई मंचोंसे और कई बार सरकारकी ओरसे कहा जा चुका है। यह भी कहा गया है कि पाकिस्तानकी ओरसे किये गये किसी भी आतंकी हमलेको जंगका ऐलान माना जायगा। अब समय आ गया है कि पाकिस्तानको इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाय। आतंकियोंने अब रणनीति बदल दी है। अब वे जनताको नहीं सुरक्षाबलोंको निशाना बनानेकी रणनीतिपर चल रहे हैं, ताकि जम्मू-कश्मीरमें आतंकवादकी राखमें दबी चिंगारीको फिरसे धधका कर दहशतका माहौल बनाया जा सके। इनकी गतिविधियोंपर सतर्क निगाह रखनेकी जरूरत है।

लोक संवाद

सर्दियोंमें ब्रेन स्ट्रोकका बढ़ता खतरा

महोदय,- ठंडके मौसममें ब्लड प्रेशर बढ़ना, खूनका गाढ़ा होना और शरीरकी रक्त नलिकाओंका सिकुड़ना स्ट्रोकका प्रमुख कारण बनता है। ब्रेनमें होने वाली ब्लड क्लॉटिंगकी वजह भी ब्रेन हेमरेजका कारण बन सकती है। एथेरोस्क्लेरोसिसकी वजहसे भी ब्रेन हेमरेजका खतरा बढ़ता है। ब्रेन स्ट्रोक आपके शरीरको कई तरहसे प्रभावित कर सकता है। इसे एक तरहसे आप लकवा भी कह सकते हैं। यह समस्या ५० सालसे अधिक उम्र वाले लोगोंमें देखनेको मिलती है। लेकिन बीते कुछ सालोंमें ३० से ३५ सालसे कम उम्र वाले लोगोंमें भी यह दिक्कत देखनेको मिल रही है। मेडिकल टर्ममें इसे इंट्राक्रानियल हेमरेजके नामसे जाना जाता है। ब्रेन हेमरेजको लेकर सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर यह कैसे होता है। ब्रेन हेमरेजके कई कारण हो सकते हैं। जैसे, कार दुर्घटना, सिरपर किसी तरहकी चोट लगनेसे ब्रेन हेमरेज हो सकता है। हाई बीपीकी वजहसे भी दिमागकी नसोंको जो ब्लड वेसेल्सकी दीवारोंको नुकसान पहुंचा सकता है और ब्लड वेसेल्सकी ब्लीडिंग या फटनेका कारण बन सकता है। ब्रेनमें होने वाली ब्लड क्लॉटिंगकी वजह भी ब्रेन हेमरेजका कारण बन सकती है। दिमागकी नसोंकी दीवारोंके अन्दर अमाइलाइड प्रोटीन यानी सेरेब्रल अमाइलॉइड एंजियोपैथीकी वजहसे भी ब्रेन हेमरेज होता है। ब्रेन ट्यूमर जो दिमागके टिश्यूपर दबाव डालता है इससे भी ब्लीडिंग हो सकती है और ब्रेन हेमरेज हो जाता है। जब ब्रेनको सही मात्रामें आक्सीजन नहीं मिल पाती है तो दिमागके सैल्स मरने लगते हैं। ऐसेमें शरीरकी गतिविधियां प्रभावित होने लगती हैं। जिसे इंट्राक्रानियल हेमरेज या सेरेब्रल हेमरेज कहा जाता है। ऐसेमें यदि तीनसे चार मिनटसे अधिक समयतक आक्सीजनकी कमी हो जाय तो इससे दिमागकी नसें बुरी तरहसे प्रभावित होती है। ऐसेमें शरीरके किसी भागमें लकवा मारना, शरीरका कोई हिस्सा सुन्न होना या कमजोरी होना। खाने-पीनेमें कठिनाई होना, आंखोंकी रोशनीपर असर पड़ना, दौरे पड़ना और सिरदर्द होना, इसकी वजह इनसानकी मौत भी हो सकती है। ब्रेन हेमरेजसे बचना है तो हमेशा अपना बीपी चैक करवाते रहें। खासकर हाई बीपीके मरीजको तो अकसर अपना बीपी चैक करवाते रहना चाहिए। हाई कोलेस्ट्रॉलको कंट्रोल करनेके लिए वजन कंट्रोलमें रहना बेहद जरूरी है। ऐसेमें शराब कम पियें साथ ही साथ हेल्दी डाइट लें और रोजाना एक्सरसाइज करें। डायबिटीज है तो शुगरको हमेशा कंट्रोलमें रखें। सर्दियोंमें ब्रेन स्ट्रोकका खतरा इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि इस मौसममें खून गाढ़ा हो जाता है। जिसके कारण ब्लडपर प्रेशर पड़ता है। ब्लड प्रेशरके मरीजोंको ब्रेन स्ट्रॉकका खतरा बढ़ता है। ब्लड प्रेशर ज्यादा होनेपर दिमागकी नसें फट सकती हैं या उसमें रुकावट पैदा हो सकती है। सर्दीके मौसममें बीपीको कंट्रोलमें रखना बेहद जरूरी है। ब्रेन स्ट्रोकके मरीजको तीन घंटेके अंदर अस्पताल ले जाना बेहद है जरूरी। किन लोगोंको बचकर रहनेकी जरूरत है टाइप-२ डायबिटीजके मरीज, हाई बीपीके मरीज, जिन लोगोंका ज्यादा वजन है, जिन लोगोंका कॉलेस्ट्रोल बढ़ा हुआ है। **-के. जैन, वाया ईमेल।**

लोकसंस्कृतिकी जीवन्तताका महापर्व

किसी पर्वकी पहचान केवल उसकी धार्मिक मान्यताओंसे नहीं बनती, बल्कि उससे जुड़े जीवन-मूल्यों, लोकपरम्पराओं और सामूहिक संवेदनाओंसे भी बनती है। छठ महापर्व इसका एक सुन्दर उदाहरण है।

❒ महेन्द्र तिवारी

छठ महापर्वका मूल आधार सूर्योपासना और प्रकृतिके प्रति कृतज्ञता है। सूर्यको जीवन, ऊर्जा और प्रकाशका स्रोत माना गया है। इस पर्वमें सूर्यके साथ छठी मैयाकी आराधना की जाती है। लोकमान्यताके अनुसार छठी मैया संतानोंकी रक्षा करती हैं और परिवारमें सुख, समृद्धि तथा आरोग्य प्रदान करती हैं। इस पर्वकी सबसे विशिष्ट बात यह है कि इसमें केवल उगते सूर्यकी ही नहीं, बल्कि अस्त होते सूर्यकी भी उपासना की जाती है। संसार जहां प्रायः उगते सूर्यको प्रणाम करता है, वहीं छठ हमें अस्त होते सूर्यके प्रति भी सम्मान व्यक्त करना सिखाता है। चार दिनोंतक चलने वाला यह महापर्व नहाय-खायसे आरम्भ होता है। दूसरे दिन खरनाके अवसरपर व्रती पूरे दिन उपवास रखती हैं। इसके बाद लगभग छत्तीस घंटेका निर्जला व्रत आरम्भ होता है। तीसरे दिन संध्याके समय किसी जलाशयके किनारे अस्ताचलगामी सूर्यको अर्घ्य दिया जाता है। चौथे दिन प्रातःकाल उदीयमान सूर्यको अर्घ्य अर्पित करनेके साथ व्रतका समापन होता है। बांसके सूप और दउरेमें सजे फल, नारियल, गन्ना, ठेकुआ और अन्य प्रसाद इस पर्वकी पारम्परिक पहचान हैं। छठके वैश्विक विस्तारके पीछे प्रवासी भारतीयोंकी महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षा, रोजगार, व्यापार और बेहतर जीवनकी तलाशमें बिहार तथा पूर्वांचलके लाखों लोग दुनियाके अलग-अलग देशोंमें पहुंचे हैं। वे अपने साथ अपनी भाषा, लोकगीत, खान-पान और सांस्कृतिक परम्पराएं भी ले गये। यही कारण है कि आज मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, नेपाल, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया, सिंगापुर और खाड़ी देशोंमें छठ मनाया जाता है। भारत सरकारके संस्कृति मंत्रालयने भी सितंबर २०२५ में छठके अंतरराष्ट्रीय स्वरूपको रेखांकित करते हुए संयुक्त अरब अमीरात, सूरीनाम और नीदरलैंडके राजनयिक प्रतिनिधियोंके साथ इसकी बहुराष्ट्रीय मान्यताके लिए विचार-विमर्श किया था। मारीशसमें छठकी परम्परा विशेष रूपसे उल्लेखनीय है। यहां भारतीय मूलके लोगोंकी बड़ी आबादी है, जिनकी सांस्कृतिक स्मृतियोंमें बिहार और पूर्वांचलकी परम्पराएं आज भी जीवित हैं। फिजी और सूरीनाममें भी भारतीय मूलके परिवार इस पर्वको अपनी सांस्कृतिक विरासतके रूपमें संजोये हुए हैं। नेपालके तराई क्षेत्रमें छठकी परम्परा अत्यंत प्राचीन और व्यापक है। संयुक्त राज्य अमेरिकाके न्यू जर्सी, न्यूयॉर्क, कैलिफोर्निया, टेक्सास और अन्य क्षेत्रोंमें भारतीय समुदाय सामूहिक रूपसे इस पर्वका आयोजन करता है। ब्रिटेनके लंदन, बर्मिंघम और लीसेस्टरमें भी छठके अवसरपर श्रद्धालु एकत्र होते हैं।विदेशोंमें छठ मनाना आसान नहीं होता। भारतके गांवोंकी तरह हर जगह नदी, तालाब या पारम्परिक घाट उपलब्ध नहीं हैं। कहीं कृत्रिम जलकुंड बनाये जाते हैं तो कहीं झीलों और सार्वजनिक जलाशयोंके किनारे पूजाकी व्यवस्था की जाती है। बांसके सूप, मिट्टीके दीपक और अन्य पारम्परिक पूजन सामग्री जुटाना भी चुनौतीपूर्ण होता है। इसके बावजूद श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य और उपलब्ध संसाधनोंके अनुसार परम्पराओंका निर्वाह करते हैं। यह दृश्य बताता है कि संस्कृति केवल भौगोलिक परिस्थितियोंकी मोहताज नहीं होती, वह मनुष्यकी आस्था और संकल्पसे जीवित रहती है। इस वैश्विक विस्तारका एक भावनात्मक पक्ष भी है। विदेशोंमें रहने वाले अनेक लोगोंके लिए छठ अपने गांव, घर, परिवार और बचपनकी स्मृतियोंसे मिलनेका अवसर है। विशेष बात यह है कि विदेशोंमें पली-बढ़ी नयी पीढ़ी भी अपने माता-पिता और दादा-दादीसे इस पर्वकी परम्पराएं सीख रही है। इस प्रकार छठ पीढ़ियोंके बीच सांस्कृतिक संवादका माध्यम बन रहा है। छठका महत्व केवल धार्मिक आस्थातक सीमित नहीं है। इसमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समानता और सामुदायिक सहयोगके गहरे संदेश निहित हैं। सूर्य, जल, धरती और प्रकृतिके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने वाला यह पर्व हमें प्राकृतिक संसाधनोंके महत्वका बोध कराता है। इसमें भव्य मंदिरों, महंगी सजावट और दिखावेकी आवश्यकता नहीं होती। नदी, तालाब, जल और स्वच्छ वातावरण ही पूजाके प्रमुख आधार हैं। घाटोंपर जाति, वर्ग और आर्थिक स्थितिके भेदभावको पीछे छोड़कर लोग एक साथ खड़े होते हैं। इस दृष्टिसे छठ सामाजिक समरसता और सामूहिक उत्तरदायित्वका भी उत्सव है।छठको अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक पहचान दिलानेकी दिशामें भारत सरकारने महत्वपूर्ण पहल की है। संस्कृति मंत्रालयने इसे मानवताकी अमूर्त सांस्कृतिक विरासतकी प्रतिनिधि सूचीमें शामिल करानेके लिए बहुराष्ट्रीय नामांकनकी प्रक्रिया शुरू की। अगस्त २०२६ में भारत सरकारने राज्यसभामें जानकारी दी कि छठ महापर्वका नामांकन दस्तावेज यूनेस्कोको भेजा जा चुका है। इस पहलमें मॉरीशस सहित अन्य देशोंकी भागीदारी भी महत्वपूर्ण है। हालांकि नामांकन भेजा जाना और अंतिम मान्यता प्राप्त होना अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं, लेकिन यह कदम छठकी वैश्विक सांस्कृतिक महत्ताको स्वीकार करनेकी दिशामें उल्लेखनीय है। इससे पर्वकी परम्पराओंका व्यवस्थित अभिलेखन, संरक्षण और भावी पीढ़ियोंतक उनका हस्तांतरण सुनिश्चित करनेमें सहायता मिलेगी। आज जब दुनिया सांस्कृतिक टकराव, पर्यावरण संकट और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियोंसे जूझ रही है, तब छठका सन्देश पहलेसे अधिक प्रासंगिक दिखाई देता है। यह पर्व हमें प्रकृतिके प्रति विनम्रता, जीवनके प्रति कृतज्ञता, कठिन साधनाके प्रति निष्ठा और समाजके प्रति सहयोगका भाव सिखाता है। इसमें आस्था है, लेकिन आडंबर नहीं, अनुशासन है, लेकिन प्रदर्शन नहीं, सामूहिकता है, लेकिन भेदभाव नहीं। छठ अब केवल बिहार या पूर्वांचलकी पहचान नहीं रह गया है। यह भारतीय लोकसंस्कृतिका ऐसा प्रकाशपर्व बन चुका है, जिसकी आभा महाद्वीपोंकी सीमाएं पार कर रही है। दुनियाके किसी भी कोनेमें जब कोई व्रती जलमें खड़ी होकर डूबते सूर्यको अर्घ्य देती है तो उसके हाथोंमें केवल पूजाका सूप नहीं होता, बल्कि अपनी मिट्टी, अपने पुरखों और अपनी सांस्कृतिक विरासतके प्रति अटूट प्रेम भी होता है। सच तो यह है कि छठका सूर्य भले ही अलग-अलग देशोंके आकाशमें अस्त और उदित होता हो, लेकिन उसके प्रति श्रद्धाका भाव पूरी मानवताको एक सूत्रमें बांधनेकी क्षमता रखता है।

आत्मबोध

आत्मा और परमात्मा

❒ श्रीराम शर्मा

पुरातन कालमें एक अपराजित हेय दैत्य कृतवीर्यके आतंकसे दसों दिशाओंमें हाहाकार मच गया था। देवता और मनुष्योंमेंसे कोई उससे लोहा ले सकनेकी स्थितिमें नहीं था। सभी असहाय बने जहां-तहां अपनी जान बचाते फिरते थे। उपाय ब्रह्माजीने सोचा। भगवान शंकरको एक प्रतापी पुत्र उत्पन्न करनेके लिए सहमत किया। वही इस प्रलय दूतसे लड़ सकता था। कार्तिकेय स्वामी जन्मे। अग्निने उन्हें गर्भमें रखा। कृतिकाओंने पाला और इस योग्य बनाया कि वह अकेला ही चुनौती देकर कृतवीर्यको परास्त कर सके। ऐसा ही हुआ भी और संकट टलनेका सुयोग आया था। इस पौराणिक उपाख्यानमें कितना सत्य और कितना अलंकार है यह कहना कठिन है, परन्तु प्रस्तुत विभीषिकाएं सचमुच ही ऐसी हैं, जिन्हें कृतवीर्यके आतंक तुल्य ठहराया जा सके। जो सामने हैं, उनकी परिणति महाप्रलय होने जैसी मान्यता हर विचारशीलकी बनती जा रही है। अणु युद्धकी विभीषिका किसी भी दिन साकार हो सकती है और इस धरतीपर विषाक्तताके अतिरिक्त और कुछ बचनेके आसार नहीं हैं। बढ़ती जनसंख्याके लिए निर्वाह साधन अगले दिनों भी मिलते रहेंगे, इसकी कोई संभावना नहीं है। अन्न, जल ही नहीं, शुद्ध वायुतक मिलना संभव न रहेगा। लोग भूख, प्यास, घुटनसे दम तोड़ेंगे। व्यक्तिको स्वास्थ्य, संतोष, सुरक्षा, संपदा सभीसे वंचित होना पड़ेगा। अनाचारकी मान्यता देनेवाले समाजमें स्नेह, सहकार और न्यायके लिए क्या स्थान रहनेवाला है। विशृंखलित और विग्रही समाजका कोई भी सदस्य चैनसे न रह सकेगा। इन परिस्थितियोंका विवेचन हर क्षेत्रके मूर्धन्य विचारशील कर रहे हैं और एक स्वरमें इस निष्कर्षपर पहुंच रहे हैं कि समय रहते न चेता गया तो मनुष्य जातिको सामूहिक आत्महत्याके लिए बाधित होना पड़ेगा। इस प्रसंगमें शास्त्रकार, दिव्यदर्शी, ज्योतिषी, भविष्यवक्ता भी अपने-अपने तर्क प्रमाण प्रस्तुत करते हुए यह घोषित करते हैं कि दुर्दिनोंकी विपत्ति बेला अब कुछ ही दिनोंमें आ धमकनेवाली है। बढ़ते तापमानसे ध्रुव पिघलने, समुद्र उफनने और हिम युग वापस लौटने जैसी चर्चाएं आये दिन सुननेको मिलती रहती हैं। कोई चाहे तो इन परिस्थितियोंकी कृतवीर्य महादैत्यके समयसे तुलना कर सकता है, जो किसीके भी झुकाये न झुक पा रहा है। ऐसे समयमें अध्यात्म शक्ति ही कारगर होती रही है। विश्वामित्रका यज्ञ जिसकी रक्षा करने राम, लक्ष्मण गये थे, सामयिक आतंकको टालनेकी पृष्ठभूमि बनानेके लिए ही किया गया था। दधीचिके अस्थिदानके पीछे भी यही उद्देश्य था। कार्तिकेय जैसी अध्यात्म क्षमता उत्पादित करनेके प्रयत्नोंके साथ किसी प्रकार संगति बैठानी हो तो प्रज्ञा परिजनों द्वारा संचालित प्रज्ञा पुरश्चरणसे बैठ सकती है, जिसमें चौबीस लाख व्यक्ति एक समयपर एक विधानसे वातावरण संशोधनकी साधना करते हैं। इसीकी एक कड़ी इस अनुभव प्रयासके साथ जुड़ती है, जिसमें एकांतवासके साथ उग्र तपश्चर्या करनेका निर्धारण है।

बच्चोंमें बढ़ती आक्रामकता

❒ प्रमोद कुमार वाजपेयी

पिछले दिनों बच्चोंके हिंसक और असामान्य व्यवहारसे जुड़ी कई घटनाएं सामने आयीं। मध्य प्रदेशके मंदसौर जिलेमें एक १२ वर्षीय लड़कीने चार सालके बच्चेको छतपर बनी पानीकी टंकीमें डुबो दिया। वहीं, पंचकूलाके एक सरकारी स्कूलमें छह वर्षीय बच्चीके साथ हुई बर्बरताकी खबरने संवेदनशील समाजको भीतरतक झकझोर दिया। आखिर इतनी कम उम्रमें बच्चोंमें इतना गुस्सा कहांसे आ रहा है। स्कूल परिसरमें एक मासूम बच्चीकी सुरक्षा सुनिश्चित क्यों नहीं हो सकी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आज बचपन पहलेकी तुलनामें अधिक असुरक्षित होता जा रहा है। पंचकूलाकी घटनामें पीड़ित बच्चीकी पीड़ा और उसके भविष्यपर पड़ने वाले प्रभावके साथ हिंसा करने वाले आठ वर्षीय बच्चेके व्यवहारको समझना भी जरूरी है। बच्चीको न्याय, सुरक्षा और मनोवैज्ञानिक सहयोग मिलना चाहिए, लेकिन हिंसक व्यवहार करने वाले बच्चेके परिवेश और मनःस्थितिकी पड़ताल भी उतनी ही आवश्यक है। बच्चा परिवार और परिवेशमें जो देखता है, उसे अपने व्यवहारमें उतारनेकी कोशिश करता है। दरअसल बाल हिंसाकी अवधारणा किसी बच्चेके साथ मारपीट या यौन शोषणतक सीमित नहीं है। इसमें शारीरिक दंड, मानसिक प्रताड़ना, अपमान, धमकी, भावनात्मक उपेक्षा, बुलिंग, बाल श्रम, तस्करी और डिजिटल माध्यमोंसे होने वाला शोषण भी शामिल है। हिंसा घर, विद्यालय और डिजिटल दुनियामें भी होती है। बच्चोंकी डिजिटल माध्यमोंतक पहुंच तेजीसे बढ़ी है, लेकिन सुरक्षा और मार्गदर्शनके उपाय उस अनुपातमें विकसित नहीं हुए हैं।विश्व स्वास्थ्य संघटनके मई २०२६ के तथ्यपत्रके अनुसार विश्वमें दोसे १७ वर्ष आयु वर्गके लगभग एक अरब बच्चे पिछले एक वर्षमें शारीरिक, यौन या भावनात्मक हिंसा अथवा उपेक्षाका अनुभव कर चुके हैं। यह समस्या किसी देश, संस्कृति या आर्थिक वर्गतक सीमित नहीं है। भारतकी स्थिति भी चिन्ताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरोके अनुसार, वर्ष २०२३ में बच्चोंके विरुद्ध अपराधके १,७७,३३५ मामले दर्ज हुए, जो वर्ष २०२२ के १,६२,४४९ मामलोंकी तुलनामें ९.२ प्रतिशत अधिक थे। बाल हिंसाका सबसे चिन्ताजनक पहलू यह है कि हिंसाका भुक्तभोगी बच्चा कई बार स्वयं हिंसक व्यवहार करने लगता है। घरमें मारपीट, गाली-गलौज, अपमान और भयका वातावरण बच्चेके मनपर गहरी छाप छोड़ता है। वह ताकतके इस्तेमालको अपनी बात मनवानेका तरीका समझने लगता है और अपने भीतरके अभाव, हताशा एवं आक्रोशको दूसरे बच्चोंपर उतार सकता है। आज परिवारोंकी संरचना, जीवनशैली और प्राथमिकताओंमें तेजीसे बदलाव आया है। माता-पिताकी व्यस्तता, प्रतिस्पर्धाका दबावए पारिवारिक कलह और बच्चोंके साथ गुणवत्तापूर्ण समय बितानेका अभाव एक नयी चुनौती बनकर उभरे हैं। कई बार माता-पिता बच्चोंकी भौतिक आवश्यकताओंको पूरा करना ही अपनी जिम्मेदारी समझ लेते हैं, जबकि उनकी भावनात्मक जरूरतों, असुरक्षाओं और मनमें चल रहे द्वंद्वको समझनेके लिए समय नहीं निकाल पाते।डिजिटल माध्यमोंने इस चुनौतीको और जटिल बना दिया है। मोबाइल गेम, सोशल मीडिया, हिंसक वीडियो और इंटरनेटपर उपलब्ध अनुपयुक्त सामग्री बच्चोंकी सोच और व्यवहारको प्रभावित कर सकती है। समस्या तब गम्भीर हो जाती है, जब ऐसी सामग्रीपर कोई नियंत्रण न हो और बच्चा वास्तविक एवं आभासी दुनियाके अन्तरको समझनेमें कठिनाई महसूस करे। विद्यालयोंकी भूमिका भी केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने और परीक्षा परिणाम सुधारनेतक सीमित नहीं रह सकती। स्कूलोंमें सुरक्षित वातावरण, प्रशिक्षित शिक्षक, प्रभावी निगरानी और शिकायत निवारणकी व्यवस्था अनिवार्य होनी चाहिए। पंचकूलाके जिस स्कूलमें घटना घटी, वहां ८०० बच्चे और २० शिक्षक हैं, लेकिन घटना वाले दिन १२ शिक्षक अनुपस्थित थे। यानी उस दिन प्रभावी रूपसे प्रति सौ बच्चोंपर केवल एक शिक्षक उपलब्ध था। इतने शिक्षकोंका एक साथ अनुपस्थित होना चिन्ताजनक है। भारतमें बाल संरक्षणके लिए किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और शिक्षाका अधिकार अधिनियम जैसे कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। आवश्यकता इनके प्रभावी क्रियान्वयनकी है। स्कूलोंमें नियमित मनोवैज्ञानिक परामर्श, व्यवहार संबंधी कठिनाइयोंकी समय रहते पहचान, शिक्षकोंका संवेदनशील प्रशिक्षण और अभिभावकोंके लिए सकारात्मक पालन-पोषण संबंधी कार्यक्रम विकसित किये जाने चाहिए। बच्चोंको यह विश्वास होना चाहिए कि वे किसी भी भय, दुर्व्यवहार या परेशानीके बारेमें बिना डरे किसी विश्वसनीय वयस्कको बता सकते हैं। हिंसाके शिकार बच्चोंके लिए शारीरिक उपचारके साथ दीर्घकालीन मनोवैज्ञानिक सहयोगकी व्यवस्था होनी चाहिए। दूसरी ओर हिंसक व्यवहार करने वाले बच्चोंके मामलेमें भी उनकी उम्र, मानसिक परिपक्वता, पारिवारिक परिस्थितियों और व्यवहार संबंधी समस्याओंको ध्यानमें रखते हुए विशेषज्ञोंकी सहायता ली जानी चाहिए। यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी घटनाओंकी पुनरावृत्ति न हो और हिंसक प्रवृत्ति वाले बच्चोंको समय रहते समझकर संभाला जा सके। सवाल केवल यह नहीं है कि बच्चे हिंसाके शिकार क्यों हो रहे हैं। सवाल यह भी है कि हम उन्हें ऐसा बचपन देनेमें क्यों असफल हो रहे हैं, जिसमें हिंसाकी जगह संवेदना, भयकी जगह विश्वास और आक्रामकताकी जगह संवाद हो।

ओवैसी-चंद्रशेखर की जोड़ी से पश्चिमी यूपी में बदलेगा सियासी गणित, सपा-बसपा की बढ़ेंगी मुश्किलें!

मनोज मिड्ढा



सहारनपुर। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 से पहले असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद का एक मंच पर आना प्रदेश की राजनीति में नए समीकरणों की शुरूआत माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने सामाजिक परिवर्तन मोर्चे के गठन के साथ अपनी राजनीतिक ताकत को एकजुट करने की पहल की है। इस गठबंधन का सबसे अधिक असर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में देखने को मिल सकता है, जहां दलित, मुस्लिम, पिछड़े और किसान वर्ग की भूमिका लंबे समय से चुनावी नतीजों को प्रभावित करती रही है। गठबंधन की घोषणा के बाद सपा, बसपा और कांग्रेस के राजनीतिक खेमों में भी इसके संभावित प्रभाव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। ओवैसी की राजनीति मुख्य रूप से मुस्लिम समुदाय के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और अल्पसंख्यक मुद्दों पर केंद्रित रही है, जबकि चंद्रशेखर आजाद ने दलित अधिकारों, सामाजिक न्याय और बहुजन राजनीति के जरिए अपनी अलग पहचान बनाई है। दोनों नेताओं के समर्थक वर्ग अलग-अलग सामाजिक आधार रखते हैं। ऐसे में इनका साथ आना पश्चिमी यूपी में दलित-मुस्लिम समीकरण को एक नए राजनीतिक मंच पर लाने की कोशिश माना जा रहा है। यदि दोनों दल अपने समर्थकों को एकजुट करने में सफल होते हैं तो कई विधानसभा सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो सकता है।

चंद्रशेखर आजाद की राजनीतिक पहचान का महत्वपूर्ण पड़ाव सहारनपुर जिले का शब्बीरपुर रहा है। वर्ष 2017 में शब्बीरपुर में हुई जातीय हिंसा के बाद भीम आर्मी के माध्यम से वह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आए थे। दलित अधिकारों और सामाजिक भेदभाव के मुद्दों पर मुखर होकर उन्होंने युवाओं के बीच अपनी पहचान बनाई। आंदोलन से शुरू हुआ उनका राजनीतिक सफर वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में नगीना सीट से जीत के साथ संसद तक पहुंचा। अब ओवैसी के साथ गठबंधन के जरिए उनकी नजर प्रदेशव्यापी राजनीतिक विस्तार पर है। सहारनपुर मंडल इस गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर और शामली में दलित-मुस्लिम आबादी के साथ किसान राजनीति और स्थानीय जातीय समीकरण चुनावी परिणामों को प्रभावित करते हैं। सहारनपुर में चंद्रशेखर की पुरानी राजनीतिक पहचान और भीम आर्मी से जुड़ा नेटवर्क गठबंधन को आधार दे सकता है। वहीं मुजफ्फरनगर और शामली में किसान राजनीति, जाट समुदाय और मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका अहम रहेगी। मेरठ में भी दोनों दलों ने अपनी चुनावी दावेदारी शुरू कर रखी है। आजाद समाज पार्टी की ओर से किठौर से बाबर चौहान खरदौनी, कैंट से संजीव पाल और शहर सीट से बदर अली के नाम सामने आए हैं। एआईएमआईएम की ओर से मेरठ दक्षिण सीट पर हाजी रईसुद्दीन सैफी और दिलशाद सैफी ने दावेदारी की है। गठबंधन के बाद इन सीटों पर आपसी सहमति से प्रत्याशी तय करना दोनों दलों के लिए बड़ी चुनौती होगी।

नगीना लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2024 के चुनाव में चंद्रशेखर आजाद ने पांच लाख से अधिक वोट हासिल कर भाजपा प्रत्याशी ओम कुमार को बड़े अंतर से पराजित किया था। खास बात यह रही कि लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों पर उन्हें बढ़त मिली थी। वहीं वर्ष 2020 के बुलंदशहर सदर उपचुनाव में आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी हाजी मोहम्मद यामीन 13,530 वोट हासिल कर तीसरे स्थान पर रहे थे। यह पार्टी की चुनावी मौजूदगी का महत्वपूर्ण उदाहरण रहा।

हालांकि गठबंधन के सामने सबसे बड़ी चुनौती दोनों दलों के समर्थक मतदाताओं को एक-दूसरे के पक्ष में मतदान कराने की होगी। सीटों का बंटवारा, प्रत्याशियों की लोकप्रियता और जमीनी संगठन इसकी सफलता तय करेंगे। यदि गठबंधन विपक्षी दलों के वोट बैंक में सेंध लगाने में सफल रहा तो भाजपा को कुछ सीटों पर अप्रत्यक्ष लाभ मिल सकता है। फिलहाल ओवैसी और चंद्रशेखर की इस राजनीतिक साझेदारी ने 2027 के चुनाव से पहले पश्चिमी यूपी की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है।

गोशाला की आड़ में नगर निगम की जमीन पर अवैध कब्जे और वसूली का आरोप, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

आज समाचार सेवा



- नुमाइश कैंप भारत माता चौक पर संचालित गोशाला को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग, भूमि को कब्जामुक्त कर नगर निगम से संचालन कराने की उठाई आवाज

सहारनपुर। नुमाइश कैंप स्थित भारत माता चौक पर नगर निगम की भूमि पर कथित अवैध कब्जा कर गोशाला संचालित करने और उसके नाम पर लाखों रुपये की अवैध वसूली किए जाने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को नगर आयुक्त के नाम संबोधित ज्ञापन अपर नगर आयुक्त सूर्या कुमार यादव को सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुछ दबंग लोगों द्वारा नगर निगम की भूमि पर अवैध कब्जा कर गोशाला संचालित की जा रही है, लेकिन वहां गोवंश की उचित देखभाल नहीं की जा रही है। गोशाला के नाम पर लाखों रुपये की अवैध वसूली किए जाने के साथ ही आसपास की भूमि पर भी अतिक्रमण कर कई दुकानें संचालित कराने और दुकानदारों से अवैध वसूली करने का आरोप लगाया गया।

कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि नगर निगम की भूमि को अवैध कब्जों और अतिक्रमण से मुक्त कराया जाए तथा गोशाला को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। साथ ही गोशाला का संचालन नगर निगम अपने स्तर से करे, ताकि गोवंश की उचित देखभाल सुनिश्चित हो सके। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि यदि कोई व्यक्ति निजी स्तर पर गोशाला संचालित करना चाहता है तो उसे अपनी भूमि खरीदकर अथवा किराये पर लेकर गोशाला चलानी चाहिए।

ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व पार्षद चंद्रजीत सिंह निक्कू, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव परवीन चौधरी, महानगर सेवादल अध्यक्ष अनुज शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, ओबीसी विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष अक्षय चौधरी, अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष गुलशेर अल्वी, राजन बिरला, रवि तंवर और हरिओम ठाकुर सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में सुनाया अश्वत्थामा के प्रतिशोध का प्रसंग



नकुड़ (सहारनपुर)। गुरु परिवार बाबा बंसीवाले के सानिध्य में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य मिथलेश नंदन कौशिक ने प्रथम स्कंध में अश्वत्थामा के प्रतिशोध का प्रसंग सुनाया। उन्होंने श्रद्धालुओं को महाभारत युद्ध के बाद घटित घटनाओं का भावपूर्ण वर्णन सुनाकर धर्म, अधर्म और प्रतिशोध के परिणामों से अवगत कराया।

शुक्रवार को कथा व्यास ने बताया कि गुरु द्रोणाचार्य के वध से दुखी अश्वत्थामा के मन में प्रतिशोध की भावना उत्पन्न हो गई थी। महाभारत युद्ध समाप्त होने के बाद उसने रात्रि में सोते हुए द्रोपदी के पांचों पुत्रों की निर्मम हत्या कर दी। पुत्रों की मृत्यु का समाचार मिलने पर द्रोपदी विलाप करने लगीं। इसके बाद अर्जुन ने भगवान श्रीकृष्ण के साथ मिलकर अश्वत्थामा की तलाश शुरू की।

उन्होंने बताया कि अश्वत्थामा के मिलने पर अर्जुन और उसके बीच ब्रह्मास्त्र का प्रयोग हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन में अर्जुन ने अश्वत्थामा को जीवित पकड़ लिया। बाद में उसके सिर के केश और मणि काटकर उसे अपमानित करते हुए छोड़ दिया गया।

कथा के दौरान श्रद्धालु भक्तिभाव से प्रसंगों का श्रवण करते रहे। कथा के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान नरेश जिंदल, नीटू भारती, ठाठसिंह, देशबंधु, विजय त्यागी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

नलकूपों पर चोरी की बढ़ती घटना: भाकियू लोक शक्ति के कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



नागल। क्षेत्र में किसानों के नलकूपों पर बढ़ती विद्युत उपकरण चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर शुक्रवार को भाकियू लोक शक्ति के युवा प्रदेश अध्यक्ष राहुल खारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने थाना प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर राहुल खारी ने पुलिस से चोरी की घटनाओं की रोकथाम की मांग करते हुए कहा कि रात्रि में पुलिस गस्त बढ़ाई जाए और पूर्व में हुई नलकूप के विद्युत उपकरण चोरी की घटनाओं का राज फाश करते हुए शासन स्तर से पीड़ित किसानों को आर्थिक मुआवजा दिलवाया जाए। उन्होंने पुलिस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि किसानों के नलकूपों पर हर गांव के जंगल में विद्युत उपकरण चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है जिनका राजफाश करने में पुलिस विफल नजर आ रही है। इस बीच कार्यकर्ताओं ने गत दिनों मुरादाबाद के एक एक्सप्रेसवे पर स्थित टोल प्लाजा पर टोल मैनेजर के द्वारा कार्यकर्ताओं पर झूठे मुकदमे लिखवाने का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंकुर कुमार, बिल्लू, सलमान, शिव कुमार, चौधरी जावेद, दुष्यंत चौधरी, अंशुल, विश्वास त्यागी, गौरव धीमान आदि मौजूद रहे।

त्रिदिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं शुरू



गंगोह- नामदेव पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को उत्साह और उमंग के साथ शुभारंभ हुआ। प्रथम दिन विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित चौधरी, प्रधानाचार्या रजनी राजपूत, प्रबंधक पंकज राजपूत ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व खेल मशाल जलाकर किया। रुचि राजपूत, वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी ने माँ के चरणों में पुष्प अर्पित किए। वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी ने सभी विद्यार्थियों को खेल प्रतिज्ञा दिलाई, जिसमें उन्होंने खेलों के दौरान अनुशासन, ईमानदारी, निष्पक्षता और खेल भावना बनाए रखने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत देशभक्ति गीतों एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। इसके पश्चात विद्यालय के चार सदनों वीर हाउस, शांति हाउस, समृद्धि हाउस एवं प्रगति हाउस के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। नर्सरी से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। नन्हे बच्चों के लिए 20 मीटर रेस, फ्रॉग रेस एवं बुक बैलेंस रेस आकर्षण का केंद्र रहीं, वहीं वरिष्ठ विद्यार्थियों ने बैडमिंटन एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

प्रदेश में फिर बनेगी सपा गठबंधन की पूर्ण बहुमत सरकार: श्रीपाल राणा

अग्निवीर योजना पर उठाए सवाल, बोले- राम सबके हैं, भाजपा के पेटेंट नहीं; ओवैसी-चंद्रशेखर गठबंधन से सपा को नुकसान होने की संभावना खारिज की



गंगोह (सहारनपुर)। सपा नेता श्रीपाल राणा ने दावा किया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश में एक बार फिर सपा गठबंधन की पूर्ण बहुमत को सरकार बनेगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी को सर्वधर्म की पार्टी बताते हुए कहा कि पार्टी सभी वर्गों और धर्मों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है। गंगोह स्थित सपा कार्यालय पर पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता में श्रीपाल राणा ने अग्निवीर योजना पर सवाल उठाते हुए कहा कि चार या छह वर्ष की सैन्य सेवा पर्याप्त नहीं है। जब तक जवान सेना में रहकर पूरी तरह परिपक्व होता है, तब तक उसका कार्यकाल समाप्त हो जाता है। उन्होंने अग्निवीरों के लिए आरक्षण की व्यवस्था पर भी असहमति जताई। उन्होंने बताया कि वह स्वयं 22 वर्ष से अधिक समय तक सेना में रहकर देश की सेवा कर चुके हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के अयोध्या जाने को राजनीतिक कदम बताए जाने पर उन्होंने कहा कि भगवान राम सबके हैं, किसी एक पार्टी के नहीं। अयोध्या यात्रा का विरोध करने वाले संतों को उन्होंने भाजपा समर्थित बताया। वहीं ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के गठबंधन को भाजपा की रणनीति का हिस्सा बताते हुए कहा कि इससे सपा को कोई नुकसान नहीं होगा। गंगोह विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने के सवाल पर श्रीपाल राणा ने कहा कि वह पार्टी में कार्यकर्ता के रूप में आए हैं। संगठन उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपेगा, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़कर 76,200 वोट हासिल किए थे और तीसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक मजबूती के कारण उन्होंने सपा का दामन थामा है।

18 सूत्रीय मांगों को लेकर फार्मासिस्टों का धरना, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

आज समाचार सेवा



- पदनाम परिवर्तन, पदोन्नति और ग्रेड पे बढ़ाने सहित लंबित मांगें पूरी करने की उठाई आवाज, 20 नवंबर को लखनऊ आंदोलन में शामिल होने का आह्वान

सहारनपुर। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर शुक्रवार को जिला शाखा सहारनपुर के पदाधिकारियों और सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय मांगपत्र सीएमओ को सौंपकर लंबित मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई। धरने में जिले के प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय सहित विभिन्न राजकीय अस्पतालों में कार्यरत फार्मासिस्ट, चीफ फार्मासिस्ट और प्रभारी अधिकारी फार्मेसीं शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि शासन और महानिदेशालय की उदासीनता के चलते फार्मासिस्ट संवर्ग की वित्तीय एवं गैर वित्तीय मांगें लंबे समय से लंबित हैं। पदनाम परिवर्तन, वरिष्ठता सूची जारी करने और पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी करने की मांग भी उठाई गई। एसोसिएशन ने फार्मासिस्ट का पदनाम फार्मेसी अधिकारी और चीफ फार्मासिस्ट का पदनाम चीफ फार्मेसी अधिकारी करने, ग्रेड पे 4600 रुपये देने, ट्रामा सेंटरों में नए पद सृजित करने तथा पदोन्नति प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। इसके अलावा चिकित्सकों की अनुपस्थिति में मिलने वाले प्रभार भत्ते में वृद्धि और नियुक्ति की तकनीकी योग्यता में संशोधन की मांग भी रखी गई।

जिलाध्यक्ष जीएस भंडारी ने ज्ञापन पर संस्तुति सहित मुख्यमंत्री को भेजने का अनुरोध किया। उन्होंने 20 नवंबर को लखनऊ में प्रस्तावित आंदोलन में अधिक से अधिक फार्मासिस्टों से शामिल होने का आह्वान किया। धरने में एसके डोभाल, अरुण शर्मा, अनिल पंवार, भूपेंद्र यादव, निर्भय जैन, सुधीर शर्मा, योगेश कुमार पचसिया, पंकज वर्मा, धनिराम, जितेंद्र रोहिला, एसएस असवाल, एसएस नेगी, नवनीत सैनी, दीपक धीमान सहित अनेक फार्मासिस्ट मौजूद रहे।

संस्कारित माता पिता ही संतान को सरकार दे सकते हैं - आचार्य विश्वदेवार्य जी



नागल। जिला आर्य उप प्रतिनिधि सभा तहसील देवबंद की प्रेरणा से रजनीश आर्य ग्राम अंबोली की पुत्री कुमारी रिया आर्या की शादी से पूर्व रणजा रस्म कार्य क्रम में गुरुकुल चाको के आचार्य विश्वदेवार्य ने बताया कि माता पिता अगर संस्कारित नहीं है तो वें संतान को भी संस्कारित नहीं कर सकते।अतः माता पिता का संस्कारित होना परमावश्यक है।

इसी अवसर पर पंडित अमरेश आर्य ने भी कई भजनों के माध्यम से संस्कारों की बात कही। उन्होंने कहा कि वेदों के अनुसार गुण कर्म एवं स्वभाव तथा वर्णों के अनुसार ही पुत्र पुत्रियों की शादी करें बिना इस व्यवस्था के जीवन सुखमय नहीं हो सकता। इस अवसर पर जिला आर्य सभा के प्रधान महिपाल आर्य,उप प्रधान मुकेश आर्य,उप मंत्री विपिन आर्य,तहसील सभा के प्रधान अजब सिंह आर्य,मंत्री डॉ सुरेंद्र आर्य,राजबीर आर्य,उत्तर प्रदेश सभा के उप मंत्री अनुराग आर्य,जोगेन्द्र प्रधान ,प्रभात आर्य, पूर्व प्रधान अमरीश आर्य,यशपाल आर्य,शिवराज आर्य,देवपाल आर्य,ओमपाल आर्य,ईश्वर चंद आर्य,देवव्रत आर्य आदि पुरोहित एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की कवायद तेज

441बीएलओ व 46 सुपरवाइजर को दिया प्रशिक्षण



आज समाचार सेवा

बेहट, विधान सभा क्षेत्र बेहट में मतदाता सूची को त्रुटिरहित और नई बनाने की कवायद तेज हो गई है। विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बुधवार को तहसील मुख्यालय पर 441 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) व 46 सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने कर्मचारियों को पुनरीक्षण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व निर्धारित प्रक्रिया की जानकारी दी। उप जिलाधिकारी सुबोध कुमार की देखरेख में आयोजित प्रशिक्षण में बताया गया, कि भारत निर्वाचन आयोग और जिलाधिकारी के निर्देश पर निर्धारित तिथि एक जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक कराया जाएगा। इसके लिए सभी बीएलओ व सुपरवाइजर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशिक्षण में कर्मचारियों को निर्देश दिए गए कि पुनरीक्षण के दौरान अनुपस्थित, शिफ्टेड, डुप्लीकेट व मृत मतदाताओं से संबंधित सूचनाओं का दोबारा सत्यापन किया जाए।

मतदाता सूची में किसी भी तरह की त्रुटि न रहे, इसके लिए निर्धारित प्रक्रिया का पूरी गंभीरता से पालन किया जाए। 17 नवंबर से बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान एक जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी पात्र युवक-युवतियों से फॉर्म-6 भरवाकर उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराने की कार्रवाई भी की जाएगी। उप जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा में पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ पुनरीक्षण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये।

एमबीबीएस के बाद एफएमजीई परीक्षा भी पहले ही प्रयास में पास की, क्षेत्र का बढ़ाया मान



आज समाचार सेवा

चिलकाना। कस्बे के एक होनहार युवक ने विदेश से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने के बाद भारत की मेडिकल स्क्रीनिंग परीक्षा एफएमजीई पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चिलकाना निवासी अजीम अंसारी ने उज्बेकिस्तान की ताशकंद स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से वर्ष 2026 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद भारत में चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने के लिए अनिवार्य एफएमजीई परीक्षा दी, जिसमें उन्होंने पहले ही प्रयास में सफलता हासिल कर ली।

अजीम की प्रारंभिक शिक्षा सुल्तानपुर के न्यू कैंब्रिज पब्लिक स्कूल में हुई। इसके बाद उन्होंने सहारनपुर से इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी की और मैडिकल शिक्षा के लिए 2020 में विदेश चले गए। बचपन से ही डॉक्टर बनने का सपना देखने वाले युवक ने मेहनत और लगन के बल पर अपना लक्ष्य हासिल किया। सफलता की खबर घर पहुंचने पर परिजनों, रिश्तेदारों और क्षेत्रवासियों ने फूल-मालाओं से स्वागत कर खुशी जताई। पूर्व चेयरमैन अकबर कुरैशी, एकता जनसेवा समिति के बालकृष्ण शर्मा, मुस्तकीम अंसारी, इरफान अंसारी, फरमान अंसारी, आदि ने इसे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताते हुए कहा कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

ओवैसी-चंद्रशेखर गठबंधन से नकुड़ में बदलेगा चुनावी गणित

भाजपा को दिख रही उम्मीद तो सपा-कांग्रेस की बढ़ी चिंता

आज समाचार सेवा



- 2022 में महज 315 वोटों से जीती थी भाजपा, बसपा और ओवैसी की पार्टी ने प्रभावित किया था सपा का समीकरण; अब दलित-मुस्लिम मतों पर नए मोर्चे की नजर

नकुड़ (सहारनपुर)। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले असदुद्दीन ओवैसी और चंद्रशेखर आजाद के सामाजिक परिवर्तन मोर्चे के गठन का असर नकुड़ विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में भी दिखाई देने लगा है। नए गठबंधन को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हैं। माना जा रहा है कि दलित और मुस्लिम मतदाताओं का एक हिस्सा यदि इस मोर्चे के साथ जुड़ता है तो इसका असर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के संभावित चुनावी समीकरणों पर पड़ सकता है। वहीं भाजपा खेमे में इसे अपने लिए अनुकूल संभावना के रूप में देखा जा रहा है।

नकुड़ सीट पर दलित और मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। इसी सामाजिक समीकरण को देखते हुए आजाद समाज पार्टी के नेता राव केसर सलीम भी लंबे समय से क्षेत्र में राजनीतिक सक्रियता बढ़ा रहे हैं। गठबंधन के बाद उनकी दावेदारी को लेकर भी चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुकेश चौधरी ने सपा प्रत्याशी डॉ. धर्म सिंह सैनी को महज 315 मतों से हराया था। उस चुनाव में बसपा प्रत्याशी साहिल खान ने मुस्लिम मतों में सेंधमारी की थी, जबकि ओवैसी की पार्टी की प्रत्याशी रिजवाना बेगम को भी करीब चार हजार वोट मिले थे। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक मुस्लिम मतों का बंटवारा सपा प्रत्याशी की हार का एक अहम कारण बना था।

अब ओवैसी और चंद्रशेखर के एक मंच पर आने से पुराने चुनावी समीकरण फिर चर्चा में हैं। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं नकुड़ से दावेदारी कर रहे डॉ. धर्म सिंह सैनी का कहना है कि दूसरे दलों के गठबंधन से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका लक्ष्य भाजपा को मजबूत करना और प्रदेश में दोबारा सरकार बनाना है। विधायक मुकेश चौधरी का भी कहना है कि वह अपने क्षेत्र और पार्टी के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

उधर, आजाद समाज पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष सौरव कटारिया और नगर अध्यक्ष महेश कुमार का दावा है कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा दलित-मुस्लिम एकता के आधार पर मजबूत राजनीतिक विकल्प बनेगा। वहीं सपा के दावेदार साहिल खान, संदीप सैनी और धर्मवीर खटाना का कहना है कि प्रदेश की जनता अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने का मन बना चुकी है और नए गठबंधन से सपा की संभावनाओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

फिलहाल प्रत्याशियों और सीटों के बंटवारे को लेकर तस्वीर साफ नहीं है, लेकिन 315 मतों से हार-जीत तय करने वाली नकुड़ सीट पर नए गठबंधन ने राजनीतिक सरगर्मियां जरूर बढ़ा दी हैं। आने वाले समय में यह देखना दिलचस्प होगा कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा किसके चुनावी समीकरण बिगाड़ता है और किसे इसका फायदा मिलता है।

खड़ी ट्रेनों के जनरेटर से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, छह गिरफ्तार

आज समाचार सेवा



सहारनपुर। खड़ी ट्रेनों के जनरेटर से डीजल चोरी कर बेचने वाले गिरोह का नागल पुलिस ने पदार्फाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 960 लीटर डीजल, 23 भरे हुए कैन, तीन खाली कैन और वारदात में इस्तेमाल पिकअप गाड़ी बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने नागल के साथ-साथ पिलखनी रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के जनरेटर से भी डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस लाइन स्थित नवीन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में एसपी देहात मयंक पाठक ने बताया कि एसएसपी अभिनंदन के निर्देशन में जिलेभर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी नागल राधेश्याम यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रही थी। 12 नवंबर की रात पुलिस ने रेलवे रोड पुल के पास चेकिंग के दौरान एक पिकअप में सवार छह संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अब्दुल्ला पुत्र मोबीन, फरमान पुत्र मोबीन और जुलफान पुत्र अली हसन निवासी मोहल्ला मिर्धान सरसावा, जोगिंद्र साहनी पुत्र कैलाश साहनी और अवधेश साहनी पुत्र मदन साहनी निवासी मोतिहारी बिहार तथा दिलनवाज पुत्र मोहम्मद नवाब निवासी हलालपुर थाना कोतवाली देहात के रूप में हुई है। पुलिस ने पिकअप की तलाशी ली तो उसमें 40 लीटर क्षमता के 21 कैन और 60 लीटर क्षमता के दो कैन डीजल से भरे मिले। इसके अलावा 40 लीटर का एक तथा 60 लीटर क्षमता के दो खाली कैन भी बरामद हुए। बरामद डीजल की कुल मात्रा करीब 960 लीटर बताई गई है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त पिकअप संख्या यूपी-11-डीटी-8186 को भी कब्जे में ले लिया। एसपी देहात के मुताबिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मिलकर रेलवे स्टेशनों पर खड़ी ट्रेनों के जनरेटर से डीजल चोरी करते थे। 12 नवंबर की रात नागल रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के जनरेटर से करीब एक हजार लीटर डीजल निकालकर पिकअप में भरकर ले जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि चार-पांच दिन पहले पिलखनी रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के जनरेटर से करीब 180 लीटर डीजल चोरी किया था। चोरी किए गए डीजल को वे अब्दुल्ला को बेचते थे और इससे मुनाफा कमाते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना नागल में मुकदमा अपराध संख्या 344/26, धारा 317(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार अब्दुल्ला और फरमान के खिलाफ पहले भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम यादव, उपनिरीक्षक तपन जयन्त, उपनिरीक्षक नितिन कुमार, हेड कांस्टेबल रणजीत तथा कांस्टेबल अमित कुमार, विशाल बाबू और विशेष शामिल रहे।

स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करें: मृत्युंजय

आज समाचार सेवा

सहारनपुर। नगर जनगणना अधिकारी/अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने जनगणना-2027 के लिए शहर के लोगों से स्व-गणना सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है। स्वगणना 16 से 30 नवंबर तक होगी। उन्होंने जनगणना करने वाले प्रगणकों से भी जनगणना के दौरान प्रवासी श्रमिकों, किरायेदारों, वरिष्ठ नागरिकों दूरस्था बस्तियों में रहने वाले तथा अकेले रहने वाले लोगों तक भी पहुंच बनाकर जनगणना में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि दूसरे चरण की जनगणना में 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना तथा एक दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या गणना की जायेगी। नगर जनगणना अधिकारी/अपर नगरायुक्त मृत्युंजय ने कहा है कि जनगणना-2027 एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। उन्होंने बताया कि स्वगणना के लिए अधिकारिक पोर्टल https //se.census.gov.im का भी उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वगणना पूरी करने के बाद प्राप्त पहचान संख्या (एसए आईडी) सुरक्षित रखें और प्रगणक के घर आने पर उन्हें उपलब्ध कराएं, ताकि आवश्यक सत्यापन किया जा सके। नगर जनगणना अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि वे स्वयं के अतिरिक्त अपने आस पास के लोगों तथा परिचितों को भी जनगणना-2027 में भागीदारी के लिए प्रेरित कर इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपना योगदान दें।

क्रिटिकल बूथ और वल्नेरेबल पॉकेट की समीक्षा, एसडीएम ने थाना प्रभारियों को दिए स्थलीय सत्यापन के निर्देश



बिलासपुर। आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण,निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।इसी क्रम में शुक्रवार को उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में तहसील सभागार में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र 36-बिलासपुर के अंतर्गत आने वाले क्रिटिकल बूथों (संवेदनशील मतदान केंद्रों) और वल्नेरेबल पॉकेट्स (अतिसंवेदनशील क्षेत्रों) की स्थिति एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।इस दौरान एसडीएम ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में चिन्हित संवेदनशील मतदान केंद्रों और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का शीघ्र स्थलीय भ्रमण कर भौतिक सत्यापन करें। साथ ही वहां की वर्तमान स्थिति,सुरक्षा व्यवस्था और संभावित चुनौतियों का आकलन कर निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट प्रस्तुत करें।वहीं क्षेत्राधिकारी पीपी सिंह ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए अराजक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई करने तथा आवश्यकतानुसार पाबंद करने के निर्देश दिए।बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं, पहुंच मार्गों और संचार व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर भी विशेष जोर दिया गया।अधिकारियों को पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए गए।इस मौके पर बिलासपुर कोतवाली प्रभारी जीत सिंह,भोट थानाध्यक्ष अर्जुन त्यागी,केमरी थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार,खजुरिया थानाध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्कूल बस चालकों को यातायात नियमों का पढ़ाया पाठ, टीआई ने दी जरूरी जानकारी



बिलासपुर। पुलिस अधीक्षक के आदेश एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के निर्देशन में शुक्रवार को यातायात पुलिस की ओर से नैनीताल रोड स्थित सर्व संस्कृति स्कूल में जागरूकता अभियान चलाया गया।इस दौरान टीआई नवनीत ने स्कूल बस चालकों को यातायात नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।उन्होंने बस चालकों को सड़क पर लगे विभिन्न रोड साइन, संकेतकों एवं सड़क पर बनी सफेद और पीली पट्टिकाओं के महत्व के बारे में समझाया। साथ ही बताया कि सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए यातायात संकेतों और नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है।विशेष रूप से स्कूली बच्चों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाने की जिम्मेदारी बस चालकों की होती है,इसलिए उन्हें वाहन चलाते समय अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए।टीआई नवनीत ने सभी बस चालकों को हिदायत दी कि उन्हें बताए गए रोड साइन, सड़क की पट्टिकाओं एवं यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।किसी भी प्रकार की लापरवाही से बचने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने की अपील भी की गई।इस मौके पर टीएसआई विश्राम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बिलासपुर में छठ महापर्व का उल्लास शुरू, भाखड़ा डैम किनारे सजाया जा रहा छठ घाट



बिलासपुर। नगर में चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत %नहाय-खाय% के साथ श्रद्धा और उल्लासपूर्ण माहौल में हो गई। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। छठ पूजा के तीसरे और चौथे दिन होने वाली पूजा-अर्चना के लिए नगर के हाईवे स्थित भाखड़ा डैम के किनारे छठ स्थल को तैयार किया जा रहा है।छठ स्थल की साफ-सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं, नगर पालिका परिषद की ओर से भाखड़ा डैम की सीधी नदी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट बनाया जा रहा है।शुक्रवार को जेसीबी की मदद से घाट की भूमि को समतल कराया गया। नगर पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने बताया कि घाट पर श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्था करने के साथ ही साज-सज्जा भी कराई जाएगी।छठ पूजा समिति के सदस्य जितेंद्र मिश्रा और नीरज मिश्रा ने बताया कि शनिवार को %खरना% के साथ व्रतियों का निर्जला उपवास शुरू होगा।रविवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।इसके बाद सोमवार सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा।क्षेत्र में पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के बड़ी संख्या में लोग रहते हैं, जो हर वर्ष पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ छठ महापर्व मनाते हैं।

बिलासपुर में ईएलसी टीम का गठन, मतदाता जागरूकता अभियान को मिलेगी गति



बिलासपुर। विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार शाम ईएलसी (इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब) टीम का गठन किया गया।उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में टीम के सदस्यों को उनके दायित्व सौंपे गए।बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया में युवाओं,भावी मतदाताओं और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने नवगठित टीम को निर्देश दिए कि क्षेत्र के स्कूलों,कॉलेजों और ग्राम स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए।विशेष रूप से 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।उन्होंने कहा कि स्वीप (स्ङ्कश्वश्वक्क) गतिविधियों के माध्यम से मतदान के महत्व की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जाए, जिससे कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।बैठक में निर्वाचन साक्षरता से जुड़े आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। एसडीएम ने सभी सदस्यों से आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने और निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी, नोडल अधिकारी और ईएलसी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

कार्तिक पूर्णिमा पर 24 नवम्बर को घाटमपुर में लगेगा कोसी नदी के तट पर गंगा स्नान मेला

रामपुर। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर 24 नवम्बर 2026 को ग्राम घाटमपुर, तहसील सदर स्थित कोसी नदी के तट पर गंगा स्नान मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत द्वारा प्रतिवर्ष मेले का आयोजन कराया जाता है। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने उप जिला मजिस्ट्रेट सदर रश्मिका श्रीवास्तव को मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्हें क्षेत्राधिकारी नगर के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने तथा आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि मेला स्थल और घाट के आसपास किसी भी जर्जर पुल, रेलिंग अथवा अन्य असुरक्षित स्थान को चिह्नित कर समय से आवश्यक कार्रवाई कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मेले के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सीय सुविधाओं की व्यवस्था तथा अग्निकांड से बचाव के लिए आवश्यक तैयारियां समय से पूरी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। विद्युत विभाग को ढीले तारों एवं जर्जर खंभों को ठीक कराने और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा गया है। इसके साथ ही नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिकारियों को मेला स्थलों पर साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, पानी में क्लोरीन डालने तथा आसपास चूने का छिड़काव कराने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे संक्रामक रोगों से बचाव किया जा सके। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समय से तैयारियां पूरी करने और मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

राज्य एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए 30 नवम्बर तक करें ऑनलाइन आवेदन

रामपुर। जनपद के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन की प्रक्रिया 10 नवम्बर से शुरू हो चुकी है, जिसकी अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2026 निर्धारित की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने बताया कि राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक एवं अध्यापक राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त स्ववित्त पोषित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक एवं पात्र शिक्षक विभागीय वेबसाइट द्धह्लह्लह्मश्र// ह्यष्द्धशश्वद्य.ह्लश्वद्वह्यश्र.द्गस्रह्ल.द्बठ्ठ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने जनपद के सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तथा प्रधानाचार्याओं को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं तथा पात्र शिक्षकों को निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने सभी पात्र शिक्षकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि 30 नवम्बर 2026 से पहले अपना आवेदन अवश्य कर दें।

ट्रैक्टर के रास्ते में पशु आने को लेकर विवाद, चार लोगों पर मारपीट का आरोप

शाहबाद। थाना शाहबाद क्षेत्र के ग्राम वड़े की मढ़ैया में ट्रैक्टर के रास्ते में पशु आने को लेकर हुए विवाद में मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना पटवाई क्षेत्र के ग्राम चंदका मदरपुर निवासी इशरत पुत्र वहीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 नवंबर की सुबह करीब सात बजे उसके बहनोई गुड्डू पुत्र गुलाब निवासी ग्राम वड़े की मढ़ैया थाना शाहबाद अपने घर से ट्रैक्टर लेकर निकले थे। गांव के पास रास्ते में पशु खड़े होने पर उन्हें हटाने को कहा गया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर गुड्डू, गुलशन तथा इकरार, इस्माइल, साहिल और अरमान ने लाठी-डंडों से इशरत के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। सूचना मिलने पर इशरत गांव पहुंचा और परिजनों के साथ थाना शाहबाद जाकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने इशरत की तहरीर के आधार पर इकरार, इस्माइल, साहिल और अरमान पुत्रगण भूरा निवासी ग्राम वड़े की मढ़ैया थाना शाहबाद के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अंकित कुमार को सौंपी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

शाहबाद। कोतवाली शाहबाद क्षेत्र के ग्राम करैथी का मझरा में मारपीट और गाली-गलौज का मामला सामने आया है।इ पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र मृपाल ने आरोप लगाया है कि 8 नवंबर 2026 की रात करीब 8:30 बजे गांव के ही राजीव शेखर, रुस्तम और नागेश पुत्रगण देव सिंह तथा भूरे पुत्र विजय सिंह ने उनके साथ मारपीट की और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। आरोप है कि विरोध करने पर चारों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दिनेश कुमार की तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक प्रशांत कुमार को सौंपी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ और सरसों की फसल जोतकर नष्ट करने का आरोप, तीन नामजद समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

मिलक (रामपुर)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदयपुर जागीर निवासी अकील ने कोतवाली में तहरीर देकर तीन नामजद लोगों समेत एक अज्ञात के खिलाफ खेत में खड़ी फसल और यूकेलिप्टस के पेड़ नष्ट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अकील के मुताबिक ग्राम कूप थाना मिलक क्षेत्र में उसकी करीब 50 से 60 बीघा कृषि भूमि है। उसने करीब 9-10 महीने पहले अपने खेत में यूकेलिप्टस के पेड़ लगाए थे। साथ ही खेत में सरसों की फसल भी बो रखी थी। आरोप है कि 9 नवंबर 2026 की रात करीब 11 बजे महबूब निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी सिविल लाइन रामपुर तथा अरविंद और महेश निवासी ग्राम महेवा थाना शाहाबाद ने मिलकर दो ट्रैक्टर चालकों को उसका खेत जोतने के लिए भेज दिया। आरोप है कि ट्रैक्टरों से खेत में खड़े यूकेलिप्टस के सभी पेड़ और सरसों की फसल नष्ट कर दी गई। पीड़ित को 10 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे ग्राम कूप में अपने परिचित के माध्यम से घटना की जानकारी मिली। इसके बाद वह मौके पर पहुंचा तो खेत जुता हुआ मिला। इसी दौरान फसल नष्ट करके लौट रहा एक ट्रैक्टर रास्ते में पलटा हुआ था। हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बरेली में भर्ती कराया गया है।अकील का आरोप है कि घटना के संबंध में आरोपितों से बात करने पर उन्होंने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

कड़े से हमला कर युवक का सिर फोड़ा, पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

मिलक (रामपुर)। कोतवाली क्षेत्र के गांव किरे के मजरा दीपपुर निवासी गौरव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपने दोस्त कमल के साथ रात करीब आठ बजे खेत से गांव लौट रहा था। रास्ते में गांव के अंकित, नीलेश, अमित, रवि और नीरज बैठकर शराब पी रहे थे। आरोप है कि पांचों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए। इसी दौरान अंकित ने हाथ में पहना कड़ा निकालकर कमल के सिर पर वार कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने गौरव की तहरीर पर पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले की विवेचना हल्का प्रभारी द्वारा की जा रही है।

बिलासपुर में मतदान केंद्रों की सुविधाओं और मतदाता सूची के अद्यतन को लेकर बैठक



बिलासपुर। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी आनंद कुमार कनौजिया की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा एवं मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक के दौरान एसडीएम ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की समीक्षा की।साथ ही मतदाता सूची में नए मतदाताओं के नाम शामिल करने, पहले से दर्ज नामों एवं विवरणों में आवश्यक संशोधन करने तथा अन्य स्थानों पर स्थायी रूप से शिफ्ट हो चुके मतदाताओं के नाम नियमानुसार सूची से विलोपित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।एसडीएम ने निर्वाचन कार्य को पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित बिंदुओं पर आवश्यक जानकारी साझा की।उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण और मतदान केंद्रों पर बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के महत्व पर भी जोर दिया।

इस अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े प्रतिनिधि मौजूद रहे।बैठक का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु बनाने के साथ ही मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन करना रहा।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने बिखेरी प्रतिभा, लोकगीत, लोकनृत्य और पेंटिंग में दिखाया हुनर



रामपुर। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा शुक्रवार को पनवड़िया स्थित सांस्कृतिक सद्भावना केंद्र में जनपद स्तरीय कल्चरल ट्रैक युवा उत्सव का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में युवाओं ने लोकगीत, लोकनृत्य, नुक्कड़ नाटक, कविता लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में लोकगीत समूह वर्ग में दयावती मोदी अकादमी की टीम ने प्रथम, राजकीय राजा डिग्री कॉलेज की टीम ने द्वितीय तथा महिला मंगल दल नौगांव की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकनृत्य समूह प्रतियोगिता में महिला मंगल दल नौगांव की टीम प्रथम तथा कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआं की टीम द्वितीय स्थान पर रही। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में राजकीय राजा डिग्री कॉलेज की महिला टीम ने प्रथम तथा राजकीय इंटर कॉलेज सैंजनी नानकार की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में मेघा ठाकुर प्रथम, आलिया रिजवान द्वितीय और रविता आजाद तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, पेंटिंग प्रतियोगिता में फरहीना ने प्रथम, अमरीन आसिफ ने द्वितीय तथा आलिया रिजवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका हेमलता वर्मा, ज्योति, स्नेह शिखा एवं सुमरनी देवी ने निभाई। आयोजन को सफल बनाने में बीओ नंदन सिंह, अजमल जमाल खान, वरिष्ठ सहायक सुनील, महेंद्र, वेदराम एवं हरीश सहित अन्य कर्मचारियों ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी बृजेश कुमार बिश्नोई ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

जिम्नास्टिक और जूडो प्रतियोगिताओं के लिए 21 व 28 नवम्बर को होंगे जिला स्तरीय ट्रायल

रामपुर। प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक एवं बालिका जिम्नास्टिक और जूडो प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने के लिए मंडलीय टीम के चयन हेतु जिला स्तरीय ट्रायल शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम, बमनपुरी में आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि जिम्नास्टिक प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन/ट्रायल 21 नवम्बर 2026 को अपराह्न 3 बजे तथा मंडल स्तरीय ट्रायल 22 नवम्बर को प्रातः 11 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम, मुरादाबाद में होगा। चयनित खिलाड़ी 24 से 26 नवम्बर तक आगरा में आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इसी प्रकार सब जूनियर बालक एवं बालिका जूडो प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय ट्रायल 28 नवम्बर को अपराह्न 3 बजे तथा मंडल स्तरीय ट्रायल 29 नवम्बर को प्रातः 11 बजे मुरादाबाद में होगा। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 1 से 3 दिसम्बर 2026 तक कानपुर में आयोजित की जाएगी। उन्होंने इच्छुक खिलाड़ियों से निर्धारित तिथि एवं समय पर अधिक से अधिक संख्या में ट्रायल में प्रतिभाग करने की अपील की है। मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को अपने बैंक खाते की पासबुक की छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

मुहम्मद शरीफ हत्याकांड- बेटे के सामने पिता पर बरसाईं गोलियां,आखिरी शब्द थे- बेटा तू भाग



बिलासपुर। मोहम्मद शरीफ हत्याकांड में अब मृतक के बेटे वाहिद ने घटना के दौरान का खौफनाक मंजर बयां किया है।पिता की हत्या का वह दृश्य आज भी उसकी आंखों के सामने घूम रहा है। वाहिद के मुताबिक, हमलावरों ने उसके पिता पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। इस दौरान जानलेवा हमला झेल रहे पिता ने अपनी जान की परवाह किए बिना बेटे को बचाने की कोशिश की और आखिरी सांसों से पहले कहा, %यह मेरे खून के प्यासे हैं बेटा, तू भाग जा। हमारे साथ षड्यंत्र रचा गया है।%वाहिज ने बताया कि घटना वाले दिन खजुरिया थाने से उसके पिता मुहम्मद शरीफ के पास फोन आया था।इसके बाद वह उन्हें बाइक पर बैठाकर थाने ले गया।वहां करीब एक घंटे तक इंतजार करने के बावजूद थानाध्यक्ष से मुलाकात नहीं हो सकी।इसके बाद एक सिपाही के कहने पर दोनों बाइक से घर लौटने लगे।अभी वे थाने से करीब एक किलोमीटर ही दूर पहुंचे थे कि पीछे से अपाचे बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश आ गए।आरोप है कि बदमाशों ने चलते हुए ही बाइक सवार पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।अचानक हुई गोलीबारी से वाहिज घबरा गया।इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, उसके पिता को कई गोलियां लग चुकी थीं और वह बाइक से नीचे गिर पड़े।वाहिज का आरोप है कि दोनों हमलावर पेशेवर शूटर थे। उनके गोली चलाने का तरीका और निशाने की सटीकता देखकर लग रहा था कि वारदात को पूरी योजना के साथ अंजाम दिया गया। पिता को बचाने का मौका मिलने से पहले ही हमलावर फरार हो गए।परिजनों के मुताबिक, मोहम्मद शरीफ के शरीर पर छह गोलियां लगी थीं। इनमें दो आर-पार हो गईं, जबकि चार गोलियां पोस्टमार्टम के दौरान शरीर के अंदर मिलीं।बेटे के बयान के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि हमलावरों को शरीफ के थाने आने, वहां से निकलने और घर लौटने के रास्ते की जानकारी कैसे मिली? परिवार ने पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है।

24 कोसीय परिक्रमा मार्ग का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, सुरक्षा के कड़े इंतजाम



चन्दौसी। जनपद सम्भल में शुक्रवार को ऐतिहासिक 24 कोसीय परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ हो गया। रात्रि से ही विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के जत्थे परिक्रमा के लिए निकलने लगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल और पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी ने थाना सम्भल क्षेत्र के क्षेमानाथ मंदिर तथा थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम चंदायन स्थित चंद्रे श्वर मंदिर पहुंचकर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

परिक्रमा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने पूरे मार्ग को विभिन्न सेक्टरों में बांटकर राजपत्रित अधिकारियों, निरीक्षकों और सेक्टर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई है। क्षेमनाथ मंदिर, बूजगोपाल मंदिर और चंद्रेश्वर मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। भीड़ प्रबंधन और असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। यातायात व्यवस्था के लिए प्रमुख मार्गों और चैराहों पर पुलिसकर्मियों को लगाया गया है। इसके अलावा अग्निशमन दल को भी मुस्तैद रखा गया है। डीएम और एसपी ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता और आपसी समन्वय के साथ ड्यूटी करने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

15 नवंबर को होगी डॉ. आंबेडकर सामान्य ज्ञान परीक्षा, 650 विद्यार्थी होंगे शामिल

चन्दौसी। भारतीय बौद्ध महासभा के अंतर्गत युवा एवं बाल विकास समिति की ओर से 15 नवंबर को डॉ. आंबेडकर सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाएगी। जनपद में तीन परीक्षा केंद्रों पर करीब 650 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। एसएम इंटर कॉलेज चन्दौसी को मुख्य केंद्र बनाया गया है, जहां लगभग 401 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इसके अलावा डॉ. आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल पथरा चन्दौसी और राजकीय इंटर कॉलेज लहरावन में भी परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 12रू30 बजे तक चलेगी। इसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे, जिन्हें 90 मिनट में ओएमआर शीट पर हल करना होगा। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास और सामान्य ज्ञान बढ़ाना है। प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। सीनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) और जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 8) में दस-दस सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। जनपद स्तर पर भी प्रथम तीन स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष एके सिंह ने दी।

कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार, 150 मीटर रही दृश्यता

चन्दौसी। शुक्रवार सुबह नगर और आसपास के क्षेत्रों में कोहरे और धुंध का असर देखने को मिला। सुबह के समय सड़कों पर कोहरा छाए रहने से वाहनों की रफ्तार थम सी गई। दृश्यता करीब 150 मीटर रहने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कम दृश्यता के चलते कई वाहन चालक दिन में भी लाइट जलाकर चलते नजर आए। वहीं, प्रमुख मार्गों पर वाहन धीमी गति से गुजरते दिखाई दिए। मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के चलते सुबह और शाम के समय ठंड का एहसास बढ़ने लगा है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके साथ ही वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 250 पहुंचने से हवा की गुणवत्ता भी खराब स्थिति में बनी रही। प्रदूषण और धुंध के कारण लोगों को सांस लेने में परेशानी होने की आशंका है। मौसम के जानकारों के अनुसार शुक्रवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है। सुबह के समय कोहरा और धुंध रहने से दृश्यता प्रभावित हो सकती है। ऐसे में वाहन चालकों को सावधानी बरतने, वाहनों की गति नियंत्रित रखने और फॉग लाइट का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई है।

फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक, अस्पताल ले जाते समय मौत

चन्दौसी। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेहटा साहू में एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं, मृतक की पत्नी ने परिवार के लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, गांव बेहटा साहू निवासी प्रेम किशोर (28) पुत्र स्वर्गीय गिरिराज ने बुधवार 12 नवंबर की शाम करीब सात बजे अपने घर में स्लिप के कुंडे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। इसी दौरान गांव के सत्यवीर सिंह (45) पुत्र गजराम सिंह की नजर उस पर पड़ी। उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल परिवार के लोगों को दी। इसके बाद परिजनों ने प्रेम किशोर को फंदे से नीचे उतारा और उपचार के लिए नौरौली स्थित कोमल अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे चंदौसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही प्रेम किशोर ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद उसकी पत्नी गुड्डी देवी ने परिवार के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने की कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिसौना डाण्डा गंगा मेले की तैयारियों का एसपी ने लिया जायजा

चन्दौसी। आगामी कार्तिक पूर्णिमा पर थाना रजपुरा क्षेत्र के सिसौना डाण्डा में लगने वाले गंगा मेले की तैयारियों को लेकर पुलिस प्रशासन ने सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी ने टी-प्वाइंट पुलिस चैकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मार्गों और अनूपशहर गंगा पुल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने श्रद्धालुओं के आवागमन, यातायात प्रबंधन, पुलिस बल की तैनाती और कानून-व्यवस्था से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि मेले में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाए तथा भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था की जाए। यातायात सुचारु रखने के साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। एसपी ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूरी करने और मेले के दौरान सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कराएंगी स्व-गणना, प्रत्येक को 30 लोगों का लक्ष्य



चन्दौसी। जनगणना-2027 के अंतर्गत स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में सीडीओ गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से स्व-गणना के प्रति लोगों को जागरूक करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाए। महिलाएं अपने-अपने गांवों में लोगों को स्व-गणना की प्रक्रिया की जानकारी दें और अधिक से अधिक नागरिकों को इसमें भाग लेने के लिए प्रेरित करें।

सीडीओ ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि प्रत्येक स्वयं सहायता समूह की महिला कम से कम 30 व्यक्तियों की स्व-गणना कराने में सहयोग करे। इसके साथ ही अन्य ग्रामीणों को भी ऑनलाइन प्रक्रिया के बारे में जानकारी देकर अभियान से जोड़ें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की पहुंच और सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को प्रभावी बनाया जा सकता है उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित की जाएगी। इस दौरान नागरिक स्वयं अपनी जनगणना संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।बैठक में जिला विकास अधिकारी राम आशीष, समस्त खंड विकास अधिकारी तथा एनआरएलएम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत होगा दो-दिवसीय प्रशिक्षण

बदायूँ। राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र, बदायूँ द्वारा मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जनपद की चार ग्राम पंचायतों में दो-दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केंद्र के प्रभारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ग्राम पंचायत सनाय, न्याय पंचायत बरातेगदार, विकासखंड सालारपुर में 16 से 17 नवंबर 2026 तक प्रशिक्षण आयोजित होगा। ग्राम पंचायत सोई, न्याय पंचायत वनकोय, विकासखंड बजीरगंज में 18 से 19 नवंबर तक, ग्राम पंचायत कटिया बरचऊ, न्याय पंचायत लोहाठेर, विकासखंड कादरचौक में 21 से 22 नवंबर तक तथा ग्राम पंचायत कुआडाडा कासिमपुर, न्याय पंचायत भगवतीपुर, विकासखंड सालारपुर में 25 से 26 नवंबर 2026 तक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित जानकारी एवं कौशल उपलब्ध कराकर स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इच्छुक ग्रामीण इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर खाद्य प्रसंस्करण संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

छठ पूजा कल, छह मजिस्ट्रेट नामित

बदायूँ। इस वर्ष छठ पूजा का पर्व 15 नवंबर 2026 रविवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कछला गंगा घाट सहित जनपद के अन्य गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए छह मजिस्ट्रेट नामित किए हैं।

जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार सदर दीपक कुमार को कछला घाट, बदायूँ की ओर, तहसीलदार (न्यायिक) बदायूँ संतोष कुमार राजौरिया को कछला घाट, कासगंज की ओर तथा नायब तहसीलदार बदायूँ अंजनी कुमार राय को कछला पुराने पुल पर तैनात किया गया है। इसी प्रकार उप जिला मजिस्ट्रेट दातागंज विनोद कुमार को अटैना घाट थाना उसहैत, तहसीलदार दातागंज दया चन्द्र पौरुष को भुंडी घाट थाना उसहैत तथा नायब तहसीलदार दातागंज सतीश चन्द्र मिश्र को बेलाडांडी घाट थाना दातागंज पर तैनात किया गया है। नामित मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के घाटों पर कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखें। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर बदायूँ एवं दातागंज को आवश्यकतानुसार अपने स्तर से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत दातागंज, उसहैत तथा कछला को घाटों एवं मुख्य मार्गों पर समुचित साफ-सफाई, शीतल पेयजल की व्यवस्था तथा प्रत्येक घाट पर आवश्यक कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नावों एवं मोटरबोट की पर्याप्त व्यवस्था, गोताखोरों की तैनाती तथा घाटों पर बैरिकेडिंग कराने को कहा गया है। नामित मजिस्ट्रेटों को छठ पूजा से पूर्व शासनादेश के अनुरूप घाटों एवं मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुचारु व्यवस्था के लिए सभी आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

17 नवंबर को सहसवान में लगेगा वृहद रोजगार मेला

बदायूँ। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय बदायूँ राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 नवंबर 2026 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे प्रमोद इंटर कॉलेज, सहसवान परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला मजिस्ट्रेट अवनीश राय ने रोजगार को सफलतापूर्वक आयोजित कराने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र की 15 से अधिक कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन किया जाएगा। इसके साथ ही निःशुल्क कौशल उन्नयन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। रोजगार मेले में प्रतिभाग पूर्णतः निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में हाईस्कूल से स्नातकोत्तर, आईटीआई, डिप्लोमा, बीटेक एवं कौशल विकास डिप्लोमा धारक अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी 17 नवंबर 2026 को प्रातः 10:00 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्रों एवं बायोडाटा की छायाप्रति के साथ प्रमोद इंटर कॉलेज परिसर सहसवान में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

मतदाता सूची में दोहरी प्रविष्टियों से बचने के लिए सक्रिय मोबाइल नम्बर दर्ज करें

बदायूँ। विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने हेतु पात्र नागरिकों द्वारा ऑफलाइन के अतिरिक्त ऑनलाइन माध्यमों से भी आवेदन किया जाता है। आवेदकों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से स्वयं अथवा जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से फार्म-6 जमा करने पर मोबाइल नम्बर पर रेफरेन्स नम्बर की सूचना प्राप्त न होने की दशा में एक से अधिक बार आवेदन कर दिया जाता है, जिसके कारण एक से अधिक प्रविष्टियों की समस्या उत्पन्न होती है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त निर्देशों के क्रम में उक्त आशय की जानकारी देते हुए बताया कि पात्र नागरिकों द्वारा स्वयं अथवा जनसुविधा केन्द्रों के माध्यमों से भरे जाने वाले फार्म-06 की एक से अधिक प्रवृष्टियों को रोकने के लिए जनसुविधा केन्द्रों के संचालकों से अपील है कि फार्म 6 भरते समय फार्म पर आवेदक अथवा उसके सम्बंधी का मोबाइल नम्बर अंकित किया जा सकता है, जो मतदाता सूची में पहचान पत्र के साथ लिंक हो जाता है। ई साइन के उपरान्त फार्म-6 फाइनल सबमिट होगा। ई साइन होने के पश्चात ही फार्म का रेफरेंस नम्बर जनरेट होता है। आवेदक द्वारा अपना आधार देने के पश्चात आधार लिंक मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होता है। ओटीपी डालने पर ईसाइन सफलतापूर्व पूर्ण हो जाता है। उसके पश्चात फार्म जमा होने की पुष्टि हेतु मोबाइल पर मैसेज आ आता है। आवेदक द्वारा फार्म 6 में भरा जाने वाला मोबाइल नम्बर तथा आधार लिंक मोबाइल नम्बर अलग-अलग हो सकता है। फार्म-6 सबमिट होने पर रेफरेंस नम्बर उसी मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होता है, जो फार्म-6 में अंकित किया गया है। इसी रेफरेंस नम्बर की सहायता से आवेदन को ट्रैक किया जा सकता है। फार्म-6 जनसुविधा केन्द्र द्वारा भरा जा रहा है तो संचालक द्वारा फार्म भरते हुए सम्बंधित आवेदक का वास्तविक, सक्रिय मोबाइल नम्बर ही फार्म में अंकित किया जाए। डाक विभाग द्वारा मतदाता का फोटो पहचान पत्र स्पीड पोस्ट के माध्यम मतदाताओं को भेजा जाता है। फार्म में निवास का पता अपूर्ण अथवा गलत पिनकोड भरे जाने की स्थिति में डाक विभाग द्वारा इस प्रकार के मतदाता पहचान पत्र को वापस कर दिया जाता है। फार्म 6 भरते समय आवेदक द्वारा निवास का पूरा पता, सही पिनकोड के साथ दिया जाना आवश्यक है, जिससे मतदाता को मतदाता पहचान पत्र सही पते पर प्राप्त हो सके।

30 साल से कच्चा है 200 मीटर का रास्ता, कीचड़ में होकर निकलने को मजबूर ग्रामीण

चन्दौसी। ब्लाक बनियाखेड़ अंतर्गत गांव भगतपुर मिर्जा में पिछले तीस वर्षों से एक रास्ते में सड़क निर्माण नहीं हुआ है जिससे रास्ते के दोनों ओर बने मकानों में रहने वाले लोगों को गंदगी व कीचड़ में होकर निकलना पड़ा है। ग्रामीणों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि रमवीर दिवाकर के मकान से भाय सिंह यादव व सतीश बाल्मीकि के मकान तक लगभग दो सौ मीटर का यह रास्ता पिछले तीस वर्षों से कच्चा है। इस रास्ते में किसी भी ग्राम प्रधान ने सड़क निर्माण नहीं कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते में पैदल निकलना भी दूभर रहता है। ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य गाड़ियां रास्ता खराब होने से घरों से अलग गांव के बाहर खड़ी करनी पड़ती हैं। रास्ता इतना खराब है कि बाइक भी घरों तक नहीं पहुंच पाती है। रास्ता नहीं होने से शादी-विवाह आदि कार्यक्रम अन्य स्थानों पर करने पड़ते हैं। घरों के आगे गंदगी व कीचड़ रहने से बीमारियां फैलने का भय बना रहता है तथा दुर्गंध रहती है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने ग्राम प्रधान से भी सड़क निर्माण के लिए कई बार कहा, परंतु पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो गया, लेकिन सड़क फिर भी नहीं बनी। इस रास्ते पर दिवाकर, यादव, जाटव व बाल्मीकि समाज के घर हैं। ग्रामीणों ने ब्लाक प्रशासन से रास्ते में खड़ंजा निर्माण की मांग की है ताकि रास्ते में निकलने की सहूलियत हो और दल-दल व गंदगी से निजात मिल सके। मांग करने वालों में रमवीर सिंह दिवाकर, नेतराम दिवाकर, संजय दिवाकर, सर्वेश दिवाकर, वीर सिंह जाटव, राजवती बाल्मीकि, शीला बाल्मीकि, राहुल बाल्मीकि, मनीषा बाल्मीकि, रज्जो बाल्मीकि, चंद्रभान बाल्मीकि, भाय सिंह यादव, सतीश बाल्मीकि, रामस्नेह यादव, जयपाल यादव आदि ग्रामीण शामिल हैं। सुनील कुमार (एडीओ पंचायत, ब्लाक बनिया खेड़ा) ने बताया कि सम्बन्धित पंचायत सचिव को भेजकर जांच करायी और प्राथमिकता के आधार पर कार्ययोजना में शामिल करते हुए धनराशि की उपलब्धता के आधार पर रास्ते का कार्य करायी।

सुमित कुमार सिंह बने भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री

चन्दौसी। भाजपा जिला अध्यक्ष चैधरी हरेन्द्र सिंह ने बुधवार शाम किसान मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की सूची जारी की। इसमें छाबड़ा मंडल के मुड़िया खेड़ा गांव निवासी सुमित कुमार सिंह को जिला मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मनोनयन की खबर मिलते ही मुड़िया खेड़ा सहित आसपास के गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। सुमित कुमार सिंह ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। किसानों की समस्याओं को पार्टी और प्रशासन तक पहुंचाना तथा संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

190 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्टेशनरी देकर सम्मानित किया



बिसौली। कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में माह सितंबर 2026 में शत-प्रतिशत उपस्थित रहे 190 छात्र-छात्राओं को सहायक वन संरक्षक बदायूं ज्ञान सिंह द्वारा प्रमाण पत्र व स्टेशनरी देकर सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को सहायक वन संरक्षक ज्ञान सिंह द्वारा हर्रायपुर विद्यालय का भ्रमण किया गया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बात की व उनके प्रस्तुतीकरण को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहां कि मैंने यहां आकर विद्यालय की प्रत्येक गतिविधि में सजीवता का अनुभव किया है। रेंजर मनोज यादव ने विद्यालय को जनपद का आदर्श विद्यालय बताया और विद्यालय को हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक कुंवरसेन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की सहायक अध्यापिका चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता, अंजुम बुशरा आदि के साथ समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

हज़रत हाजी बाबा रहमतुल्लाह अलैह का तीन रोजा सालाना उर्स-ए-पाक पूरे अकीदत व एहतराम के साथ शुरू



बिसौली। हिंदू-मुस्लिम एकता और आपसी भाईचारे के प्रतीक हज़रत हाजी बाबा रहमतुल्लाह अलैह का तीन रोजा सालाना उर्स-ए-पाक शुक्रवार को पूरे अकीदत व एहतराम के साथ शुरू हो गया।

शुक्रवार को हाजी बाबा खानकाह चिश्तिया निज़ामिया आब्दिया में उर्स का आगाज़ सुबह बाद नमाज़-ए-फज्र कुरान ख्वानी के साथ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर मुल्क में अमन-ओ-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। ?उर्स के पहले दिन सुबह से ही दरगाह परिसर में दूर-दराज से जायरीनों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। बाबा के आस्ताने पर सभी धर्मों के लोगों ने पहुंचकर चादरपोशी और गुलपोशी की तथा मन्नतें मांगीं। दरगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि हज़रत हाजी बाबा की दरगाह हमेशा से कौमी एकता की मिसाल रही है, जहाँ हर मजहब के लोग पूरी आस्था के साथ सिर झुकाते हैं। ??खानकाह के प्रबंधक मो. सलीम खां ने बताया कि उर्स को लेकर दरगाह परिसर और आसपास जायरीनों की सुविधा के लिए ठहरने, पेयजल और लंगर के पुख्ता इंतज़ाम किए गए हैं। इस मौके पर अली अहमद, मुजीब सलमानी, जाकिर हुसैन, मो. मुस्तकीम, दिलशेर अंसारी, इम्तियाज अली, साबिर अंसारी, जहांगीर, मो. सलीम, मो. अजीम, अजहर अंसारी, मो. सैयद, रिजवान अली, रईस अहमद, रजी अहमद, वली अहमद, अजमेरी खातून, चंदा बेगम, रिहाना, खुशबू जहां, तमन्ना बीवी, मुन्नी बेगम, शबाना, शहाना बीवी, जरीना, नूरजहां, मो. इबरार अंसारी, जलूसन बेगम आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

थाना उझानी पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया



बदायूँ- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी उझानी के पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना उझानी के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनाँक 13.11.2026 को थाना उझानी पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 03 अभियुक्तगण 1. दिलीप सिंह पुत्र श्रीपाल निवासी वार्ड नं 35 हनुमान पाहडी थाना खैरथल जिला खैरथल राजस्थान 2. गोविन्द कुमार पुत्र श्रीपाल निवासी नूरपुर मौ0 रामनगर थाना नूरपुर बिजनौर हाल पता हनुमान पहाडी बाईपास रोड खैरथल थाना खैरथल जिला खैरथल राजस्थान 3.सन्नी कुमार पुत्र श्रीपाल निवासी मकान नं0 4217 गली नं0 10 अजीत नगर गाँधी नगर थाना गाँधी नगर ईस्ट दिल्ली हाल निवासी वार्ड नं0 35 हनुमान पहाडी खैरथल थाना खैरथल जिला खैरथल राजस्थान को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 02 अदद तमन्चे 315 बोर व 4 कारतूस जिन्दा 315 बोर व एक चाकू व एक गाडी अर्टिगा नं0 क्ब24ब्8173 चार नम्बर प्लेट फर्जी, व चार मोबाईल फोन, एक हथौडा, एक टूटी चैन पीली धातु की, एक सफेद धातु की तागडी बरामद हुई है । थाना उझानी पुलिस द्वारा बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 436/2026 धारा 312/313/338/336(3)/340(2)/317(2) ब्नहस् व 3/25(1-क्ब)(ड्ड),4/25(1-क्ब)(ड्ड)ण्ण्ब्ब पंजीकृत किया गया है, तथा गिरफ्तार शुदा अभि0 गण को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

गिरफ्तार अभियुक्त गण का नाम व पता:- 1. दिलीप सिंह पुत्र श्रीपाल निवासी वार्ड नं 35 हनुमान पाहडी थाना खैरथल जिला खैरथल राजस्थान 2. गोविन्द कुमार पुत्र श्रीपाल निवासी नूरपुर मौ0 रामनगर थाना नूरपुर बिजनौर हाल पता हनुमान पहाडी बाईपास रोड खैरथल थाना खैरथल जिला खैरथल राजस्थान 3.सन्नी कुमार पुत्र श्रीपाल निवासी मकान नं0 4217 गली नं0 10 अजीत नगर गाँधी नगर थाना गाँधी नगर ईस्ट दिल्ली हाल निवासी वार्ड नं0 35 हनुमान पहाडी खैरथल थाना खैरथल जिला खैरथल राजस्थान

बरामद माल का विवरण:- 02 तमन्चे 315 बोर व 4 कारतूस जिन्दा 315 बोर व एक चाकू व एक गाडी अर्टिगा नं0 क्ब24ब्8173 चार नम्बर प्लेट फर्जी, व चार मोबाईल फोन, एक हथौडा, एक टूटी चैन पीली धातु की, एक सफेद धातु की तागडी, बरामद

गिरफ्तारी करने वाली टीम व0उ0नि0 शिवकुमार मलिक थाना उझानी मय पुलिस टीम

छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया



बदायूँ- यातायात माह-2026 के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में आज दिनांक 13.11.2026 को यातायात पुलिस, बदायूँ द्वारा जनपद के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए । कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभारी द्वारा छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के महत्व, सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित आवागमन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पार करते समय सावधानी बरतने के प्रति जागरूक किया गया । इसके अतिरिक्त यातायात पुलिस द्वारा मोटरसाइकिलों में निर्धारित मानकों से अधिक तेज आवाज वाले प्रेशर हॉर्न/मॉडिफाइड हॉर्न के प्रयोग से होने वाले नुकसान एवं ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए ऐसे हॉर्न को हटवाया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया । कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं को स्वयं यातायात नियमों का पालन करने तथा अपने परिवारजनों एवं आसपास के लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया । बदायूँ पुलिस द्वारा यातायात माह-2026 के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों एवं प्रवर्तन कार्यवाही के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाकर सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के निर्देश



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद मुरादाबाद में कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन आधारित रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा कृषि विभाग को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कृषि पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। इसके अंतर्गत किसानों के खेतों, कृषि फार्मों, बागवानी स्थलों, प्राकृतिक खेती के मॉडल, जैविक कृषि, पशुपालन एवं कृषि आधारित प्रसंस्करण इकाइयों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़कर विकसित किया जा सकता है। जनपद में इच्छुक एवं प्रगतिशील कृषकों, कृषि उत्पादक संगठनों तथा कृषि उद्यमियों को चिह्नित कर कृषि पर्यटन की संभावनाओं वाले स्थलों का चयन किया जाए। इसके साथ ही संबंधित विभागों के समन्वय से कार्ययोजना तैयार कर कृषि पर्यटन को प्रोत्साहित किया जाए।

जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में 10 पॉलीहाउस स्थापित कराने की कार्यवाही की जाए। 05 पॉलीहाउस में आधुनिक तकनीक के माध्यम से गुलाब, गेंदा, जरबेरा, कार्नेशन एवं अन्य व्यावसायिक फूलों की खेती को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे किसानों को फूलों की खेती से अधिक आय प्राप्त हो सके। शेष 05 पॉलीहाउस में उच्च मूल्य वाली सब्जियों एवं विशिष्ट फसलों का उत्पादन कराया जाए। इसके अंतर्गत लाल मिर्च, हरी मिर्च, पीली शिमला मिर्च एवं अन्य विदेशी सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जाए।

जनपद में मशरूम उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए बटन मशरूम, ऑयस्टर मशरूम एवं शिटाके मशरूम की उत्पादन इकाइयां स्थापित करने हेतु इच्छुक कृषकों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना को बढ़ावा दिया जाए। इनमें अमरूद से जैम एवं जेली निर्माण, आम से पल्प एवं मैंगो पापड़ निर्माण, सतू निर्माण एवं प्रसंस्करण इकाई, मस्टर्ड सॉस (सरसों की सॉस) निर्माण इकाई, पोहा निर्माण एवं प्रसंस्करण इकाई तथा स्थानीय फल एवं सब्जियों पर आधारित अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां शामिल हैं।

जिलाधिकारी ने मंडी समिति के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में धान की भूसी से तेल निकालने हेतु ऑयल एक्सट्रैक्शन यूनिट की स्थापना की संभावनाओं का परीक्षण कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार की जाए। इसके माध्यम से धान की भूसी का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करते हुए राइस ब्रान ऑयल का उत्पादन एवं विपणन किया जा सकेगा। इससे कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन होगा तथा स्थानीय स्तर पर औद्योगिक गतिविधियों एवं रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में पशुओं की नस्ल सुधार हेतु विशेष अभियान चलाया जाए। इसके अंतर्गत जनपद की 07 गौशालाओं में से प्रत्येक गौशाला से 10-10 अच्छी दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली स्वस्थ एवं उन्नत नस्ल की गायों का चयन किया जाए। चयनित गायों को पौष्टिक एवं संतुलित उन्नत पशु आहार उपलब्ध कराया जाए तथा उनके उचित पोषण, स्वास्थ्य एवं देखभाल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही पशुपालन विभाग द्वारा नस्ल सुधार हेतु निर्धारित मानकों के अनुरूप कृत्रिम गर्भाधान एवं अन्य वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाते हुए प्रभावी एसओपी तैयार की जाए, जिससे गौशालाओं में अच्छी नस्ल के बछड़ों का उत्पादन बढ़ाया जा सके तथा भविष्य में दुग्ध उत्पादन क्षमता में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

जिलाधिकारी ने पराग डेयरी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में दुग्ध उत्पादों के प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने हेतु कलेक्ट्रेट में मिल्क शॉप की एक नई उत्पादन इकाई स्थापित करने की कार्ययोजना तैयार की जाए। साथ ही दुग्ध के मूल्य संवर्धन एवं स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित करने के उद्देश्य से पनीर उत्पादन इकाई स्थापित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, लीड बैंक मैनेजर, मंडी समिति अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव, अन्य विभागों के अधिकारी एवं एफपीओ के प्रबंधक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। जिलाधिकारी श्री अनुनय झा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने योजना की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी बैंकर्स को निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के लिए प्रोत्साहित करना है। इसलिए सभी बैंकर्स योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए डिस्बर्समेंट के सापेक्ष आवेदनों का सैंक्शन भी सुनिश्चित करें, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से मिल सके।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बैंकर्स अपने स्तर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखें। समीक्षा के दौरान विभिन्न बैंकों में बड़ी संख्या में आवेदन लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित बैंक प्रबंधकों को निर्धारित समयावधि में सभी लंबित आवेदनों का निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी बैंक लक्ष्य प्राप्ति के लिए गंभीरता से कार्य करें।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, सेंट्रल बैंक, यूको बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक सहित विभिन्न बैंकों के प्रबंधक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एमआईईटी स्कूल में सीबीएसई की कार्यशाला, एआई और कंप्यूटेशनल थिंकिंग का दिया प्रशिक्षण



मेरठ। जागृति विहार स्थित एमआईईटी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कंप्यूटेशनल थिंकिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें मेरठ के विभिन्न सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा तीन से आठ तक लागू किए जा रहे एआई और कंप्यूटेशनल थिंकिंग के पाठ्यक्रम को लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सिल्की वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल, मैनेजर बरखा अग्रवाल, सीबीएसई नोएडा की सीओई हेड मौशुमी सरकार, सीबीएसई अंडर सेक्रेटरी गुलाब सिंह, सीबीएसई मेरठ के सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर सुधांशु शेखर, डिप्टी सिटी कोऑर्डिनेटर गोपाल दीक्षित, सीबीएसई के एआई प्रशिक्षक विजय कुमार शर्मा मौजूद रहे।

एआई प्रशिक्षक विजय कुमार शर्मा ने शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग, चैटजीपीटी, रोबोटिक्स और कोडिंग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कक्षा शिक्षण में एआई आधारित टूल्स का इस्तेमाल कर पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटेशनल थिंकिंग के जरिये बच्चों में तार्किक क्षमता और समस्या समाधान का कौशल विकसित करने के तरीकों पर भी चर्चा हुई।

कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 के अनुरूप शिक्षण पद्धति अपनाने पर जोर दिया गया। शिक्षकों को बताया गया कि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान और रटने तक सीमित रखने के बजाय उनमें समझ, विश्लेषण और रचनात्मक सोच विकसित करना जरूरी है। इसके लिए गतिविधि आधारित शिक्षण, बिना कंप्यूटर के कंप्यूटेशनल गतिविधियां, विभिन्न विषयों के साथ एआई का समन्वय, शिक्षक हैंडबुक, पाठ्यक्रम मॉड्यूल और सतत मूल्यांकन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रधानाचार्या डॉ. सिल्की वर्मा ने कहा कि एआई और कंप्यूटेशनल थिंकिंग का ज्ञान विद्यार्थियों को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों में तार्किक सोच और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करने के लिए शिक्षकों का प्रशिक्षित होना आवश्यक है। नए पाठ्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रटने की प्रवृत्ति कम कर व्यावहारिक समझ और नवाचार को बढ़ावा देना है।

कार्यशाला का संचालन प्रधानाचार्या डॉ. सिल्की वर्मा के नेतृत्व में कोऑर्डिनेटर बुलबुल चौधरी, शिखा सचदेवा, नेहा तोमर और विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से किया गया।

जमना तालाब नाले पर चल रहे निर्माण कार्य का चेयरमैन ने लिया जायजा

चन्दौसी। नगर पंचायत नरौली में जमना तालाब नाले के किनारे बाउंड्री निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को नगर पंचायत अध्यक्ष बिट्टन मलिक ने एसडीएम, अधिशासी अधिकारी नीरज कुमार द्विवेदी और एई के साथ मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों से कार्य की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही निर्माण में इस्तेमाल हो रही सामग्री और गुणवत्ता के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों ने निर्धारित मानकों के अनुसार निर्माण कार्य कराए जाने को लेकर जायजा लिया।

अंत्येष्टि स्थल से पथरा मोड़ तक बनेगी सड़क

चन्दौसी। सीतारोड पर पथरा मोड़ से श्मसान घाट तक सड़क जर्जर थी। पिछले एक साल अधिक स्थिति खराब थी। रोजाना ई-रिक्शा पलटने की घटनाएं सामने आती थीं। यहां बताते चलें कि रोजाना हजारों की संख्या में वाहन इस सड़क से गुजरते हैं और कई प्रतिष्ठित विद्यालय भी हैं। फिलहाल मीडिया में इस सड़क के बारे में प्रमुखता से प्रकाशित हुआ। अब इस सड़क के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। बता दें कि दीपक स्टील से लेकर पथरा मोड़ तक सड़क बनेगी जिससे लोगों को परेशानी से निजात मिलेगी।

मुरादाबाद में क्लस्टर स्तरीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला एवं बी2बी सम्मेलन का होगा आयोजन



-आज समाचार सेवा-

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के कारीगरों, विनिर्माताओं, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों तथा निर्यातकों को घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के उद्देश्य से उद्योग निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जनपद मुरादाबाद में 25 दिसंबर 2026 तक भव्य क्लस्टर स्तरीय प्रदर्शनी-सह-व्यापार मेला 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

इस सम्मेलन के सफल आयोजन की तैयारियों के संबंध में कार्यालय परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय, मुरादाबाद में श्री योगेश कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों एवं हस्तशिल्प को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना, खरीदारों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना तथा व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही बिजनेस-टू-बिजनेस (B2B) बैठकों के माध्यम से व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा दिया जाएगा।

इस सम्मेलन में प्रमुख एमएसएमई उद्यमियों एवं निर्यातकों के साथ-साथ देश-विदेश की प्रमुख बाइंग एजेंसियों एवं अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिससे जनपद मुरादाबाद के ओडीओपी एवं क्लस्टर उत्पादों को सीधे निर्यात बाजार उपलब्ध हो सके।

इस सम्मेलन का आयोजन दिनांक 15 दिसंबर 2026 से 16 दिसंबर 2026 तक प्रस्तावित है। सम्मेलन के अंतर्गत बी2बी मीटिंग के साथ-साथ निर्यात, वित्तीय सहायता, पैकेजिंग एवं डिजाइनिंग आदि विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त ओडीओपी एवं औद्योगिक संगठनों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

बैठक में श्री दीपेन्द्र कुमार, उपायुक्त उद्योग, मुरादाबाद, श्री विशाल अग्रवाल, नेशनल चेयरमैन, यंग एंटरप्रेन्योर सोसाइटी (यस), मुरादाबाद एवं महासचिव श्वङ्क, श्री उज्ज्वल अग्रवाल, यंग एंटरप्रेन्योर सोसाइटी, मुरादाबाद, श्री कुलदीप सिंह, क्षेत्र विचार विभाग प्रमुख, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, स्वदेशी जागरण मंच, मुरादाबाद सहित अन्य आईआईए एवं औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में सम्मेलन के सफल आयोजन, अधिक से अधिक उद्यमियों एवं निर्यातकों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



मुरादाबाद जिला चिकित्सालय परिसर में तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा तम्बाकू का सेवन करने वाले 15 लोगों पर जुर्माना लगाया गया।

महिला की गोली मारकर हत्या, सड़क किनारे फेंका शव

ततारपुर संदल गांव के बाहर मिला शव, नहीं हो सकी शिनाख्त

चन्दौसी। संभल के गांव ततारपुर संदल के बाहर चंदनकोटा रोड पर शुक्रवार सुबह करीब 55 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। महिला के सिर पर चोट के निशान थे और घटनास्थल पर सड़क पर खून फैला हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि महिला की हत्या कर शव सड़क किनारे फेंका गया है।

शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे खेतों की ओर जा रहे किसानों ने सड़क किनारे महिला का शव पड़ा देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान प्रशासक टिंकू सागर को भी घटना से अवगत कराया। सूचना मिलने पर हिसामपुर चैकी प्रभारी अरुण चैधरी और नखासा थाना प्रभारी संजय शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। करीब एक घंटे बाद असमोली सीओ अमन सिंह ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की, जबकि फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। घटना के करीब पांच घंटे बाद भी महिला की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर महिला की शिनाख्त कराने और घटना की जांच में जुटी है।

अजय साहनी बने मुरादाबाद के डीआईजी

मुरादाबाद। यूपी योगी सरकार ने गुरुवार की देर रात दो वरिष्ठ आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। प्रदेश के चर्चित और तेज तर्रार अधिकारी अजय कुमार साहनी का बरेली से तबादला कर दिया गया है। बरेली में डीआईजी पद पर रहे अजय साहनी अब इसी पद पर मुरादाबाद भेजे गए हैं। मुरादाबाद में डीआईजी मुनिराज जी को अजय साहनी की जगह बरेली भेजा गया है। यानी एक ही जोन में दोनों अधिकारियों की अदला बदली कर दी गई है। इस तबादले के पीछे चुनाव आयोग के निर्देश को कारण माना जा रहा है। आयोग ने एक ही जिले में तीन साल से तैनात अधिकारियों का तबादला करने का आदेश जारी किया था।

वहीं, शासन ने आगरा परिक्षेत्र के उपमहानिरीक्षक कारागार पीएन पांडेय को आगरा परिक्षेत्र के अलावा कानपुर परिक्षेत्र का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वह आगरा परिक्षेत्र के उपमहानिरीक्षक कारागार एक जुलाई 2024 से हैं। बंदियों के कल्याण एवं कारागार सुधार संबंधी विषयों पर भी डीआईजी पीएन पांडेय का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मवाना (मेरठ)

पत्रांक- 1540/न0पा0परि0मवाना / मेरठ / ई-निविदा/2026-27 दिनांक-13/11/26

ई-टैण्डर निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद् मवाना जिला मेरठ समस्त ठेकेदारों से स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 योजना/राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्न निर्माण कार्य हेतु ई-निविदाए दिनांक 04-12-2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि कॉलम नम्बर-4 में अंकित विवरणानुसार की FDR/NSC/RTGS अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मवाना के पदनाम बन्धक कर व निविदा मूल्य (निविदा मूल्य+18% GST) कॉलम नम्बर-7 में अंकित विवरणानुसार ऑनलाईन RTGS/NEFT के माध्यम से पालिका के खाता संख्या-0317000109094318 IFSC Code: PUNB0031700 में जमा कर, दोनो की स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करनी अनिवार्य होगी। सशर्त निविदा मान्य नही होगी। इसके अतिरिक्त निविदा बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। ई-निविदा का विवरण एवं प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रिक्योरमेंट की वेबसाईट https://www.etender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते है। अन्य सम्बधित जानकारी किसी भी कार्य दिवस व समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद मवाना के स्टोर विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

कार्य की निविदा, धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र स्कैन करने की अन्तिम तिथि	04-12-2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक।
कार्य की निविदा अपलोड करने की तिथि	17-11-2026 से 04-12-2026 तक दोपहर 2:00 बजे तक।
कार्य की निविदा खोलने की तिथि	04-12-2026 को अपरान्ह 02:00 बजे के बाद
धरोहर राशि, निविदा शुल्क जमा की रशीद मूल रूप में जमा करने की तिथि	तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त।

(कृष्ण कान्त मिश्रा)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, मवाना

(अखिल कुमार कौशिक)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, मवाना

कार्यालय नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़)

पत्र संख्या-2974/न0पा0परि0 गढ़-नि0सू0च0/निर्माण/2026-27 दिनांक-13-11-2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर (हापुड़) द्वारा निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन नगर पालिका परिषद गढ़मुक्तेश्वर एवं अन्य शासकीय / अर्द्धशासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से पालिका निधि/रा0वि0आ0 के अन्तर्गत निकाय को अवमुक्त / प्राप्त धनराशि से नगरपालिका परिषद, गढ़मुक्तेश्वर के विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्यों हेतु डबल बिड पद्धति से ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो विभागीय वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 19-11-2026 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 10-12-2026 की दोपहर 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है जिसकी तकनीकी बिड दिनांक-10-12-2026 को दोपहर 04.00 बजे से पालिका कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेगी। विस्तृत निविदा सूचना https://etender.up.nic.in एवं पालिका वेबसाइट http://nppgarhmukteshwar.nppnp.com पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार की भूलवश टंकणीय/लिपिकीय त्रुटि के संशोधन के लिये उपरोक्त वेबसाइट को निरन्तर देखते रहे।

(पवित्रा त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
गढ़मुक्तेश्वर, (हापुड़)

(एडवोकेट राकेश बजरंगी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
गढ़मुक्तेश्वर, (हापुड़)

जनगणना 2027 के संबंध में पत्रकारों एवं अधिवक्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

16 से 30 नवंबर तक होगा स्व-जनगणना का कार्य, 1 दिसंबर से 4 जनवरी तक घर-घर जाकर जनगणना करेंगे प्रगणक

जनगणना में दी जाने वाली सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रहेंगी, प्रत्येक व्यक्ति सही जानकारी देकर करें सहयोग

आज समाचार सेवा

बिजनौर। जनगणना 2027 के सफल एवं सुचारु संचालन के लिए शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मीडिया प्रतिनिधियों एवं अधिवक्ताओं का संवेदीकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनरों द्वारा जनगणना के विभिन्न चरणों, स्व-जनगणना की प्रक्रिया तथा संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन जानकारी दर्ज करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान बताया गया कि जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

मास्टर ट्रेनर विवेक बंसल ने बताया कि जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-जनगणना का कार्य 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके पश्चात 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनगणना का कार्य किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को निर्धारित 40 प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। इसके लिए संबंधित पोर्टल पर परिवार एवं मकान से संबंधित विवरण ऑनलाइन दर्ज करना होगा।

सभी जानकारियां भरने के बाद एक स्व-जनगणना आईडी (एसई आईडी) जनरेट होगी, जिसे सुरक्षित रखकर घर-घर गणना के दौरान अपने क्षेत्र में आने वाले प्रगणक को उपलब्ध कराना होगा, ताकि वह आईडी के माध्यम से दर्ज विवरण का सत्यापन कर प्रक्रिया पूर्ण कर सके।



उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना पोर्टल पर हिंदी, अंग्रेजी सहित 14 अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी जानकारी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पोर्टल पर प्रतिदिन रात्रि 12 बजे से अगले दिन सुबह 6 बजे तक डाटा सबमिट एवं अपलोड करने की प्रक्रिया के कारण पोर्टल उपलब्ध नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना के लिए हेल्पलाइन नंबर 1855 भी संचालित रहेगा।

उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि स्व-जनगणना अथवा घर-घर गणना के दौरान प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं और जनगणना के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि जनगणना के दौरान नाम, पिता एवं माता का नाम, लिंग, वैवाहिक स्थिति सहित निर्धारित विभिन्न जानकारियां प्राप्त की जाएंगी। इसके अतिरिक्त कोविड-19 महामारी के दौरान कोविड का टीका लगवाया था अथवा नहीं, इसकी जानकारी भी निर्धारित प्रश्नों के अंतर्गत देनी होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनगणना में प्राप्त आंकड़ों की गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

उन्होंने जानकारी दी कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) का कार्य कराया जा चुका है। अब द्वितीय चरण में पहले स्व-जनगणना तथा इसके बाद प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य संपन्न कराया जाएगा। मास्टर ट्रेनर अमित कुमार चैहान ने बताया कि जनगणना के अंतर्गत पूछे जाने वाले 40 प्रश्नों को आठ भागों में विभाजित किया गया है। इनमें विभिन्न व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विवरणों से संबंधित जानकारियां शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में लागू व्यवस्था के अनुसार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से संबंधित विवरण भी मांगा जाएगा, हालांकि यह वैकल्पिक होगा।

उन्होंने बताया कि आयु संबंधी जानकारी भरते समय जन्म वर्ष दर्ज करने पर आयु की गणना स्वतः प्रदर्शित हो जाएगी। घर-घर जनगणना के दौरान नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी को प्रगणक निर्धारित प्रारूप में दर्ज करेंगे। उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना की प्रक्रिया से परिचित होने तथा इसका अभ्यास करने के लिए विभाग द्वारा एक ट्रायल वेबसाइट मजमेज.बमदेने.हवअ.पद भी उपलब्ध कराई गई है, जो 15 नवंबर तक संचालित रहेगी। वास्तविक स्व-जनगणना के लिए `म.बमदेने.हवअ.पद पोर्टल निर्धारित किया गया है, जिस पर 16 नवंबर से 30 नवंबर तक ऑनलाइन विवरण दर्ज किया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि पोर्टल पर सभी जानकारियां भरने के बाद नागरिक अपने द्वारा दर्ज विवरण को देख एवं जांच सकते हैं। पूर्ण संतुष्टि के बाद ही सबमिट बटन दबाकर प्रक्रिया पूरी करें, क्योंकि एक बार विवरण सबमिट हो जाने के बाद उसमें संशोधन का अवसर उपलब्ध नहीं होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला शासकीय अधिवक्ता सहित मीडिया प्रतिनिधि एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

विधानसभा चुनाव के दृष्टिगत सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



आज समाचार सेवा

बिजनौर। आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को विवेक विश्वविद्यालय में सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों का वल्नरेबल एवं क्रिटिकल मैपिंग के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों तथा क्रिटिकल मतदान केंद्रों की पहचान और उनकी मैपिंग से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की मंशा से अवगत करते हुए निर्देशित किया गया कि वह अपने-अपने निर्धारित क्षेत्र का भ्रमण करें।

अधिकारियों को निर्वाचन की तैयारियों के दृष्टिगत अपने-अपने क्षेत्रों में निर्धारित दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित संबंधित अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

हजरत बाबा बिलाल शाह की दरगाह पर अकीदतमंदों का उमड़ा हुजूम



आज समाचार सेवा

अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने की शिरकत

नजीबाबाद। कोटद्वार रोड, जाफराबाद स्थित प्रसिद्ध दरगाह हजरत बाबा बिलाल शाह रहमतुल्ला अलैहि (उर्फ लाल शाह बाबा) के परिसर में पूर्व गद्दीनशीन अनवरी बेगम की बरसी का आयोजन बड़ी ही अकीदत और एहतराम के साथ किया गया। इस मौके पर दरगाह परिसर में अकीदतमंदों और स्थानीय लोगों का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान सभी ने मुल्क में अमन-चैन और खुशहाली की दुआ मांगी।

कार्यक्रम के दौरान अपना दल (एस) के बिजनौर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी भी दरगाह परिसर में पहुंचे। वहां मौजूद कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी ने दरगाह पर चादरपोशी कर दुआ मांगी। इसके पश्चात उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपना दल (एस) की जनकल्याणकारी नीतियों और विचारधारा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए पार्टी की नीतियों से जुड़ें और संगठन को मजबूत बनाएं। बरसी के इस आयोजन को सफल बनाने में वर्तमान गद्दीनशीन शकील अहमद.कबीर अहमद, नफीस अहमद, शहजाद अहमद और शफीक अहमद की मुख्य भूमिका रही।



आजाद समाज पार्टी के कैंप कार्यालय पर बांटी गई मिठाई

आज समाचार सेवा

किरतपुर। किरतपुर स्थित आजाद समाज पार्टी के कैंप कार्यालय पर आजाद समाज पार्टी और मजलिस के गठबंधन होने के अवसर पर दोनों पार्टी के नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए और दोनों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर व गले लगाकर खुशी का इजहार किया.. दोनों पार्टी के नेताओं का कहना था कि यह गठबंधन आने वाले समय में उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव लेकर आएगा.. आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव साहिल मेहरा ने कहा उत्तर प्रदेश बदलाव की ओर बढ़ रहा है और दलित मुस्लिम एक साथ चलकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव लाएंगे व सत्ता को हासिल करेंगे..वहीं मजलिस के प्रदेश सचिव अब्दुल सलाम ने कहा मजलिस व आजाद समाज पार्टी दबे कुचले लोगो की आवाज बनकर लगातार उत्तर प्रदेश में काम कर रही थी और भविष्य में दोनों पार्टी साथ चलकर लोगों के दुख सुख में साथ रहने का काम करेगी.. वह उत्तर प्रदेश के प्रत्येक सीट पर अपना विधायक जीत कर सदन में भेजने का काम करेंगे इस अवसर पर प्रदेश सचिव साहिल मेहरा,मजलिस प्रदेश सचिव अब्दुल सलाम सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर,बाबू जगराम जी,दीपक कुमार,विधानसभा अध्यक्ष सरफराज मलिक,अशरफ जमील, फहद खान, राजन वाल्मीकि,नवीन भारती,नगर अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी किरतपुर सलीम राशिद,फैजान राईन, दानिश राईन मजलिस नगर अध्यक्ष मौलाना हबीबुर रहमान रशीदी, मनीष कुमार, जावेद, गुलशान व अन्य लोग उपस्थित रहे।



पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की

आज समाचार सेवा

नहटौर। अपराधियों और अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार को पुलिस टीम गंगन नदी के पुल से नगीना जाने वाले रास्ते पर सघन वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना और संदेह के आधार पर दो लोगों को रोककर उनकी तलाशी ली गई। पुलिस ने पूछताछ और तलाशी के दौरान रोहित पुत्र राकेश सिंह (करीब 21 वर्ष), निवासी ग्राम मुसेपुर, थाना नहटौर के पास से 315 बोर का एक तमंचा और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए। वहीं, दूसरे आरोपी शिवम कुमार पुत्र बबलू सिंह (करीब 22 वर्ष), निवासी ग्राम मुसेपुर के कब्जे से 32 बोर की एक अवैध पिस्तौल मिली। पुलिस ने आरोपियों के पास से वारदात में प्रयुक्त एक स्पलेंडर मोटरसाइकिल भी अपने कब्जे में ले ली है। थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाने में मुकदमा नंबर 342/2026 दर्ज किया गया है। उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम की धारा 3/25 के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों का चालान कर दिया गया है और पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

मधुमेह और उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशाल जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा

आज समाचार सेवा



नहटौर। विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर 14 नवंबर 2026 को लगातार चौथे वर्ष स्वस्थ नहटौर मिशन के तहत हेल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हैप्ट) की ओर से मधुमेह और उच्च रक्तचाप के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एक विशाल जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा।

इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य आम जनता को इन गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति सचेत करना और समय रहते बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करना है। रैली का शुभारंभ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से किया जाएगा, जहां मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह जागरूकता रैली राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से शुरू होकर मुख्य बाजार, महकमा और अब्दुल्ला चेक जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए महदी विला स्थित निःशुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच केंद्र पर पहुंचकर समाप्त होगी। हैप्ट के सचिव गिदाल महदी ने जानकारी दी है कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को मधुमेह और उच्च रक्तचाप के खतरों से अवगत कराना है। इसके माध्यम से नागरिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, खानपान की आदतों में सुधार लाने तथा एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। समय पर जांच और चिकित्सीय परामर्श से इन बीमारियों के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके अलावा, यह आयोजन राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को सामुदायिक स्तर पर मजबूत करने में भी मदद करेगा। ध्स संस्थानों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, हैप्ट के स्वयंसेवक और भारी संख्या में स्थानीय नागरिक अपनी सहभागिता निभाएंगे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नहटौर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और इसे सफल बनाएं।

नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ

एसडीएम ने विद्यार्थियों को मतदान के महत्व से कराया अवगत



आज समाचार सेवा

नजीबाबाद। नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज नजीबाबाद में इलेक्ट्रॉनिक लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन इलेक्ट्रॉनिक लिटरेसी क्लब के कोऑर्डिनेटर पिंकुर चैधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने तथा वोटर आईडी कार्ड बनवाने की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए मतदाता पंजीकरण से संबंधित उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। उन्होने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार एवं जिम्मेदारी है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक बनने तथा अपने परिवार और समाज के अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शिवानी चैहान, डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल, डिग्री कॉलेज की प्राचार्या डॉ. नीलावती, डॉ. नवनीत सहित संस्थान के समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे।

नगीना सांसद चंद्रशेखर व ओवैसी का गठबंधन यूपी की सभी 403 विधानसभा सीटों पर लड़ेगा चुनाव

सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के रूप में मिलकर चुनाव लड़ेंगे चंद्रशेखर व ओवैसी, चंद्रशेखर व ओवैसी का गठबंधन सपा को पहुंचा सकता नुकसान!

आज समाचार सेवा

बिजनौर। उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में चंद्रशेखर व असुदुद्दीन ओवैसी का गठबंधन यूपी की सभी 403 सीटों पर सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के रूप में चुनाव लड़ेगा इस नए बने गठबंधन को भाजपानीत एनडीए व अखिलेश यादव के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन के साथ तीसरे मोर्चे के रूप में देखा जा रहा है। नगीना सांसद चंद्रशेखर व असुदुद्दीन ओवैसी का यह गठबंधन जनपद बिजनौर की आठ विधानसभा सीटों में से कितनी सीटों पर अखिलेश यादव व राहुल गांधी के नेतृत्व वाले विपक्षी इंडिया गठबंधन को कितना नुकसान पहुंचा सकता है ?क्या यह गठबंधन भाजपानीत एनडीए एलायंस को फायदा पहुंचाएगा या नुकसान और क्या यह गठबंधन बसपा के कोर वोट बैंक माना जाने वाले दलित व मुस्लिम वोटों पर कब्जा कर बसपा को जमींदोज कर पाएगा ?इन प्रश्नों के उत्तर तलाशने के लिए राजनीति के जानकार लोगों ने चुनावी समीकरणों पर विचार विमर्श करना शुरू कर दिया है।आजाद समाज पार्टी(कांशीराम)के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद एड व एआईएमआईएम के असुदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को लखनऊ में गठबंधन की घोषणा करते हुए सामाजिक परिवर्तन मोर्चा के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में जिले की आठ सीटों में से चार पर समाजवादी पार्टी और चार सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने कब्जा किया था।असुदुद्दीनओवैसी की एआईएमआईएम पार्टी व चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)जिले की मात्र एक एक सीट पर ही चुनाव लड़ी थी। 2025 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जिन चार सीटों पर जीत दर्ज की थी,उनमें बिजनौर सदर विधानसभा सीट पर भाजपा की सूचि मौसम चौधरी ने राष्ट्रीय लोकदल के डॉ नीरज चौधरी को मात्र 1445 वोटों से हराया था। जबकि बसपा की रुचि वीरा 52035 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही थी।बढ़ापुर विधानसभा सीट पर कुंवर सुशांत सिंह ने सपा के कपिल कुमार को 14345 वोटों से हराया था।बसपा के मोहम्मद गाजी 46638 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे थे।धामपुर विधानसभा सीट पर अशोक राणा ने सपा के नईमुल हसन को मात्र 203 वोटों से हराया था।।बसपा के ठाकुर मूलचंद चौहान 38993 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे थे। नहटौर(सुरक्षित)विधानसभा सीट पर ओमकुमार ने रालोद के मुंशीराम पाल को मात्र 258 वोटों से हराया था। बसपा की प्रिया सिंह 38020 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही थी। सपा ने जिन चार सीटों पर कब्जा किया था,उनमें नजीबाबाद सीट पर सपा के तसलीम अहमद ने भाजपा के राजा भारतेंद्र सिंह को 23770 वोटों से हराया था।तसलीम अहमद को 102675 वोट व शाहनवाज आलम 44727 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे थे।शाहनवाज नगीना नगर पालिका परिषद की चेयरपर्सन ताहिरा बेगम के पुत्र हैं।नगीना(सुरक्षित)सीट पर सपा के मनोज पारस ने भाजपा के डॉ यशवंत सिंह को 26451 वोटों से हराय के ब्रजपाल सिंह 40164 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे थे।नूरपुर सीट पर सपा के राम अवतार सैनी ने भाजपा के सीपी सिंह(चंद्र प्रकाश सिंह) 6065 वोटों से हराया था। राम अवतार सैनी को 92574 व भाजपा के सीपी सिंह को 86509 वोट मिले थे।बसपा के हाजी जियाउद्दीन 31300 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे थे। चांदपुर सीट पर सपा के स्वामी ओमवेश ने भाजपा की कमलेश सैनी को मात्र 234 वोटों से हराया था। बसपा के शकील अहमद 37259 वोट प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहे थे। ज्ञातव्य है कि 2022 का विधानसभा चुनाव सपा राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन ने लड़ा था और कांग्रेस अकेले लड़ी थी।आठों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई थी।अब राष्ट्रीय लोकदल भाजपानीत एनडीए एलायंस में है और कांग्रेस अखिलेश यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन में है। 2022 के विधानसभा चुनाव में असुदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम के प्रत्याशी के रूप में बिजनौर सदर विधानसभा सीट से एडवोकेट मुनीर अहमद चुनाव लड़े थे और उन्हें 2290 वोट मिले थे।जिले में चुनाव लड़ने का आजाद समाज पार्टी (कांशीराम)का कोई आधिकारिक आंकड़ा तो उपलब्ध नहीं है लेकिन बिजनौर सदर विधानसभा सीट से ममून उल हक उर्फ आदिल नईम चुनाव लड़े थे और उन्हें मात्र 500 वोट मिले थे।





महिला एवं पुरुष बास्केटबॉल प्रतियोगिता आज से

आज समाचार सेवा

बिजनौर। जिला बास्केटबॉल संघ बिजनौर के तत्वाधान में जिला स्तरीय सीनियर बालक बालिका की प्रतियोगिता 14 एवं 15 नवंबर 2026 को नजीबाबाद में स्टब ग्राउंड निकट रोडवेज बस स्टैंड में की जानी है। इस प्रतियोगिता में कोई भी बालक एवं बालिका, पुरुष्महिला किसी भी आयु वर्ग का प्रतिभा कर सकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नजीबाबाद नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम होंगे। यह प्रतियोगिता जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष संदीप शर्मा, सचिव योगेश्वर त्यागी, चैपियनशिप सचिव गोपाल त्यागी, चैपियनशिप कोऑर्डिनेटर मोहम्मद दानिश द्वारा मुख्य रूप से आयोजित की जा रही है। गोपाल त्यागी ने बताया कि इच्छुक प्रतिभागी 14 नवंबर को सुबह 9.30 बजे प्रतियोगिता में प्रतिभा करने के लिए नजीबाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम में अपना पंजीकरण करवाएं।

17 नवंबर को जारी होगी ड्राफ्ट मतदाता सूची

बीएलओ के तीसरी गलती के बाद होगी कार्रवाई



आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। गौतमबुद्धनगर में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर निर्वाचन विभाग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण अभियान में तेजी ला दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने अधिकारियों और बूथ लेवल अधिकारियों (BLO) को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मतदाताओं से समय पर संपर्क किया जाए और मतदाता सूची से जुड़े सभी कार्यों में लापरवाही न बरती जाए। जिले में 17 नवंबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी की जाएगी।

निर्वाचन विभाग ने BLO की जिम्मेदारी तय करते हुए गलतियों पर कार्रवाई का प्रावधान किया है। पहली बार गलती होने पर मौखिक चेतावनी और दूसरी बार लिखित चेतावनी दी जाएगी। इसके बावजूद तीसरी बार गलती दोहराने पर संबंधित ब्लॉक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा 'बुक ए कॉल विद ब्लॉक' के तहत आने वाले अनुरोधों पर निर्धारित समय में कॉल बैक करना अनिवार्य होगा। बिना मतदाता से संपर्क किए उसे अनुपलब्ध दिखाने की अनुमति नहीं होगी। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद लोग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपना नाम जांच सकेंगे। जिन लोगों का नाम सूची में शामिल नहीं है, वे फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जुड़वा सकते हैं। वहीं, मतदाता सूची में दर्ज जानकारी में संशोधन के लिए फॉर्म-8 जमा किया जा सकता है। यह प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल, ईसीआईनेट ऐप या ब्लॉक के माध्यम से पूरी की जा सकती है। किसी भी तरह की जानकारी या शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 भी उपलब्ध है। जिले में अनुमानित 28.34 लाख की आबादी के बीच कुल 15,27,428 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 8,34,652 पुरुष, 6,92,729 महिलाएं और 47 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्रवार आंकड़ों के अनुसार दादरी में 6,17,352, नोएडा में 5,93,236 और जेवर में 3,16,840 मतदाता दर्ज हैं। जिले में मतदान के लिए 766 मतदान केंद्र और 1,926 मतदेय स्थल बनाए गए हैं, जिनकी निगरानी के लिए 194 सुपरवाइजर तैनात हैं।निर्वाचन प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए 16 से 19 नवंबर तक गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में प्रशिक्षण और बैठकें आयोजित की जाएंगी। इनमें चुनाव अधिकारियों, पुलिसकर्मियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और आरडब्ल्यूए व एओए पदाधिकारियों को शामिल किया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने लोगों से अपील की है कि ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद अपना नाम और विवरण जरूर जांच लें, ताकि चुनाव के दौरान मतदान करने में किसी तरह की परेशानी न हो।

बढ़ते प्रदूषण के बीच ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण के बीच ग्रैप-3 के प्रतिबंध लागू होने के बाद गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने नियमों का पालन कराने के लिए सख्ती बढ़ा दी है। जिलाधिकारी मेधा रूपम ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रैप-3 के तहत प्रतिबंधित निर्माण और तोड़फोड़ के काम किसी भी स्थिति में नहीं होने चाहिए। यदि किसी स्थान पर रोक के बावजूद काम चलता मिलता है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण सहित प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े विभागों के अधिकारी शामिल हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण रोकने के लिए केवल निर्देश जारी करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि जमीनी स्तर पर उनकी निगरानी भी जरूरी है। सभी विभाग अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण करें और प्रतिबंधों का उल्लंघन मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों से आपसी तालमेल बनाकर काम करने को कहा, ताकि जिले में प्रदूषण नियंत्रण के लिए लागू नियमों का प्रभावी पालन कराया जा सके। प्रशासन ने साफ किया है कि ग्रैप-3 के प्रावधानों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



जिलाधिकारी मेधा रूपम ने समीक्षा बैठक के दौरान निर्माण और तोड़फोड़ से जुड़ी गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन कार्यों पर ग्रैप-3 के तहत रोक लगाई गई है, उन्हें किसी भी हालत में संचालित नहीं होने दिया जाए। नोएडा और ग्रेटर नोएडा सहित जिले के सभी संबंधित क्षेत्रों में नियमित जांच की जाए। यदि निरीक्षण के दौरान किसी स्थान पर प्रतिबंधित गतिविधि चलती मिलती है, तो नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निगरानी व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए भी कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी विभाग अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्थानों पर नजर रखें। ग्रैप-3 के तहत अनुमत और प्रतिबंधित गतिविधियों के संबंध में लागू नियमों का पालन कराना संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी।बैठक में जिलाधिकारी ने प्रदूषण नियंत्रण के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से लागू ग्रैप-3 के सभी प्रावधानों का प्रभावी पालन कराया जाए। इसके लिए संबंधित विभागों को नियमित निगरानी के साथ एक-दूसरे के संपर्क में रहकर काम करना होगा। नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमों के पालन की जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को भी निगरानी व्यवस्था में सक्रिय रहने के लिए कहा गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन सामने आने पर संबंधित विभाग समय रहते आवश्यक कार्रवाई करे।

ग्रैप-3 के प्रतिबंधों की समीक्षा के लिए आयोजित ऑनलाइन बैठक में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों के साथ नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रतिनिधि शामिल हुए। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर के सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी और सदर, दादरी तथा जेवर के उप जिलाधिकारियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अजीत कुमार सिंह, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को अपने विभाग से जुड़ी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में प्रदूषण नियंत्रण के लिए लागू प्रतिबंधों की नियमित समीक्षा और निगरानी की जाएदिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता खराब होने के बाद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की ओर से ग्रैप-3 के प्रतिबंध लागू किए गए हैं। इसके तहत धूल और प्रदूषण बढ़ाने वाली कई गतिविधियों पर पाबंदियां लगाई जाती हैं। हालांकि, निर्माण और तोड़फोड़ से संबंधित कुछ आवश्यक कार्य निर्धारित शर्तों के साथ छूट की श्रेणी में भी आ सकते हैं। ऐसे में जिला प्रशासन ने अधिकारियों को लागू प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाएं और प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रशासन का उद्देश्य जिले में प्रदूषण बढ़ाने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण रखना और ग्रैप-3 के नियमों का प्रभावी पालन कराना है।

एक नज़र

छठ महापर्व को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले में छठ महापर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। जिले में बनाए गए कुल 146 छठ घाटों और पूजा स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। पर्व के दौरान करीब 2500 सिविल पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। इसके अलावा पीएसी की दो कंपनियों को भी लगाया गया है। सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित करने के लिए पूरे जिले को 10 जोन और 26 सेक्टरों में बांटा गया है। जिन घाटों पर श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ पहुंचने की संभावना है, वहां विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस प्रशासन ने घाटों पर पर्याप्त रोशनी, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और अन्य जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया है। पर्व के दौरान सभी वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहकर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे। पुलिस प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालु बिना किसी परेशानी के पूजा कर सकें और सभी आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हों।
नोएडा और गौतमबुद्ध नगर जिले में छठ महापर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिले में कुल 146 छठ घाट और पूजा स्थल बनाए गए हैं। इन सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की व्यवस्था की गई है। जिन घाटों पर अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, वहां विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने सभी प्रमुख घाटों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न होने दी जाए।

स्पोर्ट्स सिटी के संशोधित ले-आउट प्लान पर रोक लगाने की मांग, सौहरखा के किसानों ने एसीईओ से की मुलाकात

आज समाचार सेवा

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के नोएडा सेक्टर-78 और 79 में प्रस्तावित स्पोर्ट्स सिटी योजना के संशोधित ले-आउट प्लान को लेकर किसानों का विरोध सामने आया है। ग्राम सौहरखा के प्रभावित किसानों और मूल काश्तकारों ने नोएडा प्राधिकरण से मांग की है कि उनकी आपत्तियों का लिखित निस्तारण होने तक बिल्डर के संशोधित ले-आउट प्लान पर तत्काल रोक लगाई जाए। इसी मुद्दे को लेकर शुक्रवार, 13 नवंबर 2026 को किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें सामूहिक स्मरण पत्र सौंपकर अपनी आपत्तियों और मांगों से अवगत कराया। किसानों का कहना है कि उन्होंने पहले ही प्राधिकरण के सामने जमीन से जुड़े कानूनी और अन्य मुद्दे उठाए थे, लेकिन मौखिक सुनवाई होने के करीब एक महीने बाद भी कोई लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है। उनका आरोप है कि जिन जमीनों को लेकर अदालत में विवाद चल रहा है, उन्हें भी संशोधित ले-आउट प्लान में शामिल किया जा रहा है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनके अधिकारों की अनदेखी की गई तो वे धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे। वहीं, एसीईओ ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि किसानों की आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया अभी चल रही है।प्रतिनिधिमंडल ने एसीईओ वंदना त्रिपाठी को बताया कि स्पोर्ट्स सिटी योजना के संशोधित ले-आउट प्लान को लेकर किसानों ने 10 अक्टूबर 2026 तक अपनी आपत्तियां प्राधिकरण में प्रस्तुत की थीं। इन आपत्तियों पर मौखिक सुनवाई भी हो चुकी है, लेकिन किसानों के अनुसार अब तक उनके निस्तारण का कोई लिखित आदेश नहीं मिला है। किसानों का कहना है कि जब तक प्रत्येक आपत्ति की जांच कर गुण-दोष के आधार पर विधिवत निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक संशोधित ले-आउट प्लान को आगे बढ़ाना उचित नहीं ठहरा। उन्होंने मांग की कि प्राधिकरण पहले सभी आपत्तियों का लिखित निस्तारण करे और संबंधित किसानों को निर्णय की जानकारी उपलब्ध कराए। इसके बाद ही बिल्डर की ओर से प्रस्तुत संशोधित योजना पर कोई अगला कदम उठाया जाए। सौहरखा के किसानों ने संशोधित ले-आउट प्लान में कुछ जमीनों को शामिल किए जाने पर कानूनी आपत्ति भी जताई है। उनका दावा है कि योजना में ऐसी काबिज भूमियां भी शामिल की जा रही हैं, जिनसे जुड़े मामले सिविल न्यायालय में विचाराधीन हैं। कुछ जमीनों के संबंध में उच्च न्यायालय का स्थगनादेश होने की बात भी किसानों ने कही है। प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि इन जमीनों को बिना उचित कानूनी आधार के ले-आउट प्लान में शामिल करना न्यायिक आदेशों की अवहेलना होगी। किसानों ने प्राधिकरण से मांग की कि संबंधित भूमि के दस्तावेजों और न्यायालय के आदेशों का परीक्षण किया जाए। साथ ही किसी भी निर्णय से पहले मूल काश्तकारों के कानूनी अधिकारों का ध्यान रखा जाए। हालांकि, किसानों के इन दावों पर कोई अंतिम न्यायिक निष्कर्ष उपलब्ध नहीं कराया गया है। किसानों की बात सुनने के बाद नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी आपत्तियों के निस्तारण की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि संबंधित मामलों पर कार्रवाई की जा रही है। किसानों ने इस दौरान अपनी प्रमुख मांग दोहराई कि लिखित निर्णय आने तक संशोधित ले-आउट प्लान पर रोक लगाई जाए। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि बिना आपत्तियों का समाधान किए योजना को आगे बढ़ाने से प्रभावित किसानों के हितों पर असर पड़ सकता है। हालांकि, मुलाकात के दौरान प्राधिकरण की ओर से ले-आउट प्लान पर तत्काल रोक लगाने का कोई स्पष्ट आदेश जारी होने की जानकारी नहीं दी गई। ऐसे में किसानों को अब अपनी आपत्तियों पर लिखित निर्णय का इंतजार है।इस मामले में किसान रवि यादव ने बताया कि बिल्डर की ओर से स्पोर्ट्स सिटी के संशोधित ले-आउट प्लान के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय में विशेष अनुमति याचिकाएं दाखिल की गई हैं। उनके अनुसार, किसानों के अधिवक्ता इन याचिकाओं और उनसे जुड़े दस्तावेजों का गहन अध्ययन कर रहे हैं। सभी कानूनी पहलुओं को समझने के बाद ही प्रभावित किसान अपनी अगली रणनीति तय करेंगे। रवि यादव ने कहा कि किसानों की पैतृक जमीन और कानूनी अधिकारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। यदि बिल्डरों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए किसानों के हितों की उपेक्षा की गई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। किसानों ने स्पष्ट किया कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी प्रक्रिया के साथ जरूरत पड़ने पर धरना-प्रदर्शन भी करेंगे। नोएडा प्राधिकरण में हुई इस मुलाकात के दौरान सौहरखा गांव के कई किसान और मूल काश्तकार मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व ऑडिट ऑफिसर (कैग) रतनपाल यादव, अमरपाल यादव, मामचंद यादव, मुखिया नरेश कुमार, विक्रम यादव और कैलाश यादव सहित अन्य ग्रामीण शामिल थे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि किसानों की लंबित आपत्तियों का निष्पक्ष और लिखित निस्तारण किया जाए।

विकास कार्यों के प्रति उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : धीरेंद्र सिंह

जेवर के विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में अन्य लंबित विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक विभागीय औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण कराते हुए लंबित निर्माण कार्यों को अविलंब प्रारंभ कराया जाए।

आज समाचार सेवा

जेवर। जेवर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति प्रदान करने तथा जनता को बेहतर आवागमन की सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से आज जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की अधिशासी अभियंता एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में विधायक ने विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एवं लंबित विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाए जाने के सख्त निर्देश दिए। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि जनता से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य पूर्ण नहीं किए जाते हैं, तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध शासन स्तर से सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। 'मझावली से ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले मार्ग का निर्माण 08 दिवस में होगा आरंभ' बैठक में जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने हरियाणा और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले मझावली पुल से ग्रेटर नोएडा तक बनने वाले संपर्क मार्ग के निर्माण में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को आगामी आठ दिवस के भीतर इस महत्वपूर्ण मार्ग का निर्माण कार्य आरंभ कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह मार्ग दोनों प्रदेशों के मध्य कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने के साथ-साथ क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 'जेवर-खुर्जा मार्ग आठ दिवस में बने आवागमन योग्य' इसी प्रकार जेवर से खुर्जा जाने वाले मार्ग पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी आठ दिवस के भीतर मार्ग को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन योग्य बनाया जाए, जिससे निर्माण कार्य के कारण आमजन, व्यापारियों, किसानों एवं विद्यार्थियों को हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। उन्होंने मार्ग के चौड़ीकरण कार्य को भी निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। जेवर के विधायक श्री धीरेन्द्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र में अन्य लंबित विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवश्यक विभागीय औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण कराते हुए लंबित निर्माण कार्यों को अविलंब प्रारंभ कराया जाए। इस अवसर पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि 'प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। जेवर विधानसभा क्षेत्र आज देश और दुनिया के आकर्षण का केंद्र बन चुका है। ऐसे में विकास कार्यों के प्रति किसी भी अधिकारी की उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। जनता ने हमें अपनी समस्याओं के समाधान और क्षेत्र के विकास के लिए चुना है। जनता के समय, सुविधाओं और हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को अपनी कार्यशैली में सुधार लाना होगा और विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्वक एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करना होगा। जो अधिकारी जनता से जुड़े कार्यों में लापरवाही बरतेंगे, उनकी जवाबदेही तय करते हुए उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। मेरा स्पष्ट मानना है कि विकास कार्यों में देरी केवल किसी परियोजना में देरी नहीं है, बल्कि यह जनता की अपेक्षाओं और क्षेत्र की प्रगति के साथ अन्याय है।'

जेवर विधायक ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि 'सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए तथा कार्यों की प्रगति से उन्हें समय-समय पर अवगत कराया जाए, जिससे किसी भी स्तर पर उत्पन्न होने वाली बाधाओं का तत्काल निस्तारण कराया जा सके।'

भाकियू लोकशक्ति की पहल पर साई क्रिएशन्स मामला सुलह से समाप्त, दुकानदार ने मानी गलती

आज समाचार सेवा

नोएडा। सेक्टर-18 स्थित साई क्रिएशन्स और उपभोक्ता के बीच चल रहा विवाद आज पंचायत में सुलह के साथ समाप्त हो गया। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया , जिसकी अध्यक्षता श्री चरण सिंह चौहान और संचालन श्री ओमप्रकाश गुर्जर ने किया, दुकानदार सार्वजनिक रूप से पंचायत में उपस्थित हुए। पंचायत में दुकानदार ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए खेद व्यक्त किया और उपभोक्ता को नई घड़ी बदल कर दी। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी बीसी प्रधान बरौला ने कहा - 'हमारा उद्देश्य किसी दुकानदार को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उपभोक्ता को न्याय दिलाना था। दुकानदार द्वारा गलती मानकर सम्मानजनक समाधान करना स्वागत योग्य कदम है। हम भविष्य में भी उपभोक्ता हितों के लिए खड़े रहेंगे।'



'संगठन ने सुलह के लिए दुकानदार का धन्यवाद किया और धरना शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त करने की घोषणा की। इस मौके पर मुख्य रूप से महानगर अध्यक्ष हरेन्द्र बैसोया, ओमदत्त चौहान, युवा अध्यक्ष राजकुमार मोनू, अरूण गौतम, सुनील बैसोया, महेश बैसोया, रोकी बैसोया, धर्मेन्द्र बैसोया, पम्मी गुर्जर, जोगेंद्र चपराना, प्रमोद प्रजापति,रामवीर तवंर ,सोनू बंसल संजीव चपराणा अंकित अवाना सोरव तवंर अभिषेक अवाना जीतसिंह जितेंद्र बैसोया लिलू चौहान, प्रवीन चौहान,निखिल बैसोया, अमरपाल बैसोया सिंधू ,धनंजय, कुलदीप, अरुण दादा, अरविंद जाटव, पुष्पेंद्र चौधरी, परमजीत तंवर इत्यादि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

जनपद स्तरीय युवा उत्सव का भव्य आयोजन

विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

आज समाचार सेवा

गौतमबुद्धनगर। विकसित भारत यंग लीडर कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल, सिरसा, ग्रेटर नोएडा में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर नेहरू युवा केंद्र, माय भारत के उपनिदेशक शिवेंद्र सिंह, प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अमृता चौधरी, ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल की प्रबंध निदेशिका नूतन भाटी, प्रधानाचार्य वंदना शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं विभिन्न विद्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभागी उपस्थित रहे। युवा उत्सव के अंतर्गत युवाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पांच



विधाओं में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें लोक नृत्य समूह, नुक्कड़ नाटक समूह, पेंटिंग, कविता लेखन एवं लोकगीत प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। जनपद के विभिन्न विद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी कला एवं कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों की जानकारी देते हुए प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अमृता चौधरी ने बताया कि नुक्कड़ नाटक समूह प्रतियोगिता में शारदा यूनिवर्सिटी ने प्रथम तथा ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल, खेड़ा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता में ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल, सिरसा ने प्रथम तथा गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के अखिल ने प्रथम, ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल, सिरसा की परीक्षा बंसल ने द्वितीय तथा इसी विद्यालय की आरुषि बंसल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में सिद्धि दात्री ने प्रथम, अशिका ने द्वितीय तथा श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं लोकगीत प्रतियोगिता में ऑक्सफोर्ड ग्रीन पब्लिक स्कूल के प्रवीण ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता जनपद स्तर पर आयोजित की गई है। जनपद स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागी आगामी मंडल स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभाग कर जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे। मंडल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता की तिथि पृथक से निर्धारित कर सूचित की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनमें रचनात्मकता, सांस्कृतिक चेतना, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अमृता चौधरी ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी अतिथियों, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

16 नवंबर से शुरू होगा जनगणना-2027 का स्व-गणना अभियान

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने आरडब्ल्यूए और एओए प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

एसीईओ ने की नागरिकों से परिवार का ऑनलाइन विवरण दर्ज करने की अपील

आज समाचार सेवा

ग्रेटर नोएडा। जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। जनगणना के दूसरे चरण के तहत एक दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 तक जनसंख्या की गणना का कार्य किया जाएगा। इससे पहले 16 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक आमजन को स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) की सुविधा दी जाएगी। इसके माध्यम से नागरिक घर बैठे ऑनलाइन पोर्टल पर अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के के सीईओ और नगर जनगणना अधिकारी सुमित यादव की अध्यक्षता में ओएसडी मुकेश कुमार



सिंह, ओएसडी अभिषेक पाठक और ओएसडी लवगीत कौर की मौजूदगी में बोर्ड रूम में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राधिकरण क्षेत्र की विभिन्न रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। नगर जनगणना अधिकारी ने सभी प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने-अपने सेक्टरों और आवासीय सोसायटियों में अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित करें, ताकि जनगणना में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। स्व-गणना के लिए नागरिकों को https//se.census.gov.in पोर्टल पर ब्यौरा देना होगा। सबसे पहले अपने राज्य का चयन कर पसंदीदा भाषा चुननी होगी। इसके बाद मोबाइल नंबर के माध्यम से ओटीपी सत्यापन करना होगा। पोर्टल पर परिवार के मकान और आवासीय स्थान से संबंधित जानकारी भरने के साथ परिवार के सभी सदस्यों का विवरण दर्ज करना होगा। फॉर्म पूरा करने के बाद उसे सबमिट करना होगा। स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी होने के बाद नागरिकों को एक विशेष स्व-गणना आईडी (SE ID) प्राप्त होगी। इसे सुरक्षित रखना अनिवार्य है। जनगणना कर्मी घर पहुंचकर इसी आईडी के माध्यम से दर्ज जानकारी का सत्यापन करेंगे। यदि आईडी का मिलान नहीं होता है तो परिवार के सदस्यों का विवरण दोबारा दर्ज किया जा सकता है।